हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • गुरुवार • 21.11.2024 • वर्ष : 15 • अंक : 119 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

# अंतिम चरण की 38 सीटों पर 68% मतदान

# ईवीएम में कैद अगली सरकार का भविष्य

## हेमन्त, बाबूलाल, कल्पना, दीपिका, सुदेश समेत कई दिग्गजों की किस्मत का फैसला 23 को

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान की बाद के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार एवं राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ए.वी. होमकर ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता की। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि दूसरे चरण में 38 विधानसभा सीट पर शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न हुए। कुछ बूथों पर आपसी झड़प हुई। उन्होंने बताया कि 14219 बूथों पर हुए मतदान केंद्र से मतदान के बाद मतदाता कर्मी स्ट्रांग रूम में वापस लौट रहे हैं। उन्होंने बताया शाम 5 बजे तक 67.59 फीसदी मतदान हुआ है। देर रात तक क्लोजर रिपोर्ट जारी किया जाएगा।

पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर ने कहा कि 12 जिलों में 38 विधानसभा सीट पर शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। पोलिंग पार्टियों की लौटने की प्रक्रिया चल रही है। सभी की मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण में 14219 मतदान केंद्र में से 891 नक्सली पॉइंट ऑफ व्यू से क्रिटिकल बूथ थे, जो गिरिडीह और हजारीबाग जिला में अवस्थित थे। वहीं 6828 बूथ को क्रिटिकल बूथ की श्रेणी में रखा गया था। दूसरे चरण में केंद्रीय सैनिक बलों की तैनाती की गई थी। इस फेस में 585 केंद्रीय सैनिक बल, राज्य सशस्त्र बल के 60 कंपनियां, राज्य पुलिस बल और होमगार्ड के 26000 हजार जवान डिप्युट किए गए थे। इसके साथ 528 उम्मीदवारों की किस्मत भी इवीएम में बंद हो गई। अब किसके सिर जीत का सेहरा बंधेगा, इसका फैसला 23 नवंबर को होगा।






दूसरे चरण में किस्मत आजमा रहे 528 उम्मीदवार में 472 पुरुष और 55 महिला उम्मीदवार हैं। एक जेंडर उम्मीदर भी चुनावी अखाड़े में है। राष्ट्रीय दल से 73 प्रत्याशी हैं, जिनमें 60 पुरुष और 13 महिलाएं हैं। मान्यता प्राप्त राज्यस्तरीय झारखंड की पार्टियों के 28 उम्मीदवार भी चुनावी रण में हैं। इसमें 23 पुरुष और पांच महिला उम्मीदवार शामिल हैं। निर्दलीय उम्मीदवारों की संख्या 257 है।

### इन दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर

दूसरे चरण में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, पूर्व डिप्टी मुख्यमंत्री सुदेश महतो, विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो सहित चार कैबिनेट मंत्रियों इरफान अंसारी, हफीजुल हसन, दीपिका पांडेय सिंह और बेबी देवी की किस्मत का फैसला होगा। इनके अलावा कल्पना सोरेन, सीता सोरेन, लुईस मरांडी और लोबिन हेंब्रम पर भी सभी की नजरें टिकी होंगी। दूसरे चरण में 11 पूर्व मंत्री भी चुनावी अखाड़े में हैं। स्टीफन मरांडी, हेमलाल मुर्मू, बसंत सोरेन, लुईस मरांडी, बादल पत्रलेख, रंधीर सिंह, सुरेश पासवान, प्रदीप यादव, जेपी पटेल, मथुरा महतो और जलेश्वर महतो की भी किस्मत का फैसला होगा।

### 38 सीटों पर मतदान प्रतिशत

| | |
|---|---|
| महेशपुर - 79.4 | खिजरी- 69.2 |
| नाला- 78.75 | गोड्डा- 68.39 |
| सारठ - 77.94 | पोड़ैयाहाट- 68.35 |
| सिल्ली- 76.7 | गोमिया- 67.68 |
| मधुपुर - 75.72 | गिरिडीह- 67.12 |
| पाकुड़- 75.05 | बरहेट- 66.13 |
| शिकारीपाड़ा- 74.31 | देवघर- 65.76 |
| जामताड़ा- 74.21 | बोरियो- 65.72 |
| लिट्टीपाड़ा- 73.05 | राजमहल- 65.25 |
| गांडेय- 72.83 | महगामा- 65.11 |
| चंदनक्यारी- 72.13 | बगोदर- 64.99 |
| रामगढ़- 71.98 | मांडू- 64.41 |
| जामा- 71.27 | बाघमारा- 64.01 |
| जरमुंडी- 71.22 | बेरमो- 63.58 |
| टुंडी- 71.12 | धनवार- 60.87 |
| सिंदरी- 70.87 | जमुआ- 60.06 |
| डुमरी- 70.7 | झरिया- 55.23 |
| दुमका- 70.39 | धनबाद- 52.31 |
| निरसा- 70.25 | बोकारो- 50.52 |

## अद्भुत रहा लोकतंत्र का महापर्व, यह चुनाव सशक्त झारखंड के निर्माण का संकल्प है : सीएम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** चुनाव संपन्न होने के बाद हेमन्त सोरेन ने कहा कि झारखण्ड की पावन धरती पर लोकतंत्र का यह महापर्व अद्भुत रहा। दोनों चरणों में राज्य की जनता ने अपनी आकांक्षाओं और आशाओं को मतदान के माध्यम से अभिव्यक्त किया है। यह केवल एक चुनाव नहीं, बल्कि एक नए, समृद्ध और सशक्त झारखण्ड के निर्माण का संकल्प है। सोरेन ने कहा कि बुजुर्ग, युवा, श्रमिक, महिला, किसान सभी ने उत्साह और उमंग के साथ लोकतंत्र के इस महापर्व में अपना अभूतपूर्व आशीर्वाद दिया। खासकर, राज्य की आधी आबादी हमारी मंईयां ने बढ़-चढ़कर अपने हक अधिकार, मान और सम्मान के लिए ऐतिहासिक रूप से झामुमो और इंडिया गठबंधन को अपना असीम आशीर्वाद दिया। हम दृढ़ता से प्रण लेते हैं कि अमर वीर शहीदों के बलिदान को साकार करेंगे। महान क्रांतिकारियों के सपनों को पूरा करेंगे। आंदोलनकारियों की आकांक्षाओं को मूर्त रूप देंगे और मिलकर बनाएंगे एक नया, सोना झारखण्ड। इस पावन अवसर पर मैं नतमस्तक हूं प्रत्येक मतदाता के प्रति, कर्तव्यनिष्ठ मतदानकर्मियों के प्रति, झामुमो और इंडिया गठबंधन के समर्पित कार्यकताओं के प्रति और उन सभी राजनीतिक दलों के प्रति, जिन्होंने लोकतंत्र को मजबूत किया है।

## प्रदूषण के मद्देनजर दिल्ली सरकार का बड़ा कदम, 50 फीसदी कर्मचारी घर से करेंगे काम

**नयी दिल्ली :** राजधानी में वायु प्रदूषण की गंभीर स्थिति को देखते हुए दिल्ली सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। इसकी जानकारी साझा करते हुए पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने पत्रकारों को बताया कि प्रदूषण कम करने के लिए ग्रैप-4 के प्रावधानों के तहत सरकार ने कई कदम उठाये हैं। उसी क्रम में बुधवार को दिल्ली सरकार ने निर्णय लिया है कि अब 50 फीसदी कर्मचारी फिलहाल घर से काम करेंगे। गोपाल राय ने बताया कि अब दिल्ली सरकार के कार्यालय 50 प्रतिशत कर्मचारी क्षमता से खुलेंगे जबकि 50 प्रतिशत कर्मचारी वर्क फ्रॉम होम करेगें। आवश्यक सेवाओं वाले 18 विभागों में वर्क फ्रॉम होम लागू नहीं होगा। इसके इम्प्लीमेंटेशन के लिए पर्यावरण विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग और औद्योगिक संघ फिक्की, एसोचैम और सीआईआई के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक दिल्ली सचिवालय में हुई। उन्होंने बताया कि प्राइवेट संस्थानों के लिए भी 50 प्रतिशत वर्क फ्रॉम होम करने के लिए निर्देश जारी किया जा रहा है। प्राइवेट संस्थान अपना कार्यालय खोलने का समय 10 .30 बजे या 11 बजे रखेंगे। साथ ही अधिक स्टॉफ संख्या वाली प्राइवेट कंपनियां अपने कर्मचारियों के लिए शटल बस सेवा शुरू करें तो अच्छा रहेगा। इसके लिए भी एडवाइजरी जारी की जा रही है। दिल्ली नगर निगम के कार्यालय सुबह 8 :30 बजे से शाम 5 बजे तक और दिल्ली सरकार के दफ्तर सुबह 10 बजे से शाम 6 :30 बजे तक खुलेंगे जबकि केंद्र सरकार के कार्यालय अपने पूर्ववत समय के अनुसार ही खुलेंगे। पर्यवरण मंत्री ने कहा कि पूरे उत्तर भारत में बदलते मौसम में प्रदूषण का प्रभाव मारक होता जा रहा है। पूरा उत्तर भारत गंभीर प्रदूषण की चपेट में है। दिल्ली सरकार प्रदूषण को कम करने के लिए कई अभियान चला रही है, जैसे एंटी डस्ट अभियान, बायो डीकम्पोजर का छिड़काव, पौधरोपण अभियान और जागरूकता अभियान आदि।

## एग्जिट पोल में किसी ने एनडीए के तो किसी ने इंडिया गठबंधन के जीतने का किया दावा

- जी न्यूज नेटवर्क के एआई एग्जिट पोल के अनुसार जेएमएम गठबंधन को बढ़त।
- एक्सिस माई इंडिया के अनुसार इंडिया गठबंधन को पूर्ण बहुमत।
- मैट्रिज के अनुसार झारखंड में बीजेपी-एनडीए को पूर्ण बहुमत।

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए मतदान समाप्त होने के बाद अब नई सरकार गठन की संभावना पर चर्चा शुरू हो गई है। मतदान खत्म होने के बाद ज्यादातर एग्जिट पोल में एनडीए और इंडिया गठबंधन में कड़े मुकाबले की संभावना जताई गई है। ऐसे में झारखंड में हेमन्त सोरेन के एक बार फिर से मुख्यमंत्री बनने की चर्चा भी है। वहीं एनडीए को बहुमत मिलने की स्थिति में बीजेपी की ओर से आदिवासी चेहरे में पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी समेत कई नामों की चर्चा है।

जी न्यूज नेटवर्क के एआई टेक्नोलॉजी के एग्जिट पोल के अनुसार झारखंड में जेएमएम नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन को मामूली बढ़त हासिल हो रही है। वहीं एनडीए को 36 से 41 सीटें तो हेमंत सोरेन को 39 से 44 सीटें हासिल हो सकती हैं।

झारखंड में एक्सिस माई इंडिया एग्जिट पोल के अनुसार इंडिया गठबंधन को 45 प्रतिशत वोट मिलने का अनुमान है। जबकि एनडीए को 37 प्रतिशत, जेएलकेएम को 8 और अन्य को 10 प्रतिशत वोट मिलने का अनुमान है। माई एक्सिस इंडिया पोल के नअुसार इंडिया गठबंधन को 47 प्रतिशत महिला और 43 प्रतिशत पुरुष मतदाताओं की ओर से वोट किए जाने की संभावना है। इसी तरह से एनडीए को 35 प्रतिशत महिला और 39 प्रतिशत पुरुष मतदाताओं की ओर से वोट दिए जाने की संभावना है।

मैट्रिज के एग्जिट पोल में बीजेपी-एनडीए गठबंधन को 42 से 47 सीटें मिलने का अनुमान है। वहीं जेएमएम-कांग्रेस इंडिया गठबंधन को 25 से 30 सीटें और अन्य को 1 से 4 सीटें मिल सकती है।

## रूस का खौफ : अमेरिका के बाद इटली-स्पेन और ग्रीस ने भी कीव में दूतावास किए बंद



एजेंसी

**कीव :** रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान सुरक्षा स्थिति तेजी से बिगड़ रही है। हाल ही में इटली, स्पेन और ग्रीस ने संभावित बड़े हमले की चेतावनी के चलते कीव में अपने दूतावास अस्थायी रूप से बंद कर दिए हैं। यह कदम अमेरिका द्वारा अपने नागरिकों को यूक्रेन छोड़ने की चेतावनी के बाद उठाया गया। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध 21 महीने से जारी है। रूस ने हाल के हफ्तों में यूक्रेन के कई शहरों पर भारी मिसाइल और ड्रोन हमले किए हैं। खुफिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रूस कीव पर बड़ा हमला करने की योजना बना रहा है।

इन चेतावनियों के चलते पश्चिमी देशों ने अपने नागरिकों और दूतावास कर्मियों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी है। सबसे पहले अमेरिका ने कीव में अपने दूतावास को खाली करने की घोषणा की और अपने नागरिकों को तुरंत यूक्रेन छोड़ने का निर्देश दिया। इटली ने अपने राजनयिकों और स्टाफ को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करने का निर्णय लिया। इन दोनों देशों ने भी अमेरिकी चेतावनी के बाद अपने दूतावास बंद कर दिए हैं। खुफिया एजेंसियों ने संकेत दिया है कि रूस कीव पर एक बड़ा हमला कर सकता है। हाल ही में कीव और अन्य शहरों पर हुए हमले से व्यापक विनाश हुआ है।

### एक नजर


## महाराष्ट्र पुलिस ने की 10 हजार किलो चांदी की ईंटें जब्त

**मुंबई :** महाराष्ट्र के धुले जिले में पुलिस की टीम ने बुधवार को 10 हजार किलो चांदी की ईंटें जब्त की हैं। जब्त की गई चांदी की ईंटों की कीमत कुल 94 हजार 68 लाख रुपये आंकी गई है। इस मामले की धुले पुलिस स्टेशन की टीम गहन छानबीन कर रही है। पुलिस के अनुसार धुले पुलिस स्टेशन की टीम को बड़े पैमाने में शहर में चांदी आने की गोपनीय जानकारी मिली थी। इसी जानकारी के आधार पर पुलिस ने नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहन की तलाशी ली। तलाशी के बाद वाहन में चांदी की ईंटें मिली, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है।

## आतंकी हमलों से दहला पाकिस्तान, 17 सैनिकों की मौत

एजेंसी

**खैबर पख्तूनख्वा :** पाकिस्तान में आतंकी हमलों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। 24 घंटे में यह दूसरी बड़ी घटना हुई है जिसने पाकिस्तान को आतंकी हमलों से दहलाकर रख दिया है। हाल ही में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बन्नू इलाके में हुए आत्मघाती हमले में पाकिस्तानी सेना के 17 जवानों की जान चली गई। यह हमला तब हुआ जब एक आतंकवादी ने विस्फोटक से भरे वाहन को सेना की चेकपोस्ट से टकरा दिया। इस हमले के बाद इलाके में हड़कंप मच गया।



### कैसे हुआ हमला?

यह हमला बन्नू इलाके की माली खेल चौकी पर हुआ। आतंकवादी ने विस्फोटक से भरा वाहन चेकपोस्ट के पास ले जाकर उड़ा दिया। धमाके से चेकपोस्ट के साथ-साथ कई सैन्य वाहन भी नष्ट हो गए। इस हमले में पाकिस्तानी सेना के 10 और फ्रंटियर कांस्टेबुलरी के 2 जवानों की जान चली गई। इसके अलावा 7 अन्य लोग घायल हुए हैं।

वहीं हमले के तुरंत बाद आतंकियों ने चेकपोस्ट पर गोलियां भी चलाईं। हालांकि, पाकिस्तानी सुरक्षाबलों की जवाबी कार्रवाई में 6 आतंकवादी मारे गए। हाफिज गुल बहादुर समूह ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है।

### एक दिन पहले भी हुआ था हमला

इससे पहले भी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पाकिस्तानी सेना पर हमला हुआ था। उस हमले में 8 सैनिक मारे गए थे और 9 आतंकवादी भी ढेर हुए थे। इस घटना की जिम्मेदारी तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान ने ली थी।

### पाकिस्तान में बढ़ रही आतंकवादी घटनाएं

आतंकवादी गतिविधियों में तेजी आने के पीछे बड़ा कारण अफगानिस्तान में तालिबान का सत्ता में आना बताया जा रहा है। तालिबान के 2021 में काबुल पर कब्जा करने के बाद से पाकिस्तान के सीमावर्ती इलाकों में आतंकवादी हमले बढ़ गए हैं।

### सरकार की नई रणनीति

हाल ही में पाकिस्तान की सरकार ने बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में आतंकवादियों के खिलाफ बड़े सैन्य अभियान की मंजूरी दी है। यह कदम बढ़ते उग्रवाद और आतंकी हमलों की घटनाओं को रोकने के लिए उठाया गया है।

### सुरक्षा पर उठ रहे सवाल

लगातार हो रहे हमलों से पाकिस्तान की सुरक्षा नीति पर सवाल खड़े हो रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर आतंकवाद पर जल्द काबू नहीं पाया गया, तो इससे देश की स्थिति और गंभीर हो सकती है। यह घटनाएं साफ तौर पर बताती हैं कि पाकिस्तान को आतंकी संगठनों के खिलाफ ठोस और प्रभावी कदम उठाने की जरूरत है।

## लातेहार में उग्रवादियों ने पांच ट्रकों में लगा दी आग, पर्चा फेंक कंपनी को दी धमकी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**लातेहार :** लातेहार जिले के हेरहंज थाना क्षेत्र अंतर्गत लात जंगल में मंगलवार की रात झारखंड प्रस्तुति कमेटी के उग्रवादियों ने पांच ट्रकों में आग लगा दी। सभी ट्रक लातेहार के तुबेद कोलियरी से कोयला परिवहन करते थे। उग्रवादियों ने इस दौरान जमकर फायरिंग भी की। उग्रवादियों द्वारा पर्चा फेंक कर घटना की जिम्मेदारी ली गई है।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात बालूमाथ साइडिंग में कोयला डंप कर ट्रक वापस कोलियरी की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान लात जंगल में लगभग 12 की संख्या में उपस्थित हथियारबंद उग्रवादियों ने ट्रकों को रोक लिया। चालकों के साथ मारपीट करने के बाद सभी चालक को वाहन से उतार कर ट्रकों में आग लगा दी। उग्रवादियों ने इस दौरान दहशत फैलाने के लिए लगभग 15 राउंड फायरिंग भी की।



उसके बाद पर्चा फेंक कर उग्रवादियों ने कोयला कंपनी को धमकी दी कि बिना संगठन से वार्ता किए काम किया तो अंजाम बुरा होगा। घटना को अंजाम देने के बाद उग्रवादी वहां से फरार हो गए।

इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की छानबीन आरंभ कर दी है। एसपी कुमार गौरव ने बताया कि जेपीसी उग्रवादी संगठन ने इस घटना को अंजाम दिया है। पुलिस इलाके को सील कर उग्रवादियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी आरंभ कर दी है। जल्द ही अपराधी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# द्वितीय चरण के मतदान में मांडू विस क्षेत्र में 64.97 प्रतिशत हुई वोटिंग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** विधानसभा निर्वाचन 2024 के तहत द्वितीय चरण का मतदान आज 20 नवंबर को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। 24 मांडू विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण, स्वतंत्र, पारदर्शी एवं भयमुक्त वातावरण में मतदान संपन्न कराया गया। मतदान के समापन के उपरांत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने बताया कि शाम 5:00 बजे तक प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार 64.97% मतदान हुए है। कई बूथों पर मतदाता कतारबद्ध थे जिन्हें मतदान कराया जा रहा है,अभी अद्यतन मतदान प्रतिशत का रिपोर्ट आना शेष हैं। पूरी निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न होने के बाद विस्तृत रिपोर्ट को भारत

**▸ संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय या विधि व्यवस्था से संबंधित घटना नहीं घटी है : उपायुक्त**

निर्वाचन आयोग के वेबसाइट पर भी देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि संपूर्ण निर्वाचन की प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय या विधि व्यवस्था से संबंधित घटना नहीं घटी है। सभी मतदान कर्मी देर शाम तक बाजार समिति, हजारीबाग के स्ट्रॉन्ग रूम में पोल्ड ईवीएम को सुरक्षित जमा कर देंगे।

बाजार समिति में बने के स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण करने पहुंची उपायुक्त 20 नवंबर को 24 मांडू विधानसभा में मतदान समापन




की ओर है। समापन के उपरांत सभी मतदान कर्मी पोल्ड ईवीएम को बाजार समिति में बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम में जमा करेंगे। इस प्रक्रिया में कोई असुविधा न हो इसको लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने बाजार समिति, हजारीबाग का भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने ईवीएम जमा करने की प्रक्रिया में सभी आवश्यक सावधानियां बरतने का निर्देश दिया। इस दौरान उप विकास आयुक्त, जिला भू अर्जन पदाधिकारी, उप निर्वाचन अधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी व अन्य मौजूद रहे।

# बालक की इलाज के दौरान मौत, निर्दलीय प्रत्याशी अविनाश चंद्रवंशी ने दिलाया न्याय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** चौपारण थाना क्षेत्र में मानवीय संवेदनाओं को झकझोर देने वाली एक घटना सामने आई है। मानगढ़ लोहड़ी की रहने वाली रिता देवी की 12 वर्षीय नातिन सौरव कुमार पिता अरुण कुमार का इलाज रांची के राज अस्पताल में चल रहा था। परिजनों ने बताया कि गंभीर स्थिति में भर्ती सौरव का तीन दिन पहले निधन हो गया था, लेकिन इसके बावजूद अस्पताल प्रबंधन ने परिजनों से इलाज के लिए बकाया बिल चुकाने की मांग की। दुखी परिवार को न केवल अपने बच्चे के खोने का गम सहना पड़ा, बल्कि अस्पताल प्रबंधन के कठोर रवैये से भी जूझना पड़ा। अस्पताल द्वारा मृतक बच्चे के शव को रोककर बिल भरने का दबाव बनाया जा रहा था। ऐसी स्थिति में परिवार



ने मदद के लिए चौपारण के सामाजिक कार्यकर्ता और सह बरही के निर्दलीय प्रत्याशी अविनाश आर्या चंद्रवंशी से संपर्क किया। घटना की जानकारी मिलते ही अविनाश आर्या चंद्रवंशी ने अपनी टीम के साथ तुरंत अस्पताल का रुख किया। उन्होंने स्थानीय प्रशासन और मीडिया का सहारा लेकर अस्पताल प्रबंधन पर दबाव बनाया। त्वरित कार्रवाई के तहत, अस्पताल का पूरा बकाया बिल माफ करवाया गया। इसके बाद बच्चे का शव परिजनों को सौंप दिया गया और उसे उनके गांव तक सुरक्षित पहुंचाने का इंतजाम भी किया गया। इस घटना के बाद अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही और अमानवीय व्यवहार के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है। स्थानीय प्रशासन ने मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। इस घटनाक्रम ने स्थानीय जनता के बीच सामाजिक कार्यकर्ता अविनाश आर्या चंद्रवंशी की छवि को और मजबूत किया है। लोगों ने उनकी तत्परता, संवेदनशीलता और मानवीय प्रयासों की खुलकर सराहना की। अविनाश आर्या चंद्रवंशी जैसे सामाजिक कार्यकर्ता इस बात का उदाहरण हैं कि सही समय पर की गई कोशिश कैसे बड़ी समस्याओं का समाधान कर सकती है।

# चतरा उपायुक्त ने मतगणना की तैयारियों की समीक्षा की

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चतरा :** जिले के सिमरिया और चतरा विधानसभा क्षेत्रों में 20 नवंबर को मतदान निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इसकी मतगणना चतरा कॉलेज चतरा में होनी है। इसकी तैयारियों की समीक्षा समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में बुधवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में की गई। बैठक में मुख्य रूप से नियुक्त किए गए पदाधिकारियों एवं कर्मियों को दिए गए दायित्वों, पेयजल की व्यवस्था, साफ-सफाई, विद्युत की व्यवस्था, मतगणना कक्ष में बहाल की जा रही मूलभूत सुविधाएं, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी लगाने का कार्य, परिचय पत्र वितरण समेत अन्य आवश्यक बिंदुओं की क्रमवार समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कहा कि सिमरिया और चतरा विधानसभा क्षेत्र के लिए एक एक मतगणना कक्ष रहेगा। सिमरिया विधानसभा क्षेत्र का मतगणना 24 राउंड एवं चतरा विधानसभा क्षेत्र का मतगणना 27 राउंड में होगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रशिक्षण कोषांग के अधिकारियों को सभी तरह के प्रशिक्षण की समीक्षा करते हुए कहा कि ससमय जल्द से जल्द गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण का कार्य पूर्ण करा लिया जाय, जिससे मतगणना के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या ना हो। जिनकी भी प्रतिनियुक्ति 23 नवंबर मतगणना के दिन के लिए चतरा कॉलेज चतरा में की गई है, वो मतगणना के दिन समय से पूर्व अपने स्थल पर पहुंच दिए गए दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करें। मतगणना के लिए की जा रही आवश्यक सभी तैयारियों को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। मतगणना केंद्र में खैनी, तंबाकू समेत सभी प्रकार के नशीले पदार्थ एवं इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस यथा मोबाइल, लैपटॉप समेत अन्य पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

# दुलमी व अनगड़ा में वोट बहिष्कार अफसरों के मनाने के बाद हुई वोटिंग




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ के दुलमी और खिजरी के अनगड़ा में ग्रामीणों ने अपनी लंबी मांगों को लेक वोट बहिष्कार किया। दोनों ही जगह लगभग एक घंटे तक नहीं के बराबर वोटिंग हुई। रामगढ़ के दुलमी प्रखंड के बूथ नंबर 184 और 185 में वोट करने वाले मतदाताओं ने बताया कि 1991 से लोगों की जमीन की रशीद नहीं कट रही है। वोट बहिष्कार की सूचना पर रामगढ़ के डीडीसी ने वहां पहुंच कर ग्रामीणों को मनाया। ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि जमीन की रशीद कटनी शुरू हो जाएगी। डीडीसी के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने 10-15 बजे मतदान शुरू कर दिया। खिजरी विधानसभा क्षेत्र के अनगड़ा स्थित सिरका मेढेटुंगरी में ग्रामीणों ने सड़क की मांग को लेकर वोट बहिष्कार किया। सिरका मेढेटुंगरी बूथ में सुबह सात से आठ बजे तक सिर्फ 13 लोगों ने ही वोट डाला था। वोट बहिष्कार की सूचना पाकर थाना प्रभारी और बीडीओ वहां पहुंचे। काफी समझाने के बाद ग्रामीणों से मतदान शुरू किया।

# रामनारायण यादव मेमोरियल में जनजातीय जागरूकता दिवस का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** रामनारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय में जनजातीय जागरूकता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता और महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विमल किशोर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत तभी प्रगति करेगा जब जनजातीय समाज जागरूक होगा। उन्होंने कहा कि सरकार वर्षों से आरक्षण जैसी सुविधाएं प्रदान कर रही है, लेकिन जनजातीय समाज अब भी पिछड़ा हुआ है। उन्होंने जनजातीय समुदाय को शिक्षा, कौशल विकास, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक क्षेत्रों में सक्रिय भागीदारी की अपील की। उन्होंने कहा कि जागरूकता के बिना समावेशी विकास संभव नहीं है। कार्यक्रम में एनएसएस और इतिहास विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. अरुणा




रानी ने भगवान बिरसा मुंडा के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि उन्होंने आदिवासी समाज और देश को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बिरसा मुंडा न केवल स्वतंत्रता सेनानी थे, बल्कि आदिवासी समाज के उत्थान के प्रेरणास्त्रोत भी हैं। डॉ. रानी ने बताया कि जनजातीय जागरूकता दिवस की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सहयोग से 2021 में हुई थी। इस अभियान के तहत 15 से 26 नवंबर के बीच देश के सभी शैक्षणिक संस्थानों में यह दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. ब्रह्मदेव मोदी ने किया। उन्होंने छात्रों से अपील की कि जनजातीय जागरूकता दिवस के तहत आयोजित कला, निबंध, पेंटिंग, नृत्य, नुक्कड़ नाटक और कौशल विकास जैसे आयोजनों में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें।

# दूसरे चरण का मतदान संपन्न, 23 नवंबर को आएंगे नतीजे

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। इस चरण में कुल 38 विधानसभा सीटों पर वोट डाले गए। चुनाव आयोग ने मतदान प्रक्रिया को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे, जिसके चलते कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

**राजनीतिक दलों के बीच कड़ा मुकाबला**

इस चरण में प्रमुख राजनीतिक दलों के साथ-साथ निर्दलीय उम्मीदवारों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। विभिन्न दलों ने अपनी-अपनी जीत का दावा किया है और मतगणना के नतीजों पर सबकी




निगाहें टिकी हुई हैं। इन 38 सीटों के नतीजे राज्य में सरकार बनाने की दिशा में निर्णायक साबित हो सकते हैं।

**सरकार बनाने के लिए 41 सीटों की जरूरत**

राज्य में कुल 81 विधानसभा सीटें हैं और सरकार बनाने के लिए किसी भी दल या गठबंधन को 41 सीटों का बहुमत हासिल करना जरूरी है। पहले चरण की वोटिंग के बाद अब दूसरे चरण के मतदान ने चुनावी माहौल को और रोमांचक बना दिया है।

**बरही सीट पर बढ़ी उत्सुकता**

बरही विधानसभा क्षेत्र में किसके सिर जीत का ताज सजेगा, इस पर सभी की नजरें हैं। स्थानीय स्तर पर इस सीट को अहम माना जा रहा है, और यहां मतदाताओं का रुझान आगामी सरकार की तस्वीर को प्रभावित कर सकता है।

**इंडिया महागठबंधन बनाम भाजपा**

इस बार का चुनाव मुख्य रूप से इंडिया महागठबंधन और भाजपा के बीच सीधा मुकाबला माना जा रहा है। दोनों दलों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है और अब यह देखना दिलचस्प होगा कि जनता किसे अपना प्रतिनिधि चुनती है।

**नतीजों का इंतजार**

23 नवंबर को चुनाव परिणाम की घोषणा होगी, जो यह तय करेगी कि राज्य में सत्ता की कुंजी किसके हाथ जाएगी। राजनीतिक विश्लेषकों और जनता के बीच उत्सुकता चरम पर है, क्योंकि इन नतीजों के बाद ही अगली सरकार की तस्वीर साफ हो पाएगी।

## एक नजर

### नियम कानून के विरुद्ध चलाया जा रहा अवैध पत्थर माइंस : सीओ

**चौपारण :** अंचलाधिकारी संजय कुमार यादव ने प्रखंड में चल रहे दर्जनों अवैध पत्थर क्रेशर एवं माइंस का जांच कर कई खुलासा किया है। सीओ यादव ने बुधवार को ताजपुर पंचायत के सियरकोनी में चल रहा क्रेशर और माइंस की जांच करने पहुंचे। जांच के क्रम में पाया गया कि नियम कानून को ताक पर रख कर क्रेशर व माइंस चलाया जा रहा है। क्रेशर में न तो कोई बोर्ड लगा है और न ही किसी प्रकार का कागजात उपलब्ध है। सीओ ने क्रेशर व माइंस में काम कर रहे मजदूरों से पूछताछ करने पर पता चला कि क्रेशर एवं माइंस का संचालन नकीब खान कर रहा है। साथ ही सीओ ने कहा कि ढाब सलौनीय में भी दर्जनों क्रेशर एवं माइंस गलत तरीके से चल रहा है। जिसका विस्तृत जांच किये जाएगा।

### रामगढ़ में 72.38 फीसदी मतदान

**रामगढ़ :** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न हो गया। यहां रिकॉर्ड 72.38 फीसदी मतदाताओं ने वोट डाला है। डीसी चंदन कुमार ने बुधवार की शाम प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बताया कि मतदाताओं ने पिछले सारे चुनाव के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं और एक नया रिकॉर्ड कायम किया है। सबसे बड़ी बात यह है कि शांतिपूर्ण और स्वच्छ माहौल में बिना किसी मतभेद के यह चुनाव संपन्न हुआ। किसी बूथ पर अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। इस विधानसभा क्षेत्र में 258393 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। सबसे अधिक मतदान दुलमी प्रखंड में हुआ है। यहां 79.99 फीसदी मतदाताओं ने वोट डाले हैं। इसके बाद गोला प्रखंड में 76.70 फीसदी, चितरपुर प्रखंड में 70.89 फीसदी तथा रामगढ़ शहर में 66.34 फीसदी मदाताओं ने वोट डाला है। सभी प्रखंडों में मतदान का प्रतिशत बढ़ा है। यदि पिछले उपचुनाव के आंकड़ों पर गौर करें तो इस बार 4 फीसदी अधिक मतदान हुआ है।

### मुखिया ने सड़क के गड्ढे को दुरुस्त करवाया



**चौपारण :** प्रखंड पंचायत सिंघरावा के ग्राम डुमरी में मुखिया बिरेंद्र रजक ने सड़क के गड्ढे को भरवाया। मुखिया ने बताया कि चक मालिकाना जाने वाला रास्ता में गड्ढा हो जाने के कारण राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। दर्जनों मोटरसाइकिल, टेम्पू सवार सड़क के गड्ढे के कारण अनियंत्रित होकर दुर्घटना का शिकार हो रहे थे। जिसकी सूचना मुझे मिलते ही मैने अपने निजी खर्च से ढाब थाम से डस्ट मंगवाकर गड्ढे को भरवाया। ताकि दुर्घटना से लोग बच सके।

### उपायुक्त एवं एसपी ने दिया वोट

**बोकारो :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) विजया जाधव ने अपने मतदान केंद्र (कैंप -2 स्थित अंकुर पब्लिक स्कूल) पर अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। डीसी सह डीईओ ने आम जनों से कहा कि मैन वोट किया, क्या आपने वोट किया। लोकतंत्र के इस महापर्व में शामिल हो और अपने मताधिकार का इस्तेमाल करें। वहीं पुलिस अधीक्षक बोकारो मनोज स्वर्गियारी ने अपने मतदान केंद्र (कैंप -2 स्थित अंकुर पब्लिक स्कूल) पर अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। एसपी ने आम जनों से कहा कि मैन वोट किया, क्या आपने वोट किया। लोकतंत्र के इस महापर्व में शामिल हो और अपने मताधिकार का इस्तेमाल करें।

## संक्षिप्त खबरें

### आसपास की भूमि पर पेड़ लगाकर वातावरण को बनाएं शुद्ध : वनपाल पंकज



**चौपारण :** प्रखंड के चतरा मोड़ समीप जंगल संबंधित पांच विभाग है। जिसमे गौतम बुद्धा वन्यप्राणी आश्रयणी, प्रादेशिक वन प्रक्षेत्र, वन निगम, सामाजिक वाणिकी वन प्रक्षेत्र एवं वन रोपण प्रक्षेत्र चौपारण है। इन पांच विभाग में तीन सुषुप्ता अवस्था मे है। जो चौपारण में एक भी काम जनहित में नही कर रहा है। जबकि गौतम बुद्धा वन्यप्राणी आश्रयणी विभाग अपना वजूद खोता जा रहा है। इस क्षेत्र के जंगली भूमि को अफीम तस्करों ने कब्जा जमा कर अवैध तरीके से अफीम उपजा रहे हैं। वही प्रादेशिक वन प्रक्षेत्र के पंकज कुमार प्रभारी वनपाल का कमान संभालने के बाद हर दिन एक न एक नया कार्य कर आमजनो को जंगल के प्रति जागरूक कर रहे हैं। वे क्षेत्र में घूमकर फलदार पौधा लगा रहे हैं और कहते है कि दूसरा पौधा लगाने पर कुछ शरारती तत्व के लोग उखाड़ या बड़ा होने पर घरेलू उपयोग के लिए काट बर्बाद कर देते है। जबकि फलदार पेड़ लग जाने से लोग फल के लालच में बचाने का प्रयास करते हैं। उन्होंने आमजनो से अपील करते हुए कहा कि आप अपने आसपास बेकार पड़े भूमि पर पेड़ लगाकर वातावरण को शुद्ध बनाने में सहयोग करें। मौके पर वनकर्मी उपस्थित थे।

### मिशन होस्पिटल द्वारा 24 नवंबर को लगेगा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**हजारीबाग :** श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के सहयोग द्वारा संचालित संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल द्वारा 24 नवंबर 2024 दिन रविवार को नया बस स्टैंड समीप स्थित सी.एन.आई चर्च (डी. यू मिशन) में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाएगा। जिसमें अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। रैंडम ब्लड शुगर आरबीएस, ब्लड प्रेशर चेक एवं दवाइयाँ उपलब्ध कराया जाएगा। निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में मुफ्त दवाई, बी पी ब्लड प्रेशर, ब्लड सुगर एवं आरबीएस जांच मुफ्त होगा। समय सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 2:30 बजे तक शिविर संचालित रहेगा। श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने बताया कि वर्तमान दौर में चिकित्सा के क्षेत्र में मरीजों की परेशानी एवं आर्थिक बोझ को कम करने के उद्देश्य से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन समय- समय पर किया जा रहा है। विभिन्न विभाग के अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सा अपनी बहुमुल्य सेवाएं देंगे। निशुल्क शिविर के मदद से कई जरूरतमंद को लाभ मिलेगा। इस पहल से स्वास्थ्य क्षेत्र में लोगों को काफी राहत भी मिलेगा।

### रामगढ़ में जमकर हुई वोटों की बारिश 17 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद



**रामगढ़ :** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में बुधवार को हुए मतदान में जमकर वोट की बारिश हुई है। मतदाता सुबह 6:00 बजे से ही वोट डालने के लिए आतुर दिखे। शाम 5:00 बजे तक मतदाताओं की कतार बूथ पर लगी रही। 17 उम्मीदवारों के लिए जनता ने दिल खोलकर मतदान किया है। मतदान का यह प्रतिशत किसकी किस्मत चमकाएगा और किसकी किस्मत में हार लिखेगा, यह तो 23 नवंबर को तय होगा लेकिन जिस तरह मतदाता घर से बाहर निकले, उन्होंने इस चुनाव को असली उत्सव बना दिया है। लोकतंत्र के इस त्यौहार में जनता का हुजूम देख प्रत्याशी और चुनाव कार्य में लगे अधिकारी भी चकित रह गए हैं। इस चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार ममता देवी, आजसू उम्मीदवार सुनीता चौधरी और जेएलकेएम उम्मीदवार पनेश्वर महतो के बीच कड़ी टक्कर होती दिखाई दे रही है। रामगढ़ विधानसभा सीट पर बसपा से बीनू कुमार महतो, कांग्रेस से ममता देवी, आजसू से सुनीता चौधरी, अखिल भारतीय आरक्षित समाज पार्टी से अरिजीत कुमार, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) चतुर्भुज कश्यप, भारतीय राष्ट्रीय जन सेवा पार्टी से नीतेश कुमार सिन्हा, जेएलकेएम से पनेश्वर कुमार, लोकहित अधिकार पार्टी से फारूक अंसारी, आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) से उम्मीदवार मधु देवी, राष्ट्रीय समता दल से लाल किशुन प्रसाद, निर्दलीय कुंदन कुमार लहरी, गौतम कुमार पांडा, झालू करमाली, धर्मेंद्र प्रसाद, पंकज कुमार, ललिता देवी और सुशील कुमार चुनाव मैदान में हैं।

### रामगढ़ में बूथ पर आकर्षण का केंद्र बना सेल्फी प्वाइंट




**रामगढ़ :** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के बूथ पर बना सेल्फी प्वाइंट लोगों के आकर्षण का केंद्र है। मॉडल बूथ और महिला बूथ पर चुनाव आयोग के निर्देश पर बने सेल्फी पॉइंट पर लोगों ने खूब तस्वीर खिंचवाई। वोट डालने के बाद मतदाताओं ने इसका लुत्फ उठाया। युवा, बुजुर्ग और महिला मतदाताओं में इसका क्रेज रहा। यहां तक कि अधिकारी भी सेल्फी पॉइंट से दूर नहीं रह सके। छत्तरमांडू मतदान केंद्र पर लगभग सभी अधिकारियों के नाम वोटर लिस्ट में हैंए जितने भी अधिकारी इस बूथ पर वोट डालने गए उन्होंने भी सेल्फी ली और उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट किया।

### रामगढ़ से कांग्रेस उम्मीदवार ममता देवी ने सपरिवार किया मतदान



**रामगढ़ :** रामगढ़ विधानसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार ममता देवी ने पति बजरंग महतो के साथ राजकीय प्राथमिक विद्यालय डभातू के बूथ संख्या 336 पर मताधिकार का प्रयोग किया। ममता देवी के साथ उनके देवर संजय कुमार महतो और देवरानी डॉक्टर शालिनी प्रिया भी थीं। इस दौरान ममता देवी ने पूरे विधानसभा क्षेत्र की जनता से बढ़-चढ़कर मतदान करने की अपील की। साथ ही कहा कि इस बार महिलाओं का उन्हें भरपूर सहयोग मिलेगा।

# बाबूलाल मरांडी का दावा आ रही है एनडीए की सरकार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड विधानसभा का चुनाव आज संपन्न हो गया। इसके बाद बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रेस वार्ता की। इसमें उन्होंने कहा कि बरहेट का रिजल्ट आपको चौंका देगा। कहा कि हेमंत सोरेन चुनाव हारने वाले हैं। उनके खिलाफ पूरे चुनाव के दौरान वहां बहुत नाराजगी देखने को मिली। मरांडी ने आरोप लगाते हुए कहा कि बरहेट में पैसे बांटे गये, हथियार के बल पर लोगों को धमकी दी गयी, ऐसी शिकायत मिलती रही। इसे लेकर चुनाव आयोग को हमने शिकायत की है। उन्होंने आगे कहा कि बरहेट में वोटरों के नाम हटाये जाने की भी खबर मिली है। इससे पता चलता है कि हेमंत सोरेन डरे हुए हैं। बरहेट का ये हाल है। यहां तो निष्पक्ष होना चाहिये था। यहां तो कोई शिकायत नहीं होनी चाहिये थे। क्योंकि सीएम ने बहुत काम किया है, ऐसा कहा जा रहा है। मरांडी ने कहा कि बरहेट के विधायक यानी हेमंत सोरेन के प्रतिनिधि पंकज मिश्रा का नाम वोटर लिस्ट में दो जगह है, ये सूचना भी मिली है। मरांडी ने कहा, हालांकि ये जांच का विषय है। कहा कि पिता का नाम अलग है। चुनाव आयोग में इस बारे में शिकायत की गयी है। कहा, हेमंत ऐसा आचरण कर सकते हैं, सोचे नहीं थे। मरांडी नि कहा, हमारे पुराने बयान को आज प्रसारित किया गया, चुनाव के दिन। इसके नाम पर अपील की। वोटर को प्रभावित करने की हर कोशिश की गयी। इसी से परिणाम का अनुमान लगाया जा सकता है। कहा, जो सूचना मिल रही है उससे हेमंत सरकार जा रही है और बीजेपी की सरकार आ रही है। मौके पर मरांडी ने झारखंड के चुनाव प्रभारी और सह चुनाव प्रभारी कर्मशः शिवराज सिंह चौहान और हिमंता बिस्वा सरमा का आभार व्यक्ति किया। कहा कि इन दोनों ने दिनरात मेहनत की। साथ ही कहा कि देश के दूसरे राज्यों से भी नेता आये और हमें चुनाव में सहयोग, इन सभी का आभार।

## एक नजर

### किक्की सिंह ने अपना काव्य संग्रह "तेरे नाम" शिवराज सिंह चौहान को भेंट की



**रांची:** बुधवार को लेखिका किक्की सिंह ने अपनी काव्य संग्रह "तेरे नाम" केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान को भेंट में दी। इस अवसर पर जगन्नाथपुर थाना के सामने शिवराज सिंह चौहान द्वारा एक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें किक्की सिंह को भी सम्मिलित किया गया। दोनों ने मिलकर वृक्षारोपण किया और पौधों को जल अर्पित किया। किक्की सिंह के अब तक के सफर को जानकर शिवराज सिंह चौहान बहुत खुश हुए और उन्होंने कहा, बेटी तुम राज्य और देश का नाम रोशन कर रही हो। उन्होंने किक्की के अथक प्रयासों की सराहना करते हुए उनकी मां को भी धन्यवाद कहा। शिवराज सिंह चौहान को यह जानकर खुशी हुई कि किक्की सिंह झारखंड से मास कम्युनिकेशन और जर्नलिज्म में मास्टर्स करने वाली पहली छात्रा हैं।

### अपराधी को पकड़ने बाराती बनकर पहुंचे कोतवाली डीएसपी



**रांची :** रांची में ठीक छह साल पहले गैंगवार में कुख्यात अपराधी सोनू इमरोज की हत्या डेली मार्केट के पास टैक्सी स्टैंड में दिनदहाड़े कर दी गई थी। इस हत्याकांड में शामिल फरार एक अपराधी 6 साल बाद रांची पुलिस के हत्थे चढ़ा है। दरअसल रांची के कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के एक फोन आया जिसमें कहा गया कि कुख्यात सोनू इमरोज को मारने वाला गुड्डू और शमशेर रांची में है। दोनों हिंदपीढ़ी में एक बारात में बाराती बनकर पहुंचे हैं। इस बात की जानकारी डीएसपी ने तुरंत बड़े अधिकारियों को दी। आला अधिकारियों ने ऑर्डर दिया कि दोनों को पकड़ लिया जाए। इसके बाद DSP प्रकाश सोय ने ने भी नॉर्मल कपड़े पहन लिये और अपनी टीम के साथ बताये गये ठिकाने पर बाराती बनकर पहुंच गये। टीम भी घर के कपड़ों में ही थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मोस्ट वांटेड गुड्डू उर्फ मो इमरान को पकड़ लिया। वहीं, उसका साथी शमशेर भागने में सफल रहा। मो इमरान को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। DSP प्रकाश सोय ने बताया कि गुड्डू ने कई राज उगले हैं।

### सीसीटीवी कैमरे और वेबकास्टिंग से होती रही मतदान केन्द्रों की निगरानी

**रांची:** अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने बताया कि विधानसभा चुनाव के द्वितीय चरण के लिए 38 विधानसभा क्षेत्रों के लिए सुबह 07 बजे से मतदान शुरू हो गया है। इस चरण के सभी मतदान केंद्रों की निगरानी सीसीटीवी कैमरे के वेबकास्टिंग द्वारा की जा रही है। उन्होंने बताया कि सभी बूथों पर अंदर एवं बाहर की ओर कैमरे लगे हैं जिसकी मॉनिटरिंग जिला मुख्यालय, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय एवं भारत निर्वाचन आयोग के स्तर से की जा रही है। सभी मतदान केंद्रों पर मॉक पोल की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है।

# बूथों पर दिखा मतदाताओं का उत्साह



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** विधानसभा निर्वाचन के दूसरे चरण के मतदान में बुधवार को उत्साहपूर्ण माहौल में मतदान करते दिखे मतदाता। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निदेशों का पालन करते हुए सभी 38 विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए लाउडस्पीकर के माध्यम से मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अन्य उत्सवों की भांति लोकतंत्र के इस महोत्सव में निर्वाचन के गाने गूंज रहे हैं, जिससे मतदाता प्रेरित भी हो रहे और हर्षोल्लास से मतदान करते दिख रहे हैं। कुल 14,219 मतदान केंद्रों पर हो रहे मतदान में मतदाताओं को प्रेरित एवं सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विशेष मतदान केंद्रों का निर्माण किया गया है। इसमें जिन मतदान केंद्रों पर महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है, वहां केवल महिला पदाधिकारियों के जरिये संचालित मतदान केंद्रों का निर्माण किया गया है। ऐसी महिला मतदान कर्मियों द्वारा संचालित बूथों की संख्या 239 है। इसी प्रकार दिव्यांग मतदान कर्मियों द्वारा संचालित 22 एवं युवा मतदान कर्मियों द्वारा संचालित कुल 28 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। मतदाताओं को आकर्षित और मतदान की प्रक्रिया को खुशनुमा बनाने के उद्देश्य से कुल 48 बूथों को यूनिक बूथ के रूप में तैयार किया गया है, जिसमें स्थानीय चित्रकारी, संस्कृति, पर्यावरण की झलक दिखी। जामताड़ा में कुष्ठ रोगियों को पहली बार मतदान कराने के उद्देश्य से एक अलग बूथ का निर्माण किया गया।

## यह झारखंड को बचाने का चुनाव है : शिवराज सिंह



रांची : केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि झारखंड विधानसभा चुनाव झारखंड बचाने का चुनाव बन गया है। झारखंड में रोटी, बेटी, माटी संकट में है। नौजवानों को रोजगार के नाम पर झामुमो और कांग्रेस की सरकार ने ठगा है और छला है। मां, बहन और बेटी की इज्जत, मान सम्मान सुरक्षित नहीं है। संसाधनों पर घुसपैठिए कब्जा करते जा रहे हैं। कानून व्यवस्था की स्थिति बदतर है और भयानक भ्रष्टाचार से जनता कराह रही है। सपैठियों से मुक्त झारखंड के लिए आप वोट जरूर करें लोगों का जीना दूभर हो गया है और इसलिए गुस्से में जनता भारतीय जनता पार्टी, एनडीए के उम्मीदवारों को निकल कर वोट कर रही है। मेरी सभी से अपील है वोट जरूर डालें। सुरक्षित और घुसपैठियों से मुक्त झारखंड के लिए आप वोट जरूर करें।

## कुष्ठ पीड़ितों ने उत्साह से किया मतदान



**रांची :** विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में जामताड़ा के हांसीपहाड़ी स्थित स्नेहपुर में बुधवार को कुष्ठ पीड़ित मतदाताओं के लिए बनाए गए विशेष मतदान केंद्र में सभी मतदाताओं ने वोट डाले। सामुदायिक भवन के मतदान केंद्र (362 क) मिहिजाम स्थित स्नेहपुर कुष्ठ आश्रम को सहायक मतदान केंद्र के रूप में गठित किया गया है। मतदान केंद्र संख्या पर सभी कुष्ठ पीड़ित मतदाताओं ने यहां उनके लिए उपलब्ध सुविधाओं यथा मतदान केंद्र में रैंप, व्हील चेयर, पेयजल, बिजली सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं के अलावा वॉलिंटियर की सराहना की।

## झारखंड में गिरने लगा पारा पछुआ हवा ने बढ़ाई कनकनी



**रांची :** झारखंड के मौसम में अब तेजी से बदलाव हो रहा है। न्यूनतम तापमान में गिरावट हो रही है। इससे ठंड का एहसास होने लगा है। मौसम विभाग की मानें तो नवंबर के बाद दिसंबर में पार गिरेगा, वहीं ठंड और बढ़ेगा। रांची का न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा है। दिसंबर माह से घने कोहरे के साथ हाड़ कंपाने वाली ठंड पड़ने के आसार हैं। दिन में पछुआ हवा बढ़ने लगा है। जिस कारण शाम ढलते ही कनकनी शुरू हो जाती है। झारखंडी पर्यटन स्थल सुबह और शाम ठंड का असर देखने को मिल रहा है, जबकि दोपहर में धूप और ठंडी हवा के बीच लोग ठंड का लुत्फ भी उठाने में लगे हैं। वहीं बुधवार को सुबह हल्के से मध्यम दर्जे के कोहरे व धुंध रहे। रांची का न्यूनतम तापमान 12.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। अगले तीन दिन सुबह से हल्के से मध्य दर्जे के कोहरे व धुंध की स्थिति बने रहने के आसार हैं।

# सुबह से ही बूथों पर मतदाताओं की उमड़ने लगी थी भीड़



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 12 जिलों के 38 विधानसभा सीट पर बुधवार को सुबह सात बजे से मतदान शुरू हो गया है। दूसरे चरण में 14,218 बूथों पर मतदान हो रहा है। इस दौरान सुरक्षा को लेकर पुख्ता और कड़े इंतजाम किए गए है। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रविकुमार ने बताया कि 38 सीटों पर सुबह सात बजे से मतदान शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि सुबह से ही बूथों पर मतदाताओं की भीड़ लगी हुई है। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा को लेकर केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की 585 कंपनी, जैप की 60 कंपनी के अलावा जिला बल और होमगार्ड के 30 हजार जवानों को तैनात किया गया है। उल्लेखनीय है कि झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की 38 सीटों के लिए सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक वोट डाले जायेंगे। इस चरण में कुल 1.23 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जबकि 528 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है।

**इन सीटों के लिए शुरू हुआ मतदान**

राजमहल, बोरियो, बरहेट, लिट्टीपाड़ा, पाकुड़, महेशपुर, शिकारीपाड़ा, नाला, जामताड़ा, दुमका, जामा, जरमुंडी, मधुपुर, सारठ, देवघर, पौड़ेयाहाट, गोड्डा, महगामा, रामगढ़, मांडू, धनवार, बगोदर, जमुआ, गांडेय, गिरिडीह, डुमरी, गोमिया, बेरमो, बोकारो, चंदनकियारी, सिंदरी, निरसा, धनबाद, झरिया, टुंडी, बाघमारा, सिल्ली और खिजरी।

## मां-पिता ने मिलकर की पुत्र की हत्या

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** रांची के ठाकुरगांव थाना क्षेत्र में मां-पिता ने मिलकर अपने ही पुत्र की हत्या कर दी और शव को घर में बंद कर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद ठाकुरगांव पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। साथ ही पुलिस आरोपितों की तलाश में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार, ठाकुरगांव थाना क्षेत्र निवासी मदन पाहन (20) की धारदार हथियार से वार कर हत्या की गई है। सबसे हैरानी वाली बात यह है कि मदन की हत्या किसी दुश्मन के द्वारा नहीं की गई है, बल्कि मदन को उसके पिता फुलेश्वर पाहन ने ही पत्नी के साथ मिलकर मार डाला। स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि मदन की मां का देहांत हो चुका था। इसके बाद मदन के पिता फुलेश्वर पाहन ने दूसरी शादी कर ली थी। सौतेली मां के साथ मदन के संबंध काफी खराब थे। तीनों में हमेशा लड़ाई-झगड़ा होता था। कई बार मारपीट भी हुई थी। स्थानीय लोगों के अनुसार, मंगलवार रात भी मदन का पिता और सौतेली मां के साथ काफी झगड़ा हुआ था। देर रात तक मारपीट भी होते रहा। बाद में सब कुछ शांत हो गया था लेकिन आधी रात ही पति-पत्नी कहीं चले गए। इसके बाद यह पता चला की मदन की हत्या कर दोनों फरार हो गए हैं।

# पोस्टरबाजी तक ही सिमटे नक्सली झारखंड में हिंसा मुक्त हुआ मतदान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड की सभी 81 विधानसभा सीटों पर दो चरणों में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हो गया. घोर नक्सल प्रभाव वाले इलाकों में नक्सलियों ने पोस्टर चिपकाकर वोट बहिष्कार का आह्वान किया था, लेकिन इस बार उन इलाकों में भी शांतिपूर्ण मतदान हुआ। पुलिस प्रशासन के नक्सल अभियान के बाद लोगों ने निर्भीक होकर मतदान किया। सुरक्षाबलों द्वारा लगातार चलाए गए अभियान की वजह से इस बार नक्सली विधानसभा चुनाव में पोस्टरबाजी तक ही सिमटे रहे। भाकपा माओवादी सहित अन्य नक्सली संगठन भी किसी तरह की हिंसक घटना को अंजाम देने में सफल नहीं हो पाए.नक्सलियों की धमकी का नहीं दिखा असर

इस बार के विधानसभा चुनाव में नक्सली पोस्टरबाजी तक ही सीमित रह गए। वे किसी भी बड़ी घटना को अंजाम देने में सफल नहीं हो पाए। 15 नवंबर की शाम भाकपा माओवादियों ने बोकारो जिले के नारायणपुर और नावाडीह थाना क्षेत्र के पलामू व सारुबेड़ा में पोस्टर लगाकर वोट बहिष्कार का अह्वान किया था। इससे पहले पश्चिमी सिंहभूम जिले के छोटानागरा थाना क्षेत्र में भाकपा माओवादियों ने 13 नवंबर को पहले चरण के मतदान के दिन पोस्टरबाजी करने के साथ साथ पेड़ काटकर सड़क पर गिरा दिया था। इसके बावजूद मतदाताओं के उत्साह में कोई कमी नहीं आई. लोगों ने बिना किसी डर के मतदान किया।

**नक्सल प्रभावित क्षेत्रों जमकर हुआ मतदान**

चाईबासा का टोंटो इलाका माओवादियों के प्रभाव में है। टोंटो में सभी प्रमुख माओवादी अभी कैंप कर रहे हैं, लेकिन नक्सलियों के प्रभाव से मुक्ति की राह देख रहे ग्रामीणों ने यहां भी जमकर मतदान किया। इसके अलावा लातेहार, पलामू, गुमला, खूंटी, लोहरदगा, रांची व गिरिडीह जिले के नक्सल प्रभावित इलाकों में भी उत्साहजनक वोटिंग हुई. पत्थलगड़ी प्रभावित खूंटकटी गांवों में भी 2019 में जहां वोट का बहिष्कार हुआ था, वहां भी लोगों ने जमकर वोट डाले। चतरा के टीपीसी प्रभावित इलाकों में मतदान का प्रतिशत ठीक-ठाक रहा। संथाल परगना के दुमका के शिकारीपाड़ा का इलाका माओवादियों के लिहाज से चुनौतीपूर्ण होता था, लेकिन यहां भी अब माओवाद की कोई आहट नहीं रही।

**दस साल पहले चुनाव में हुई थी नक्सली हिंसा**

झारखंड पुलिस के आंकड़ों पर गौर करें तो साल 2014 के चुनाव में सर्वाधिक नक्सल हिंसक वारदातें हुई थीं। 24 अप्रैल 2014 को दुमका से मतदान संपन्न कराकर लौट रहे चुनावकर्मियों पर नक्सलियों ने हमला कर दिया था। इसमें पांच पुलिसकर्मी समेत आठ लोग मारे गए थे। इस चुनाव में ये सबसे बड़ी नक्सली घटना थी। साल 2014 में कुल 13 नक्सली घटनाएं राज्यभर में हुई थीं।

## संक्षिप्त खबरें

### रांची में हथियार के साथ आरोपी गिरफ्तार



**रांची:** कोतवाली थाना पुलिस ने हथियार के बल पर लोगों को डराने-धमकाने वाले एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए ने बुधवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कोतवाली थाना क्षेत्र के मैकी रोड में एक व्यक्ति हथियार के बल पर आसपास के लोगों को डरा-धमका रहा है। इसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची, तो व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। इस दौरान पुलिस की टीम ने भाग रहे व्यक्ति को पकड़ा और उसके पास से एक देशी कट्टा बरामद किया। पकड़े गये व्यक्ति का नाम गौरव कुमार गौतम है। वह वर्तमान में बरियातू थाना क्षेत्र के सोम बिहार भ्रम टोली का रहने वाला है। वह मूल रूप से बिहार के अरवल का रहने वाला है। इसके पास से एक बाइक और एक हथियार बरामद किया गया है। बरामद हथियार के संबंध में कागज की मांग किया गया, जिसपर पकड़ाये आरोपित ने कोई भी कागजात नहीं दिखाया। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

### झामुमो ने बाबूलाल मरांडी के खिलाफ चुनाव आयोग को लिखा पत्र




**रांची:** झामुमो ने चुनाव आयोग को बाबूलाल मरांडी के खिलाफ शिकायत करते हुए पत्र लिखा है। झामुमो ने बाबूलाल मरांडी पर मतदान के दौरान तस्वीर खिंचवाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान अपनी तस्वीर खिंचवाकर सार्वजनिक की गई। यह आदर्श चुनाव आचार संहिता के विरुद्ध है एवं एक मतदाता के तौर पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 का उलंघन है। उन्होंने चुनाव आयोग से इस संबंध में तुरंत कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

### झारखंड न बंटेगा न टूटेगा, झारखंडी एक हैं और एक रहेंगे : कांग्रेस



**रांची :** प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बुधवार को कहा कि दूसरे चरण के चुनाव में जनता ने भाजपा को साफ संदेश दे दिया है कि झारखंड न बंटेगा न टूटेगा, झारखंडी एक हैं और एक रहेंगे। द्वितीय चरण के चुनाव में पिछली बार की अपेक्षा महागठबंधन को 10 सीट ज्यादा प्राप्त होगी और भारी बहुमत के साथ हम सत्ता में वापसी करेंगे। सिन्हा ने कहा कि भाजपा के घुसपैठ और बंटवारे की राजनीति को जनता ने झारखंड से बाहर का रास्ता दिखा दिया है और यह साफ कर दिया है कि झारखंड की सत्ता बांटने वालों के लिए नहीं जोड़ने वालों के लिए विकास की सोच रखने वालों के लिए है। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता ने द्वितीय चरण के मतदान में जनकल्याण, जल, जंगल, जमीन और जनजातीय सभ्यता की सुरक्षा और संरक्षण के लिए वोट कर यह साबित कर दिया कि सामाजिक न्याय की जीत तय है और वोटों के ध्रुवीकरण की हार है। उन्होंने चुनाव संपन्न होने पर राज्य की जनता के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि अवसरवादी राजनीति चुनिंदा पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने की नीति और किसानों, नौजवानों, महिलाओं के भविष्य को खतरे में डालने वाली भाजपा और उसके घटक दलों को जनता ने पूरी तरह से नकार दिया और यह साबित कर दिया कि हमारे सात गारंटियों किसानों की ऋण माफी, लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए और झारखंड के विकास के लिए वोट कर नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने का काम किया है।

### रेलवे स्टेशन के यार्ड में अग्निशमन यंत्र में लीकेज से चार कर्मी घायल



**रांची:** रेलवे के हटिया यांत्रिकी विभाग में अग्निशमन यंत्र में लीकेज होने से बुधवार को चार रेल कर्मी घायल हो गए। इसमें एक कर्मी का पैर टूट गया। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार, हटिया रेलवे स्टेशन के यार्ड में फायर एक्सटेंग्यूसर को जांच करने के क्रम में उसके नोजल में लीकेज हो गई। इसके प्रेशर के कारण सिलेंडर के इधर-उधर छिटकने से वहां मौजूद एक कर्मी का पैर टूट गया जबकि वहां मौजूद तीन अन्य लोगों को हल्की चोट आई। घायल कर्मी को राम प्यारी हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया है। सीनियर डीसीएम निशांत कुमार ने बताया कि घटना में चार लोग घायल हुए है। एक कर्मी का पैर टूट गया है। तीन कर्मियों को हल्की चोट लगी है। डीआरएम ने मामले की जांच का आदेश दिया है। पूरे घटना की जांच की जा रही है।

### साईलेंट पीरियड में प्रेस कांफ्रेंस करने पर चुनाव आयोग ने जेएमएम और बीजेपी से मांगा जवाब




**रांची:** झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के साईलेंट पीरियड में प्रेस काफ्रेंस करने पर चुनाव आयोग ने बीजेपी और जेएमएम दोनो को जवाब तलब किया है। इस मामले में सीईओ के रवि कुमार ने रांची डीसी और एसएसपी को लिखा पत्र लिख कर भाजपा व झामुमो द्वारा किये गये प्रेस कान्फ्रेंस से संबंधित वीडियो क्लिप भेजा है। पत्र के द्वारा के रवि कुमार ने कहा कि 20 नवंबर को राज्य में द्वितीय चरण का मतदान होना है। चुनाव के लिए लागू साइलेंट पीरियड में भाजपा और झामुमो द्वारा प्रेस कान्फ्रेंस किया जाना आदर्श आचार संहिता के प्रतिकूल है। दोनों प्रेस कान्फ्रेंस किस परिस्थिति में आयोजित की गयी और इसके लिए अनुमति किन पदाधिकारियों ने प्रदान की है। डीसी और एसपी को कहा गया है कि जांच के बाद इसके लिए जिम्मेवार पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण करते हुए नियमानुसार कार्रवाई कर बुधवार की सुबह 11 बजे तक आयोग को रिपोर्ट करें। बता दें मतदान के दिन से 48 घंटे पहले तक सभी दलों को प्रचार प्रसार पर आयोग द्वारा रोक लगी रहती है। इस दौरान पार्टियां किसी भी तरह राजनीतिक बयान बाजी नहीं कर सकते इसके प्रसारण पर रोक रहती है। साइलेंट पीरियड में मतदाताओं से अपील वाले मैसेज पर भी रोक रहती है। लेके दिनांक 19 नवंबर ी शाम को दोनो दलों के द्वारा प्रेस कांफ्रेंस किया गया जो कि आचार संहिता का उल्लंघन है।

## एक नजर

### तोपचांची के बूथ पर कुकर हुआ ब्लास्ट बाल-बाल बची रसोइया

**धनबाद** : तोपचांची थाना क्षेत्र के खेशमी मध्य विद्यालय (गोमो) स्थित बूथ संख्या 185 व 186 पर बुधवार को वोटिंग के दौरान रसोई घर में अचानक कुकर ब्लास्ट कर गया। ब्लास्ट की आवाज काफी तेज थी। इससे कुछ देर के लिए वहां दहशत फैल गई। आवाज सुनकर बूथ पर सुरक्षा में तैनात जवान सतर्क हो गए। मतदान कर्मी भी काफी भयभीत हो गए। बाद में सुरक्षा बलों ने पड़ताल कर लोगों को आश्वस्त किया कि स्कूल के किचन में खाना बनाने के दौरान अचानक कुकर ब्लास्ट कर गया है। विद्यालय की माता समिति की महिलाएं जवानों के लिए खाना बना रही थीं। कुकर में दाल बन रही थी, तभी कुकर ब्लास्ट कर गया और किचन की एसवेस्टस की छत तोडते कुकर का ढक्कन बाहर जा गिरा। इस घटना में खाना बना रहीं माता समिति की महिलाएं बाल-बाल बच गईं। महिलाओं ने बताया कि कुकर का ढक्कनह जाम था और उसकी सीटी भी नहीं बजती थी। विद्यालय के प्रबंधक को इसकी जानकारी दी थी, लेकिन संज्ञान नहीं लिया गया।

### कतरास में भाजपा व निर्दलीय प्रत्याशी के समर्थकों में तनातनी

**धनबाद** : बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के कतरास कॉलेज परिसर में बनाए मतदान केंद्र पर बुधवार को वोटिंग के दौरान भाजपा प्रत्याशी शत्रुघ्न महतो व निर्दलीय प्रत्याशी रोहित यादव के समर्थकों में नोक-झोंक हो गई। इस दौरान एक प्रत्याशी की पर्ची में आग लगा दी गई। इसके बाद दोनों पक्षों में हाथापाई शुरू हो गई। दोनों में तनातनी के बाद बूथ पर तैनात सुरक्षा बल के जवानों ने दोनों के समर्थकों को खदेड़ दिया। निर्दलीय प्रत्याशी रोहित यादव के समर्थक अधिवक्ता गजेन्द्र कुमार ने भाजपा समर्थकों पर पर्ची जलाने का आरोप लगाया। वहीं, भाजपा के कतरास मंडल अध्यक्ष सूर्यदेव मिश्रा व सीटू मिश्रा ने आरोप लगाया कि निर्दलीय प्रत्याशी रोहित यादव के समर्थक पर्ची पर प्रत्याशी की फोटो लगाकर मतदाताओं को बांट रहे थे, जिसका हमलोगों ने विरोध किया।

### मनातू में बिरसा हरित आम बागवानी योजना में फर्जीवाड़ा

**पलामू** : सरकार के महत्वाकांक्षी मनरेगा योजना के तहत सत्र 2022-23 में मनातू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चक पंचायत के ग्राम कमाहीं निवासी कौशम यादव के नाम से बिरसा हरित आम बागवानी योजना स्वीकृति दी गई थी। जिसका वर्क कोड संख्या 2744353 है। बता दें कि लाभुक कौसम यादव के नाम से यह आम बागवानी 1 एकड़ में स्वीकृत की गई थी। यह आम बागवानी में मनरेगा मजदूर की राशि निगम शर्मा, पूजा कुमारी, श्याम मिस्त्री, राजपतिया देवी, सहेंद्र कुमार प्रजापति, सोनी देवी, सरिता देवी, पिंटू कुमार यादव, कौसम यादव और जावेद अंसारी के द्वारा 29274 रुपए की निकासी कर ली गई है। ग्रामीणों की शिकायत पर जब पत्रकारों की टीम ने कार्यस्थल पहुंची तो आम बागवानी के जगह आलू का फसल मिला। इससे साबित हो रहा है कि मनरेगा में संलिप्त अधिकारियों के द्वारा सरकार के महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा को सिर्फ कागज पर ही पास कर दी जाती है। इसी वजह से गांव के ग्रामीण मजदूर को मनरेगा में काम नहीं मिलने से दूसरे राज्यों में पलायन करने को विवश हैं। मनरेगा में संलिप्त अधिकारी के द्वारा मनरेगा के ठेकेदारों से साठ गांठ कर बिना काम कराए ही योजना की राशि निकल ली जाती है। इस संबंध में जब मनातू प्रखंड के बीपीओ रणधीर कुमार से संपर्क की गई। उन्होंने बताया कि यह मामला मेरा जानकारी में नहीं है फिर भी जेई से जांच करवाने के बाद निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी।

# बेहद शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**धनबाद** : धनबाद संसदीय क्षेत्र के सभी छह विधानसभा सभा में मतदान बेहद शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गए। संध्या 5:00 बजे तक जिले में 63.39% मतदान दर्ज किया गया। जबकि अभी कई बूथों में मतदान जारी है। जिस कारण मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी होने की संभावना है। उपरोक्त बातें जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने मतदान संपन्न होने के बाद संध्या 5.30 बजे आयोजित पत्रकार वार्ता में मीडिया से कही। उपायुक्त ने कहा कि मतदान को निष्पक्ष, स्वतंत्र, भयमुक्त वातावरण में और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने मुकम्मल तैयारी की थी। सभी विधानसभा में पर्याप्त संख्या में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के साथ-साथ जिला पुलिस बल के जवान, क्विक रिस्पांस टीम तैनात किए गए थे। वहीं सभी 2372 मतदान केंद्रों से वेब कास्टिंग की जा रही थी। जिसकी निगरानी भारत निर्वाचन आयोग, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड तथा जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा की जा रही थी।

उपायुक्त ने कहा कि चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में 11186 मतदान कर्मी, धनबाद पुलिस, केन्द्रीय सुरक्षा बल, मतदाता, मीडिया सहित इस कार्य में लगे तमाम लोगों का भरपूर सहयोग जिला प्रशासन को मिला। उन्होंने सहयोग देने के लिए सभी को धन्यवाद दिया। उपायुक्त ने कहा कि मतदान संपन्न होने के बाद पोलिंग पार्टी को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन लेकर कृषि बाजार स्थित स्ट्रांग रूम आना है। इसके लिए भी जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। बृहस्पतिवार को सभी प्रेक्षकों द्वारा स्क्रुटनी की जाएगी। 23 नवंबर 2024 को कृषि बाजार में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन, पोस्टल बैलट तथा इलेक्ट्रॉनिकली ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलट की गिनती की जाएगी। इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने बताया कि सभी 6 विधानसभा क्षेत्र में चुनाव शांतिपूर्ण तरके से संपन्न हुए। उन्होंने बताया कि कतरास, मधुबन, सोनारडीह एवं बरोरा में एमसीसी उल्लंघन की कुछ शिकायत प्राप्त हुई है। इसकी लिखित शिकायत मिलने पर पुलिस द्वारा कार्रवाई की जाएगी।

साथ ही बताया कि 23 नवंबर को कृषि बाजार में वोटों की गिनती की जाएगी। इस दौरान ट्रैफिक प्लान में कुछ परिवर्तन किया जाएगा। इसकी सूचना मीडिया के माध्यम से लोगों को दी जाएगी।

## धनबाद डीसी ने किया अपने मताधिकार का इस्तेमाल




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने आज मध्य विद्यालय, झारुडीह स्थित मतदान केंद्र संख्या 162 में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस दौरान उन्होंने झारुडीह मध्य विद्यालय स्थित सभी मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया एवं मतदाताओं को किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो इसके लिए संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मतदान करने के बाद उपायुक्त ने जिला वासियों से अपने घरों से निकल कर लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में एक-एक मतदाता की भूमिका अहम है। उनका हर एक वोट कीमती है। वहीं उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन की तैयारियों के कारण सभी 6 विधानसभा में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान चल रहा है। मतदान केंद्रों में जिला प्रशासन ने मतदाताओं के लिए सभी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की है।

## अनुसंधान के माध्यम से इस्पात क्षेत्र में स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए हुआ एमओयू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**धनबाद** : भारत भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान धनबाद ने भारत में लौह और इस्पात उद्योग को डीकार्बोनाईज करने के उद्देश्य से एक अग्रणी अनुसंधान पहल शुरू करने के लिए, औद्योगिक विनिर्माण को डीकार्बोनाईज करने में विशेषज्ञता रखने वाली बैंगलोर स्थित स्थिरता स्टार्टअप सेंट्रा.वर्ल्ड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह सहयोग इस्पात निर्माण प्रक्रिया के भीतर बायोचार-कोयले के पर्यावरण के अनुकूल विकल्प-के अनुप्रयोग पर केंद्रित है। इस अनूठे शोध में 10 से अधिक भारतीय राज्यों से बायोमास की विशेषता का पता लगाना और कोक बनाने, सिंटरिंग, स्पंज आयरन उत्पादन आदि जैसे सभी स्टील अनुप्रयोगों के लिए उपयुक्त उच्च गुणवत्ता वाले बायोचार का उत्पादन करने के लिए रूपांतरण प्रक्रियाएं विकसित करना शामिल होगा। इस अभूतपूर्व शोध का लक्ष्य देश भर में उपलब्ध लगभग 720 मीट्रिक टन अधिशेष बायोमास का उपयोग करना है, जिसमें पराली जैसे कृषि अवशेष, बांस जैसे वन अवशेष, गन्ने की खोई जैसे कृषि-प्रसंस्करण अपशिष्ट और बबूल जैसी आक्रामक प्रजातियाँ शामिल हैं। इस बायोमास को मूल्यवान संसाधनों में परिवर्तित करके, इस पहल का उद्देश्य वायु प्रदूषण में प्रमुख योगदान देने वाले ठूंठ को जलाना रोकना है, जबकि कृषि अपशिष्ट का मुद्रीकरण करके किसानों को अतिरिक्त आय का स्रोत प्रदान करना है। भारतीय इस्पात क्षेत्र देश के कुल ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में 8-12% का योगदान देता है, बायोचार को अपनाने से उत्सर्जन में 40% तक की कमी आ सकती है।

## मतदाताओं में दिखा उमंग व उत्साह



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**तलगड़िया** : चंदनकियारी विधानसभा के क्षेत्र बूथ संख्या डुमरदा, बिजुलिया, उसरडीह, सिंदुरपेटी, चंदाहा, बुढिबिनोर, बाटबिनोर, धनडाबर, अलकुशा, भागा बांध, चिटाईटांड, नयावन, मोदीडीह टुधरी, सिंहडीह, बाबु ग्राम, कुंबाटांड़, तलगडिया, अलुवारा मांचाटांड, डुमरदा, मतदान केंद्र में सुबह 5:30 से मतदाता पहुंचने लग. सुबह सात बजे मतदात शुरू होते ही भीड़ जुटने लगी। लोगों में सुबह डंढ के वाबजूद भी उत्साह देखा गया। मतदान शांति पूर्ण रहा। सिन्दुरपेटी बूथ संख्यादस में बुजुर्ग मतदाता ठाकुरमणी देवी 105 वर्ष के मतदान के बाद खुशी जाहिर की। अपने पोता व परिवार के सहारे मतदान केंद्र पहुंची थी। वहीं बोकारो जिला पूर्व संयुक्त सचिव दिव्यांग 66 वर्षीय नेपाल चन्द्र उपाध्याय बोकारो से पुत्र व पत्नी के सहारे प्राथमिक विद्यालय सिंदुरपेटी बूथ संख्या 10 पर पहुंचे। मतदान के बाद उन्होंने कहा कि मुझे जब से मतदान का अधिकार मिला है आजतक मतदान किया हुं। बुढिबिनोर बुथ संख्या 25 व 26 मे भी सुबहसे मतदाता मतदान के लिए कतार लग गया था। बुढिबिनोरके बुर्जुग रनु महतो 90 बर्षीय ने मतदान अपने आप को धन्य बताया। कहा मै खुश हुं। अगल चुनाव कोन देखा है। चंदाहा 27 व 28 बूथ संख्या में सुबह से ही - मतदाता मतदान केंद्र पहुंच। मतदाता का कहना था की चंदाहा में यहाँ पर 2800 सौ मतदाता है।तीन बुथ होना चाहिए। इसके लिए संबंधित अधिकारी को पुर्व मे आवेदन भी दिया गया था। इस दौरान प्रशासन की व्यवस्था दुरुस्त थी।

## बोकारो जिला में हुआ शांतिपूर्ण मतदान ग्रामीण बूथों पर रही लंबी कतार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : जिले में अपराह्न 5 बजे तक कुल मतदान प्रतिशत 60.97% रहा, जो विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में मतदान की अलग-अलग गति को दशार्ता है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच मतदान में एक स्पष्ट अंतर देखने को मिला है। बोकारो विधानसभा क्षेत्र में सबसे कम 50.52% मतदान हुआ। शहरी क्षेत्र में मतदान की यह रफ्तार चिंताजनक है, क्योंकि यह जिले के औसत से काफी कम है। बोकारो जैसे प्रमुख शहरी क्षेत्र में मतदान की धीमी गति चुनावी माहौल पर सवाल खड़े करती है। गोमिया में 67,68% और बेरमो में 63.58% मतदान हुआ, जो जिले के औसत से ऊपर है। इन क्षेत्रों में भी मतदाता सक्रिय रहे, और मतदान की गति इस बात का संकेत देती है कि यहां के नागरिक लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी के प्रति जागरूक हैं।

# निरसा में शांतिपूर्ण मतदान, विधायक अपर्णा ने पोद्दारडीह में डाला वोट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद** : धनबाद जिले के निरसा विधानसभा क्षेत्र में बुधवार को मतदान शांतिपूर्ण रहा। मतदान को लेकर वोटरों में काफी उत्साह देखा गया। विधायक सह भाजपा प्रत्याशी अपर्णा सेनगुप्ता अपने परिवार के साथ पोद्दारडीह स्थित मतदान केंद्र संख्या 31 पहुंचीं और मतदान किया। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि मतदान के प्रति युवाओं में उत्साह दिख रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं उत्थान के लिए जिस तरह काम किया है, उसे युवा भूल नहीं सकते।



माले प्रत्याशी अरूप चटर्जी ने परिवार के साथ किया मतदाननिरसा से इंडिया गठबंधन के भाकपा माले प्रत्याशी अरूप चटर्जी ने अपने परिवार के साथ बूथ संख्या 189 पर पहुंचकर मतदान किया। उन्होंने कहा कि निरसा की जनता इस बार बदलाव के मूड में है। निरसा में उनकी जीत तय है और झारखंड में फिर इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने जा रही है। JLKM प्रत्याशी अशोक मंडल ने बारबेदिया में डाला वोटनिरसा विधानसभा से खछडट प्रत्याशी अशोक कुमार मंडल अपने गांव बारबेदिया स्थित बूथ संख्या 25 पर अपने परिवार के साथ पहुंचे और मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि निरसा की जनता इस बार भाजपा व इंडिया गठबंधन के खिलाफ मतदान कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### महिला बूथों में सुचारू रूप से मतदान संपन्न




**धनबाद** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर विधानसभा चुनाव में सिंदरी विधानसभा में 5, निरसा में एक, धनबाद में 5, झरिया में 4 एवं बाघमारा विधानसभा में 3 महिला बूथ बनाए गए थे। इसमें केवल महिला मतदान कर्मी उपस्थित थीं। महिला मतदान कर्मियों द्वारा सुचारु रूप से मतदाताओं को मतदान की प्रक्रिया संपन्न कराई गयी। सिंदरी विधानसभा में बूथ संख्या 58, 142, 241, 242 एवं 243, निरसा विधानसभा में बूथ संख्या 31, धनबाद विधानसभा में बूथ संख्या 114, 128, 296, 297 एवं 353, झरिया विधानसभा में बूथ संख्या 291, 293, 334 एवं 335 तथा बाघमारा विधानसभा में बूथ संख्या 245, 246 एवं 268 में महिला मतदान कर्मियों द्वारा सुचारू रूप से मतदान की प्रक्रिया संपन्न कराई गयी। डीएवी कोयला नगर स्थित महिला बूथ संख्या 297 में महिला मतदान कर्मी कुमारी नम्रता, इंदु कुमारी, सुष्मिता पॉल, सरस्वती कुमारी एवं ममता कुमारी तथा बूथ संख्या 296 में कुमारी रिंकु दत्ता, रजनी सुधा, अनीता कच्छप, मालोती सिन्हा बाबू एवं मिट्ठू माझी ने बताया कि मतदान की प्रक्रिया के दौरान उन्हें किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हुई। जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा सहित सभी सुविधाएं प्रदान की गई।

### धनबाद केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान




**धनबाद** : धनबाद केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन द्वारा लोकतंत्र के महापर्व के अवसर पर धनबाद जिले में संगठन द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत चार होर्डिंग लगाया गया जिससे वोट प्रतिशत बढ़े। जिले के विभिन्न बूथ में 6 सेल्फी प्वाइंट बनाया गया जिसमें हजारों की संख्या में वोटरों द्वारा फोटो लिया गया। धनबाद पंडित क्लीनिक रोड स्थित मध्य विद्यालय में एक आदर्श बूथ बनाया गया जिसमें संगठन द्वारा कारपेट, बैलून की सजावट पंडाल बनाया गया। पीने की पानी की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर धनबाद के नगर आयुक्त रवि राज शर्मा ने धनबाद केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की काफी प्रशंसा की जो संगठन की उपलब्धि है। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष ललित अग्रवाल, उपाध्यक्ष देवेन तिवारी, सचिव धीरज दास, कोषाध्यक्ष विकास अग्रवाल, राजेश सिंह, अनुराग अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

### मतदाता को गोद में उठाकर बूथ तक ले जाते थाना प्रभारी सुमन कुमार



**धनबाद** : झरिया विधानसभा के बूथ संख्या 223 में मतदाता को अपनी गोद में उठाकर बूथ तक ले जाते तिसरा थाना प्रभारी सुमन कुमार।

भाजपा प्रत्याशी शत्रुघ्न और निर्दलीय प्रत्याशी रोहित समर्थकों में मारपीट

### फोटो युक्त पर्ची बांटने को लेकर हुआ विवाद



**कतरास (धनबाद)** : बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के कतरास कॉलेज परिसर में भाजपा प्रत्याशी शत्रुघ्न महतो के समर्थक और निर्दलीय प्रत्याशी रोहित यादव के समर्थकों के बीच जमकर मारपीट हुई। निर्दलीय प्रत्याशी के समर्थकों द्वारा फोटोयुक्त पर्ची बांटने को विवाद उत्पन्न हुआ।

### बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ की सीनियर टीम जमशेदपुर रवाना



**बोकारो** : जिला बास्केटबॉल संघ की सीनियर पुरुष की टीम 24 वी झारखंड राज्य सीनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने जमशेदपुर रवाना। इस प्रतियोगिता में झारखंड के विभिन्न जिलों के 15पुरुषों एवं 11 महिलाओं की टीमें भाग ले रही है। यह प्रतियोगिता 21 से 24 नवम्बर तक जमशेदपुर के धातकीडीह बास्केटबॉल कॉर्ट, धातकीडीह में खेली जाएगी। पूर्वी सिंहभूम जिला बास्केटबॉल संघ द्वारा आयोजित 24वी झारखंड राज्य सीनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में बोकारो जिला की टीम अपना कौशल दिखाएगी। पुरुष टीम: परमजीत सिंह,हर्ष राज,सचिन कुमार, सचिन राय, मोहनीश रजा, आकाश बेसरा, आयुष खवाश एवं रमेश। कोच- आयुष कुमार। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ, अध्यक्ष मनीष सिंह, सचिव संजीव कुमार, कोषाध्यक्ष बिनोद कुमार, चयन समिति के अध्यक्ष निखिल ओझा, विजय कुमार मिंज, सुधीर कुमार, राम लखन मिस्त्री, मनोज दुबे, रण विजय ओझा, हारून अंसारी, नीरज एवम अन्य सदस्यों ने ढेरों शुभकामनाएं दी।

# ला ईलाज हो चुका 'स्मॉग प्रदूषण'...



निर्मल रानी

**सवाल यह है कि गत लगभग 2 दशक से निरंतर प्रदूषित होते जा रहे इस जहरीले धुएं युक्त वातावरण और अनेक माध्यमों से इनसे होने वाले आर्थिक नुकसान व स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं के लिये जिम्मेदार कौन है। सर्दियों की शुरूआत में हमेशा टी वी व अखबारों में यह सुर्खियां बनती हैं कि प्रदूषण का स्तर क्या है।**

उत्तर भारत का एक बड़ा क्षेत्र इन दिनों 'स्मॉग' यानी जहरीले धुयें युक्त कोहरे जिसे धूम कोहरा भी कहा जाता है, की चपेट में है। यह कोई पहला अवसर नहीं है जबकि 'स्मॉग' यानी जहरीले धुयें की खबरें मीडिया में सुर्खियां बटोर रही हों। बल्कि लगभग दो दशक से यह स्थित प्रत्येक वर्ष पैदा हो रही है। हाँ इतना जरूर है कि प्रदूषण दिन प्रतिदिन और भी न केवल बढ़ता जा रहा है बल्कि और भी जहरीला भी होता जा रहा है। इसका घोर प्रदूषण युक्त वातावरण का खामियाजा हमें तरह तरह से भुगतना पड़ रहा है। कहीं विमानों की उड़ानें प्रभावित हो रही हैं तो कहीं ट्रेंस परिचालन में बाधा आने के चलते रेल गाड़ियां लेट हो रही हैं। गत दिनों खराब मौसम के कारण ही दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर 15 विमानों का मार्ग बदला गया जबकि 100 से अधिक उड़ानों में देरी हुई। सड़कों पर दुर्घटनाओं में इजाफा होने लगा है। स्वास्थ्य कारणों से बच्चों के स्कूल बंद कर दिए जाते हैं तो अस्पतालों में सांस और दमा के मरीजों की संख्या बढ़ जाती है। यहाँ तक कि एक स्वस्थ व्यक्ति भी ऐसे वातावरण में सांस लेने में दिक़्क़त महसूस करने लगता है। लोगों को खुजली हो रही है और आंखों में जलन व आँखों से पानी आने की शिकायतें आ रही हैं। मास्क लगाना या न लगाना दोनों ही स्थिति में लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही है। पड़ोसी देश पाकिस्तान में भी बढ़ते प्रदूषण की वजह से हालात गंभीर बने हुए हैं। पिछले दिनों पाकिस्तान के लाहौर में स्मॉग यानी जहरीले धुएं की इतनी मोटी चादर बिछ गई जो अंतरिक्ष से भी दिखाई देने लगी। अब खबर तो यहां तक है कि स्मॉग यानी जहरीले धुएं से पैदा होने वाले इस प्रदूषण को कम करने के लिए वहां लॉकडाउन लगाने तक की योजना बन रही है।

सवाल यह है कि गत लगभग 2 दशक से निरंतर प्रदूषित होते जा रहे इस जहरीले धुएं युक्त वातावरण और अनेक माध्यमों से इनसे होने वाले आर्थिक नुक़्सान व स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं के लिये जिम्मेदार कौन है। सर्दियों की शुरूआत में हमेशा टी वी व अखबारों में यह सुर्खियां बनती हैं कि प्रदूषण का स्तर क्या है। विशेषज्ञों के अनुसार स्वच्छ हवा वाले वातावरण के लिये 50 तक अदकहोना चाहिये। 50 से कम अदक(एयर क्वालिटी इंडेक्स ) स्वास्थ्य के लिये ठीक रहता है। जबकि दिल्ली राजधानी क्षेत्र (एन सी आर ) से लेकर केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ तक का एयर क्वालिटी इंडेक्स पिछले दिनों 500 के करीब पहुँच गया। सरकार से लेकर जनता तक इस अति प्रदूषित वातावरण से निजात पाने के लिये केवल प्रकृति के भरोसे बैठी हुई है कि या तो बारिश हो तो इस जहरीली हवा से निजात मिले या फिर तेज हवा इस वातावरण से निजात दिलाये। जबकि प्रदूषण से त्राहि त्राहि करती यही जनता या जनता द्वारा चुनी उसकी सरकार इस समस्या से निपटने का कोई भी कारगर उपाय ढूंढ नहीं पाती।

कभी स्कूल्स में छुट्टी कर, कभी निर्माण कार्य रूकवाकर तो कभी सम-विषम नंबर के अनुसार वाहन चलने का निर्देश देकर ऐसी समस्याओं से निजात के उपाय तलाशे जाते हैं। जबकि प्रदूषण फैलाने के जिम्मेदार वाहनों की संख्या प्रतिदिन लाखों की तादाद में बढ़ती जा रही है। उद्योगों से प्रदूषित धुआं निरंतर निकलता रहता है। पूरे देश की सड़कें धुल मिटटी से पटी पड़ी हैं। खेतों में फसलों के अवशेष बेरोकटोक जलाये जा रहे हैं। जगह जगह आम लोग कूड़े के ढेर में बेखौफ होकर आग लगाते हैं जिनमें रबड़, पॉलीथिन, प्लास्टिक आदि सब कुछ जलाया जाता है। इसी तरह आतिशबाजी चलाने के लिये चाहे अदालतें मना करें या सरकारें, कोई भी मानने को तैयार नहीं। बल्कि हर साल आतिशबाजी का चलन व इनकी खपत बढ़ती ही जा रही है। यदि आप दीपावली पर आतिशबाजी चलाने को लेकर 'ज्ञान' देने लगे तो समझो आप को सनातन विरोधी होने का प्रमाण पत्र तो उसी क्षण मिल जायेगा। गुरपूरव पर होने वाली आतिशबाजी पर सवाल उठाया तो दीपावली का सवाल खड़ा होगा। इसी तरह शब बरात हो या नया साल, रोज होने वाले शादी ब्याह कोई भी आयोजन आतिशबाजी से अछूता नहीं है। और जाहिर है ऐसी आतिशबाजीयों का एक ही परिणाम है, जहरीला धुआं, जान लेवा प्रदूषण, स्मॉग यानी जहरीले धुयें युक्त कोहरे की चादर और अंततः बदलता मौसम व ग्लोबल वार्मिंग।

जिसतरह बारिश के दिनों में शहरों में समुचित जल निकासी का प्रबंध न होने के चलते शहरों व कस्बों में बाढ़ जैसी स्थिति बन जाती है और इससे संबंधित खबरें लेख व परिचर्चाएं वर्षा ऋतू के दौरान पढ़ने सुनने को मिलती हैं। परन्तु बारिश खत्म होते ही जनता व सरकार सभी हाथ पर हाथ रखकर बैठ जाते हैं और अगले साल की बारिश व इससे होने वाली तबाही की प्रतीक्षा करने लगते हैं। ठीक उसी तरह हर साल दीपावली के बाद और सर्दियों के आगाज में हर वर्ष यही प्रदूषण व जहरीले धुएं की चर्चा सुर्खियों में आ जाती है। इस विषय को लेकर हमारे समाज की जागरूकता व समझ का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि न तो कोई अतिशबाजियों से परहेज के लिए तैयार है न ही यह मानने के लिये तैयार है कि पराली या खेतों में फसलों के अवशेष जलने से प्रदूषण फैलता है। धनाढ्य या नव धनाढ्य लोग मात्र एक सवारी के साथ सड़कों पर कारें दौड़ाते फिरते हैं। सड़कों पर बे रोकटोक धुंआ करना तो गोया लोगों के मौलिक अधिकारों में शामिल हो गया है। यहाँ तक कि रोजाना कई जगह खुद नगर पालिका के कर्मचारी झाड़ू देने के बाद जगह जगह इकट्ठा किये गये कूड़े के ढेर में अपने ही हाथों से माचिस लगा देते हैं। गोया पढ़ा लिखा हो या अनपढ़, गरीब हो या अमीर, वैश्विक स्तर पर प्रदूषण बढ़ने के लिये सभी जिम्मेदार हैं। इसलिये भले ही सतही उपाय कितने ही क्यों न कर लिये जाएँ परन्तु हक़ीक़त तो यही है कि 'स्मॉग प्रदूषण' अब एक लाईलाज संकट बन चुका है।



## संपादकीय

### वार्ता से रुकेगा युद्ध

रूस-यूक्रेन युद्ध के एक हजार दिन पूरे हो चुके हैं, और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के एक फैसले से इसके और लंबा खिंचने की आशंका बढ़ गई है। बाइडन जनवरी में पद छोड़ेंगे लेकिन जाते-जाते उन्होंने रूस के ठिकानों पर हमले के लिए लंबी दूरी की मिसाइलों के इस्तेमाल की मंजूरी दे दी है। यह सतह से सतह पर मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल है, जो रूस के अंदरूनी क्षेत्रों तक लक्ष्य को भेदने में सक्षम है। इस फैसले से रिपब्लिकन पार्टी और रूस में तीखी प्रतिक्रिया हुई है। डोनाल्ड ट्रंप के पुत्र ने कहा है कि मेरे पिता युद्ध की आग बुझाना चाहते हैं जबकि बाइडन आग में पेट्रोल डाल रहे हैं। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा है कि फैसले से तनाव और बढ़ेगा। ट्रंप के राष्ट्रपति का चुनाव जीतने के बाद यूक्रेन और पश्चिमी यूरोप के देशों में रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त करने पर विचार-विमर्श शुरू हो गया था। जर्मन चांसलर ओलाफ शुल्ज ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से यूक्रेन मसले पर दो साल के अंतराल के बाद फोन पर बातचीत की। उल्लेखनीय है कि जो पश्चिमी देश रूस को कमजोर करने की मुहिम चला रहे थे वे ट्रंप की जीत के बाद शांति की बात करने लगे थे। ट्रंप ने स्पष्ट कर दिया है कि हथियारों की आपूर्ति युद्ध को लंबा खींचती है, और यूक्रेन को खुली सैन्य सहायता का समर्थन नहीं करेंगे। लेकिन बाइडन ने इसकी अनदेखी की है। युद्ध विरोधी विचारों का समर्थन करने वाली तुलसी गबार्ड. को देश की सीआईए और एफबीआई सहित सत्रह खुफिया एजेंसियें की मुखिया नियुक्त किए जाने का स्पष्ट संदेश है कि ट्रंप नाटो में अमेरिका की भूमिका सीमित करना चाहते हैं। उल्लेखनीय है कि नाटो देश रूस को पराजित करने की नीति का समर्थन करते हैं। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने दो महीने पहले कहा था कि रूस के खिलाफ लंबी दूरी की मिसाइलों के इस्तेमाल करने की मंजूरी देने का मतलब होगा यूक्रेन युद्ध में अमेरिका और नाटो देशों की सीधी भागीदारी। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की अमेरिका से इन मिसाइलों का इस्तेमाल करने की लगातार अनुमति मांग रहे थे। देखना है कि जनवरी में पदभार संभालने के बाद ट्रंप इस फैसले को जारी रखते हैं, या बदलते हैं। राष्ट्रपति बाइडन के शासनकाल में शुरू हुआ यूक्रेन-रूस युद्ध कूटनीति और वार्ता के जरिए शांति में बदलता है, या नहीं। बहुत कुछ ट्रंप पर निर्भर करेगा। लेकिन यह सुनिश्चित है कि यह युद्ध बातचीत से ही रोकेगा।



## चिंतन-मनन

### सेवाभाव ही सर्वोपरि

एकनाथ देवगढ़ राज्य के दीवान जनार्दन स्वामी के शिष्य। एक बार गुरू देव ने एकनाथ को राजदरबार का हिसाब करने को कहा। एकनाथ बहि-खाता लेकर हिसाब करने बैठ गये। दूसरे ही दिन सुबह हिसाब राजदरबार में देना था। सारा दिन हिसाब लिखने और करने में बीत गया। दिन में बैठे कब रात हो गयी उन्हें पता ही न चला। सेवक दीपक जलाकर चला गया। हिसाब में एक पायी की भूल आ रही था। आधी रात बीत गयी मगर भूल पकड़ में ही नहीं आ रही थी। संत जी हिसाब में खोये रहे। भोर फटते ही गुरू देव एकनाथ के कमरे में आए तो सेत जी को हिसाब में खोये पाया।

बहियों पर अंधेरा होने पर भी एकनाथ हिसाब में लगे रहे। इतने में एक पायी की भूल पकड़ में आ गयी। एकनाथ खुशी से चिल्ला पड़े,मिल गयी,मिल गयी। गुरू देव ने पूछा,क्या मिल गया बेटा? एकनाथ विस्मय से बोले कि हिसाब में एक पायी की भूल पकड़ में नहीं आ रही थी वह मिल गयी है। लाखों के हिसाब में एक पायी की भूल के लिए रात भर का जागरण। गुरू देव की सेवा में इतनी लगन और दृढ़ निश्चय देखकर गुरू देव के दिल से गुरूकृपा बह निकली क्योंकि उन्हें ज्ञानामृत की वर्षा करने के लिए योग्य अधिकारी जो मिल गया था।

# युद्ध के बीच में बदली रूस की परमाणु नीति के निहितार्थ



डॉ. हिदायत अहमद खान




रूस और पश्चिमी देशों के बीच बढ़ते तनाव और परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की बढ़ती आशंका के चलते तृतीय विश्व युद्ध के खतरे की घंटी बजती नजर आ रही है। रूस और नाटो के बीच लगातार बढ़ते विवाद ने युद्ध के भयावह होने की आशंका को भी बल दे दिया है। अब जबकि पुतिन की नई परमाणु नीति से यह स्पष्ट हो गया है कि रूस किसी भी परिस्थिति में अपने खिलाफ होने वाले किसी भी हमले को अब बर्दाश्त नहीं करेगा और जवाब में परमाणु हथियारों का इस्तेमाल वह कर सकता है। इस घोषणा ने रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को एक नए मोड़ में लाकर खड़ा कर दिया है। यूक्रेन का हमला और रुस की जवाबी कार्रवाई अब संभावित परमाणु हथियारों के इस्तेमाल ने दुनियां के लिए खतरा पैदा कर दिया है। सवाल यही है कि आखिर रुस को इस सख्त कदम के लिए क्यों मजबूर होना पड़ा है? विशेषज्ञों की मानें तो इसके लिए कहीं न कहीं सामरिक हथियारों की खरीद-फरोख्त का बाजार जिम्मेदार है। दरअसल यूक्रेन को पश्चिमी देशों द्वारा दी जा रही सैन्य सहायता, खासकर अमेरिका द्वारा लंबी दूरी की मिसाइलों की आपूर्ति, ने रूस को अपनी परमाणु नीति में बदलाव करने के लिए मजबूर कर दिया है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपने देश की परमाणु सिद्धांत में ऐसे परिवर्तन किए हैं, जिनसे तृतीय विश्व युद्ध का खतरा मंडराने लगा है।

ऐसा नहीं है कि इससे विश्व अनभिज्ञ है, बल्कि सभी देश जान रहे हैं कि दुनिया उस दौर में पहुंच चुकी है, जहां युद्ध को विकल्प मान मानव सभ्यता को ही नष्ट करने का इरादा कर्ता-धर्ताओं और जिम्मेदारों ने पाल रखा है। भले ही इस जमाने में तानाशाह हिटलर का सशरीर वजूद नहीं है, लेकिन उसकी सोच लगातार फलिभूत हो रही है। शांति-सहअस्तित्व की बात करने वाले लगातार युद्ध के विनाश से चेताने की कोशिश भी कर रहे हैं। यही वजह है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक मंच पर शांति के साथ बातचीत के जरिए युद्ध का समाधान तलाशने की बात पूरी दमदारी से रखी है। इस समय जहां-जहां भी युद्ध हो रहे हैं और युद्ध के हालात बनते चले जा रहे हैं उन्हें मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए बातचीत से समस्या का समाधान तलाशने और बीच का रास्ता निकालने की समझाइश दी जा रही है। परमाणु नीति के साथ छेड़छाड़ से बचने और विश्व को भयावह युद्ध की आग में झौंकने से गुरेज करने को कहा जा रहा है। बावजूद इसके पुतिन का कहना है कि रूस के खिलाफ नाटो की मिसाइलों का इस्तेमाल रूस पर हमला माना जाएगा, और इसके जवाब में रूस परमाणु हथियारों का इस्तेमाल कर सकता है। इससे पहले पुतिन ने हाल ही में एक डिक्री पर हस्ताक्षर किए, जिसमें यह स्पष्ट किया गया है कि रूस किन परिस्थितियों में परमाणु हथियारों का उपयोग करेगा। उनके अनुसार, यदि कोई देश, जो परमाणु शक्ति नहीं रखता, रूस के खिलाफ हमला करता है और वह हमला किसी परमाणु शक्ति वाले देश के समर्थन से होता है, तो इसे रूस पर युद्ध घोषित करना माना जाएगा। अब चूंकि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने यूक्रेन को रूस पर हमले के लिए अमेरिकी हथियारों का इस्तेमाल करने की अनुमति दे दी है। अतः रूस को यह खतरा महसूस हुआ है कि यूक्रेन अब रूस के भीतर स्थित सैन्य ठिकानों पर भी हमले कर सकता है। अमेरिका के इस फैसले का रूस पर गहरा असर पड़ा है और देश की सुरक्षा को प्रथमतः मानते हुए उसने अपनी परमाणु नीति में बदलाव किए हैं। यही वजह है कि पुतिन ने यह सुनिश्चित किया कि यदि रूस के खिलाफ बैलिस्टिक मिसाइल या ड्रोन का इस्तेमाल होता है, तो जवाब में परमाणु हथियारों का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके अलावा, यदि रूस के खिलाफ कोई अंतरिक्ष से हमला करता है, तो रूस इसका भी जवाब परमाणु हथियारों से दे सकता है। इस प्रकार पुतिन ने यह स्पष्ट कर दिया है कि रूस किसी भी हालत में अपनी सुरक्षा से समझौता नहीं करेगा और उसे अपनी सीमा के भीतर या बाहर किसी भी हमले का जवाब देने का अधिकार है।

इससे यह भी स्पष्ट हो गया कि यदि युद्ध अब आगे जारी रहता है तो अन्य देशों के इसमें शामिल होने से कोई रोक नहीं सकेगा। रुस समर्थित देश भी सैन्य साजो-सामान के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराते नजर आएंगे। उत्तर कोरिया के प्रमुख किम जोंग उन तो पहले से ही युद्ध में उतरने के लिए अपनी सेना को तैयार रहने की निर्देश दे चुके हैं। ऐसे में अन्य देश भी इसी तरह से युद्ध की आग में घी डालने का काम करेंगे तो वह समय दूर नहीं जबकि तृतीय विश्व युद्ध का आगाज हो। यह स्थिति किसी के लिए भी बेहतर सिद्ध नहीं हो सकती है। भले ही कोई सैन्य सामान बेचकर खुश हो ले, और कोई युद्ध का हिस्सा बने या खुद को इन सब से अलग-थलग रखे, लेकिन बारूद की गंध और बेरहम चीत्कारों से खुद को बचा नहीं सकेगा। अंततः रूस के नए परमाणु सिद्धांत ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति में नई चुनौतियां उत्पन्न कर दी हैं। दोनों महाशक्तियों, रूस और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव और परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की संभावना से तीसरे विश्व युद्ध का खतरा और भी ज्यादा बढ़ गया है। यह दो महीने का समय बहुत ही उलट-फेर करने वाला है। ऐसे समय में सभी शांतिप्रिय देशों के एकजुट होने की आवश्यकता है, ताकि वैश्विक युद्ध के खतरे को टाला जा सके और देश व दुनियां को शांति-सहअस्तित्व वाला सही रास्ता दिखाया जा सके।

# सफल लोकतंत्र के लिए जरूरी हैं राजनीति में शुचिता और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया

कृष्णमोहन झा



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'एक देश एक चुनाव ' के विचार को एक ऐसा राष्ट्रीय मुद्दा बना दिया है जिस पर अंतहीन बहस का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। इस मुद्दे पर सभी राजनीतिक दलों ने पक्ष विपक्ष में अपने जो अलग अलग तर्क दिए हैं उनसे हाल फिलहाल केवल यही नतीजा निकाला जा सकता है कि निकट भविष्य में तो 'एक देश एक चुनाव' के मुद्दे पर देश के सभी राजनीतिक दलों को एक आमराय बनाने के लिए सहमत कर पाना केंद्र सरकार के लिए संभव नहीं है। इसमें कोई संदेह नहीं कि जो राजनीतिक दल देश में एक साथ सारे चुनाव कराने के विचार से असहमत हैं वे इस विचार को राजनीतिक नफा नुकसान की दृष्टि से देख रहे हैं। एक देश एक चुनाव के विचार का विरोध करने वाले राजनीतिक दलों में अधिकांश क्षेत्रीय दल हैं जो क्षेत्रीय मुद्दों को उठाकर चुनाव जीतते रहे हैं। उन्हें यह भय सता रहा है कि ' राज्य विधानसभाओं और लोकसभा के चुनाव एक साथ होने से क्षेत्रीय मुद्दों पर राष्ट्रीय मुद्दे हावी हो जाएंगे जिससे क्षेत्रीय मुद्दों के आधार पर चुनाव जीत कर सत्ता में आने की उनकी उम्मीदों पर पानी फिर सकता है। जाहिर सी बात है कि ऐसे राजनीतिक दलों को यह आशंका सता रही है कि देश में अगर एक साथ सारे चुनाव होने लगेंगे तो उनके लिए यह घाटे का सौदा साबित होगा लेकिन दूसरी ओर भाजपा नीत केंद्र सरकार एक देश एक चुनाव के विचार के पक्ष में जो तर्क दे रही है वे इसलिए मजबूत प्रतीत होते हैं क्योंकि वे राजनीतिक नफा नुकसान की भावना से प्रेरित नहीं हैं। सरकार के इस तर्क से भला कैसे असहमत होना कठिन है कि सारे चुनाव एक साथ कराने से न केवल धन की बबार्दी को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी बल्कि सरकार के कामकाज भी बाधित नहीं होंगे और केंद्र और राज्य सरकारों को अपनी नीतियों और कार्यक्रमों के समयबद्ध क्रियान्वयन का मार्ग प्रशस्त होगा। गौरतलब है कि चुनावों की घोषणा होते ही चुनाव आयोग आदर्श आचार संहिता लागू कर देता है जो चुनाव परिणामों की घोषणा होने तक जारी रहती है और आदर्श आचार संहिता लागू रहते जनहित में भी कोई सरकार नयी घोषणाएं नहीं कर सकती। अगर मोदी सरकार की एक देश एक चुनाव की पहल मूर्त रूप ले सकती तो यह समस्या काफी हद तक हल हो सकती है। इसलिए इस पहल का विरोध करने वाले राजनीतिक दलों से यह अपेक्षा गलत नहीं होगी कि एक देश एक चुनाव की केंद्र सरकार की पहल को उन्हें क्षेत्रीय नजरिए से ऊपर उठकर देखना चाहिए।

इसमें दो राय नहीं हो सकती कि संसदीय लोकतंत्र को सफल बनाने में जितनी महत्वपूर्ण भूमिका निष्पक्ष चुनावों की होती है उतनी ही महत्वपूर्ण भूमिका राजनीति दलों की भी होती है। चुनाव में भाग लेने वाले हर राजनीतिक दल से अगर यह अपेक्षा की जाती है कि वे बेदाग छवि रखने वाले नेताओं को ही चुनाव मैदान में उतारें तो चुनाव आयोग से भी यह अपेक्षा स्वाभाविक है कि वह चुनाव की संपूर्ण प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाए रखने की अपनी जिम्मेदारी का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करें । चुनाव और राजनीति को एक दूसरे से अलग करके नहीं देखा जा सकता। कोई भी राजनीतिक दल स्वयं को चुनावी राजनीति से अलग नहीं रखता और अगर राजनीतिक दल चुनावों से खुद को दूर रखेगा तो उसका अस्तित्व पर ही खतरा मंडराने लगेगा। संसदीय लोकतंत्र की सफलता के लिए चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष हो यह तो अनिवार्य ही है परन्तु यह भी आवश्यक है कि चुनाव प्रचार में हर राजनीतिक दल आरोप प्रत्यारोप में मयार्दा का पालन करे। धर्म , जाति , भाषा के आधार पर अथवा व्यक्तिगत आक्षेपों से हर दल परहेज करे । धन बल , बाहुबल के लिए राजनीति में कोई स्थान नहीं है।नीतियों, सिद्धांतों और दलीय कार्यक्रमों पर आधारित राजनीतिक प्रतिद्वंदिता ही संसदीय लोकतंत्र की सफलता का मार्ग प्रशस्त कर सकती है। इस दिशा में अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। हमें यह याद रखना होगा कि सिद्धांतों पर आधारित राजनीति और चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता ही संसदीय लोकतंत्र की सफलता की पहली शर्त है।

एक नजर

## राजमहल विधानसभा क्षेत्र में 65.25 प्रतिशत मतदान

**साहिबगंज:** उपायुक्त ने विधानसभा आम चुनाव 2024 को लेकर अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से उन्होंने बताया कि साहिबगंज जिला में मतदान की तिथि निर्धारित था और 5 बजे संध्या तक मतदान समाप्त हो चुका है और बहुत सारे मतदान केंद्रों पर मतदान चल रहा है जो भी मतदाता 5 बजे तक मतदान केंद्र पर पहुंच जाते हैं उसको मतदान करना अति आवश्यक होता है। अभी क्लियर कट मतदान परसेंटेज प्राप्त नहीं हुआ है क्योंकि अभी मतदान चल ही रहा है। राजमहल विधानसभा क्षेत्र के 5 बजे तक का मतदान 65.25 है, बोरिया विधानसभा में 65.72, बरहेट विधानसभा में 66.13 प्रतिशत रजिस्टर में दर्ज हुआ है यह मतदान का प्रतिशत 5 बजे तक का है अभी भी लोग लाइन में लगे हुए हैं और मतदान परसेंटेज में वृद्धि होगी। उपायुक्त ने बताया कि तीनों विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल में मतदान हुई है और कोई अप्रिय घटना का मामला प्रकाश में नहीं आया है। कई जगह पीठासीन अधिकारी का तबीयत बिगड़ने के कारण और कई जगह पी 1, पी 2, पी 3, का तबीयत खराब होने के कारण रिप्लेसमेंट हुआ। इसके अलावा हम लोगों के मॉक पोल के दरमियां दरमियां चार सीयू, नौ बीयू और अन्य चीज खराब हुई और रिप्लेस हुई। बाकी कल फाइनल डेटा प्राप्त होगी। मौके पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह एवं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राजेश कुमार दास मौजूद थे।

## स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट और नेचर फाउंडेशन ने किया बाल मेला का आयोजन


**जमशेदपुर:** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने कहा कि आज के दौर में बच्चों का शारीरिक और मानसिक तौर पर फिट रहना बेहद जरूररी है ताकि वे आने वाली चुनौतियों का डट कर मुकाबला कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के बाल मेलों के आयोजन में बच्चों को शारीरिक और मानसिक फिटनेस के साथ ही उनके अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में भी जागरुक किया जाता है। वह स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट और नेचर फाउंडेशन के तत्वावधान में आज बुधवार को आयोजित बालमेला 2024 में अपने विचार रख रहे थे। यह मेला सिदगोड़ा स्थित चिल्ड्रेन पार्क में आयोजित किया गया था। श्री राय ने कहा कि इस साल चूंकि चुनाव आचार संहिता लागू है, इसलिए एक दिन का ही बाल मेला आयोजित हो सका। उन्होंने बताया कि 14 नवंबर को राष्ट्रीय बाल दिवस और 20 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय बाल दिवस मनाया जाता है। उन्होंने बेहद कम समय में एक शानदार आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी। श्री राय ने कहा कि 1954 में संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 20 नवंबर को विश्व बाल दिवस घोषित किया गया और 20 नवंबर 1959 को बाल अधिकार घोषणा पत्र जारी किया गया। तत्पश्चात 1989 में इसी दिन संयुक्त राष्ट्र महासभा ने बाल अधिकार समझौता अंगीकृत किया। भारत ने 1992 में बाल अधिकार प्रपत्र पर हस्ताक्षर किया और 2005 में बाल अधिकार संरक्षण अधिनियम बनाया। बच्चों के सर्वांगीण विकास और सभी बच्चों के लिए समावेशी नीतियों का क्रियान्वयन ही इसका उद्देश्य है। इसके पूर्व सरयू राय ने ध्वजारोहण किया। आगंतुकों का स्वागत स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट के ट्रस्टी अशोक गोयल ने किया। इस मौके पर पूर्व ओलंपियन भूपिंदर सिंह ने ऐसे आयोजनों को सराहा और कहा कि खिलाड़ियों को लगातार मेहनत करने की जरूरत है। उन्हें बढ़िया प्लेटफार्म मिला है। इसलिए वो प्रैक्टिस पर फोकस करें।


# भाजपा प्रत्याशी अनंत ओझा और निर्दलीय प्रत्याशी सुनील यादव एवं उपायुक्त ने किया मतदान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** राजमहल विधानसभा क्षेत्र में सुबह से ही सभी मतदान केंद्रों पर मतदान देने को लेकर मतदाता में बहुत ही ज्यादा उत्साह देखा गया। वही लोग बढ़ चढ़कर इस लोकतंत्र के महापर्व में अपनी-अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर लंबी लंबी कतारों में खड़ा होकर अपनी पारी आने का इंतजार कर रहे थे। इस विधानसभा चुनाव में इस बार महिलाओं एवं नवयुवकों में काफी उत्साह देखा जा रहा है और बुजुर्ग भी पीछे नहीं थे। बुजुर्ग भी अपने नजदीकी मतदान केंद्र पहुंचकर अपना मतदान कर रहे थे। साथ ही भय मुक्त शांति माहौल में मतदाताओं ने अपना-अपना मतदान किया। शोभनपुर भट्टा बूथ संख्या 45 में राजमहल विधानसभा भाजपा के प्रत्याशी अनंत ओझा एवं निर्दलीय प्रत्याशी सुनील यादव अपने मतदान केंद्र संख्या 44 पर अपना अपना मतदान किया। मतदान करने के बाद भाजपा प्रत्याशी अनंत कुमार ओझा ने कहा कि इस लोकतंत्र के महापर्व में लोग बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले और अपना अपना बहुमूल्य मतदान करें और झारखंड को सशक्त राज्य बनाने में अपना योगदान दें। साथ ही राजमहल विधानसभा क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी सुनील यादव ने राजमहल विधानसभा क्षेत्र के जनता से इस देश के महापर्व में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए अपील किया। जहां जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हेमंत सती ने बोरियो विधानसभा क्षेत्र के पुलिस लाइन विद्यालय में अपना मतदान किया और साथ ही जिला वासियों से यह अपील किया कि अपने-अपने बूथ में जाकर लोकतंत्र के इस महापर्व में हिस्सा लेकर अपने भागीदारी दर्ज करें।








## दो साल बाद एलआईजी कॉलोनी के लोगों के लिए खुला रास्ता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**आदित्यपुर :** आदित्यपुर न्यू हाउसिंग कोलोनी के 7 एलएफ मुहल्ले को एलआईजी कॉलोनी से जोड़नेवाली सड़क पिछले दो साल से बंद थी, जिसे आज जेसीबी के मदद से नगर निगम द्वारा आम लोगों के लिए खोला गया है। यह सड़क पिछले दो साल से यहां एसटीपी प्लांट के निर्माण की वजह से बंद हो गयी थी। इसे लेकर पूर्व पार्षद नीतू शर्मा कई बार नगर निगम के प्रशासक से बंद पड़े रास्ता को खोलने की गुहार लगा चुकी थीं। पिछले दिनों भी जन प्रतिनिधि की मीटिंग में नीतू शर्मा ने यह मामला उप नगर आयुक्त पारूल सिंह के समक्ष उठाया था। आज इस मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर निगम प्रशासन ने जीसीबी की मदद से अवरुद्ध हुए रास्ते को दुरुस्त करा दिया है। इससे दोनों कालोनी के करीब 5 हजार निवासियों में खुशी की लहर है। बता दें कि वार्ड 17 में आज भी कई सड़कें एवं नालियां टूटी पड़ी हैं, जिसे न्यू जलापूर्ति स्कीम और सीवरेज स्कीम की वजह से क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। बरसात में यह सड़कें कीचड़मय हो जाती हैं जिससे लोगों को सड़क पर चलना मुश्किल हो जाता है। एमपी टावर मुख्य मार्ग से कालोनी जाने वाले मार्ग की स्थिति आज भी बदतर है। जबकि इस मार्ग में 3-3 नर्सिंग होम हैं जहां दिनभर मरीजों को आना-जाना लगा रहता है। जब से नगर निगम का बोर्ड भंग हुआ है किसी भी तरह के विकास कार्य मसलन रोड नाली कलवर्ट आदि का निर्माण नहीं हो रहा है। जिससे निकाय क्षेत्र के लोगों में नगर निगम के प्रति खासी नाराजगी व्याप्त है।

## पिता ही निकला मासूम का हत्यारा, 48 घंटे के अंदर पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चांडिल :** चौका थाना क्षेत्र के कुरली में 17 नवंबर की रात डेढ़ साल के एक मासूम एवं उसकी मां की हत्याकांड का पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। चौका थाना की पुलिस ने 48 घंटे के अंदर हत्यारोपी अशोक महतो को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे डाल दिया है। चांडिल थाना क्षेत्र के काली मंदिर फदलोगोड़ा के पास से गिरफ्तार। इस हृदय विदारक घटना में डेढ़ साल के एक मासूम के साथ उसकी मां की निर्मम हत्या कर दी गई थी। पुलिस जांच में हत्यारा कोई और नहीं बल्कि उस मासूम का अपना पिता ही निकला। जानकारी के अनुसार चौका थाना क्षेत्र के कुरली में अशोक महतो की 22 वर्षीय पत्नी मधुमिता महतो और उसके डेढ़ वर्षीय पुत्र रोहित महतो की लाश उसके कमरे में 18 नवंबर की सुबह मिली। वहीं मृतका का पति अशोक कुमार महतो घर से फरार मिला। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों शवों का पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा और मामले की जांच शुरू की। अनुसंधान के क्रम में फरार प्राथमिकी अभियुक्त अशोक महतो को 48 घंटे के अंदर पुलिस ने चांडिल थाना क्षेत्र के काली मंदिर फदलोगोड़ा के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके पास से एक आईफोन-14 मोबाइल फोन बरामद किया है। इस संबंध में चौका थाना प्रभारी बजरंग महतो ने बताया कि मृतका के पिता चांडिल थाना क्षेत्र के रावताड़ा निवासी सत्यनारायण महतो ने चौका थाना में लिखित आवेदन देकर मृतका के पति अशोक कुमार महतो के विरुद्ध अपनी ही पत्नी एवं बच्चे की हत्या करने का आरोप लगाया था।




## मतदान को लेकर लोगों में दिखा उत्साह, बूथों पर रही लंबी कतार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरहरवा :** बुधवार को बरहरवा प्रखंड अंतर्गत विभिन्न बूथों पर समय पर मतदान प्रारंभ हुआ। सभी राजनीतिक दल के मतदान अभिकताओं ने मशीन का मिलान करवाया इसके बाद मतदान प्रारंभ हुआ। बरहरवा प्रखंड के मिजार्पुर पंचायत के बूथ नंबर 75 बूथ नंबर 76 के आलावे सीमावर्ती क्षेत्र के बांका पहाड़पुर, चावल छल्ला, बिशनपुर, फरीदपुर, पिपरा, गणेशपुर, तथा भावनंदपुर, राधानगर, आदि गांव के बूथों पर मतदाताओं की लंबी कतार लगा रहा। सीमावर्ती क्षेत्र के किसी भी बूथ से विलंब से मतदान प्रारंभ होने किसी प्रकार की दिक्कतों का समाचार नहीं मिला। मिजार्पुर पंचायत के बूथ नंबर 75 के प्रजेंटिंग ऑफिसर अबूबाकर, शेख ने बताया कि सुबह 7:00 बजे मतदान प्रारंभ करके दिन भर मतदान करने के बाद शाम 5:00 बजे तक शांतिपूर्ण माहौल में मतदान समाप्त किया गया। जिला प्रशासन की तरफ से व्यापक तैयारियां रही। चुनाव आयोग के सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं माइक्रो सेक्टर मजिस्ट्रेट को भी बूथों पर जाकर निरीक्षण करते देखा गया।समाचार भेजे जाने तक बूथों से किसी प्रकार की गड़बड़ी का समाचार नहीं मिला था। मतदान को लेकर मतदाताओं में काफी उत्साह देखा गया।



## रेणुका मुर्मू का झामुमो में शामिल होने का जिला कमेटी ने किया खंडन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरहेट/साहिबगंज :** बुधवार को देर शाम बरहेट झामुमो कार्यालय में प्रखंड कमिटी द्वारा एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। वहीं प्रेस वार्ता में झामुमो केंद्रीय कार्य समिति सदस्य राजा राम मरांडी ने बताया कि सोशल मीडिया में भाजपा के महिला मोर्चा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रेणुका मुर्मू का झामुमो में शामिल होने की चर्चा जोर शोर से है। वहीं इस बात को खंडन करते हुए बताया कि इस संबंध में झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला कमिटी को कोई जानकारी नहीं है। ना ही किसी प्रकार का सूचना प्राप्त है। इस मामले को झामुमो साहिबगंज जिला कमिटी खंडन करती है। साथ ही बताया कि जामा विधानसभा चुनावी मंच के दौरान सभा में शामिल होने की सूचना झामुमो केंद्र कमिटी को कोई सूचना नहीं है। झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कमिटी इसका खंडन करती है। मौके पर मुजीबुर रहमान, देवीलाल तुरी, समदा सोरेन के अलावा अन्य मौजूद थे।

# पूर्वी सिंहभूम जिले के सभी थानों में पीएलवी किए गए प्रतिनियुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि आगामी 14 दिसंबर को पूरे देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उस दिन जमशेदपुर सिविल कोर्ट एवं घाटशिला सिविल कोर्ट में भी प्राधिकार की ओर से नेशनल लोक अदालत लगाई जाएगी। जिसमें सुलह योग्य सभी प्रकार के मामलों का निष्पादन किया जाएगा। प्राधिकार के सचिव बुधवार को न्याय सदन भवन में मीडियाकर्मियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि नेशनल लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा मामले के निष्पादन का लक्ष्य रखा गया है। इसलिए बैंक, वित्तीय संस्थान एवं विभिन्न विभागों के साथ बैठकें की जा रही है। डालसा के सचिव ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में सिविल कोर्ट में विचाराधीन सुलह योग्य मामलों के अलावा प्री लिटिगेशन से जुड़े केस को सुलझाने पर ज्यादा फोकस किया जाएगा। उन्होंने बताया कि डालसा फ्री लीगल एड ((निः शुल्क कानूनी सहायता) प्रोवाइड कराती है. जिसके तहत महिला, अनुसूचित जाति एवं जनजाति के व्यक्ति तथा दिव्यांग व्यक्ति को निः शुल्क मदद प्रदान की जाती है। इसके तहत ऐसे व्यक्ति को कोर्ट की कार्रवाई में भाग लेने पर निशुल्क अधिवक्ता मुहैया कराया जाता है। साथ ही उन्हें कोर्ट फी प्रदान की जाती है। इसी तरह जेल में बंद विचाराधीन कैदियों को न्याय दिलाने के लिए लीगल एड डिफेंस काउंसिल (एलएडीसी) का गठन किया गया है। जिसमे 9 लीगल एक्सपर्ट को रखा गया है। जो कैदियों को कानूनी सहायता प्रदान करते है। डालसा के गतिविधियों की चर्चा करते हुए प्राधिकार के सचिव ने बताया कि डालसा की ओर से समय-समय पर कानूनी जागरूकता अभियान चलाया जाता है। जिसके तहत आम लोगों को कानून की जानकारी के अलावा कानूनी मदद के बारे में बताया जाता है। साथ ही उन्हें सरकार की योजनाओं से अवगत कराया जाता है। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटना के शिकार व्यक्ति के परिजन मुआवजा के लिए डालसा कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावे सेक्सुअल एसॉल्ट से जुड़े मामले में पीड़ित परिवार को कानूनी सहायता के अलावे मुआवजा प्रदान किया जाता है। अब तक अनेकों पीड़ितों को मुआवजा दिया गया है। उन्होंने बताया कि नेशनल लीगल सर्विस ऑथोरिटी की ओर से राष्ट्रीय स्तर पर 15100 टॉल फ्री हेल्प लाइन नंबर जारी किया गया है। उक्त टॉल फ्री हेल्प लाइन नंबर पर शिकायत के अलावा कानूनी मदद प्राप्त कर सकते हैं।जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि झालसा के निर्देश पर पूर्वी सिंहभूम जिले के सभी थानों में एक-एक पारा लीगल वॉलिंटियर्स (पीएलवी) की प्रतिनियुक्ति की गई है, जो सप्ताह में 2 दिन थाने में बैठकर वहां आने वाले लोगों को कानूनी रूप से जागरूक करेंगे। साथ ही किसी अपराध में संलिप्त व्यक्ति को उसके कानूनी अधिकार की जानकारी देंगे। साथ ही उसे कानूनी मदद पहुंचाने के लिए प्रेरित करेंगे। इसके अलावे थाने में आने वाले पीड़ित व्यक्ति की प्राथमिकी लिखने में मदद एवं दर्ज करने में सहायता करेंगे। उन्होंने बताया कि पूर्वी सिंहभूम जिले के अधिकांश विद्यालयों में लीगल लिटरेसी क्लब का गठन किया गया है। जिसका उद्देश्य छात्रों को उनके कानूनी अधिकार एवं कर्तव्य से अवगत कराना है।





संक्षिप्त खबरें

## जिला क्रिकेट अंडर-16 टूर्नामेंट में माही स्पोर्ट्स ने 56 रनों से जीता मैच



**साहिबगंज:** जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे अंडर-16 क्रिकेट लीग टूर्नामेंट के तहत मंगलवार को माही स्पोर्ट्स येलो बनाम संत जोसेफ स्कूल के बीच मैच खेला गया। टॉस जीत कर संत जोसेफ स्कूल ने गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बॉलबाजी करते हुए माही स्पोर्ट्स येलो ने 25 ओवर में 7 विकेट वे नुकसान पर 173 रन बनाए। आदित्य ज्ञान ने 29, मो शोएब अंसारी ने 23, ऋषभ राज ने 28 व अब्राहम शेख ने 48 बनाये। संत जोसेफ स्कूल के गेंदबाज आदित्य कुमार ने 2, वारिस अली हसन व अन्य ने विकेट लिया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी संत जोसेफ स्कूल की टीम 12.5 ओवर में 117 रन बना कर ऑल आउट हो गई सकी। सौरभ ने 12, पीयूष ने 20, प्रिंस ने 31 रनों की पारी खेली। माही स्पोर्ट्स के गेंदबाज ऋषभ राज ने 4 व अमीक नईम ने 5 विकेट लिए। माही स्पोर्ट्स ने 56 रनों से जीत दर्ज की। माही स्पोर्ट्स के खिलाड़ी अमीक नईम को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। मुख्यातिथि डॉ विजय कुमार ने अमीक नईम को मैन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग अशफाक आलम व राकेश कुमार रोशन व स्कोरिंग केएस सौरभ ने किया। मौके पर जेएससीए डिस्ट्रिक्ट सब कमिटी चेयरमैन चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा उर्फ बोदी सिन्हा, जिला क्रिकेट संघ सचिव अंकुर सिन्हा, सतीश सिन्हा, मो जुनैद व आदित्य सहित अन्य मौजूद थे।

## सीआईएसएफ के जवानों ने घुसपैठियों को लेकर गंगा नदी में नाव से की पेट्रोलिंग



**साहिबगंज :** जिला के अन्य थाना क्षेत्र अंतर्गत विधानसभा आम चुनाव 2024 को लेकर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह के निर्देश पर आईटीबीपी के जवान व सीआईएसएफ के जवानों ने गंगा नदी में नाव से पेट्रोलिंग किया। वही जवानों के द्वारा निष्पक्ष चुनाव को लेकर गंगा नदी के विभिन्न दियरा में पेट्रोलिंग एवं मतदान बूथों का निरीक्षण किया गया। वही जवानों के द्वारा लगातार गंगा नदी दियरा क्षेत्र में घुसपैठियों को लेकर लगातार संघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। प्रशासन के द्वारा गंगा नदी क्षेत्र के तटों पर बॉर्डर को सील कर दिया गया है और लगातार गंगा नदी में पेट्रोलिंग जवानों के द्वारा किया जा रहा है जिससे पड़ोसी देश के बांग्लादेशी किसी भी तरह से घुसपैठ ना कर सके। जहां आम जनता को मतदान करने में किसी भी प्रकार की डरने की आवश्यकता नहीं है। वही आईटीबीपी के जवान व सीआईएसएफ के जवान लगातार गंगा नदी एवं बूथों पर अपनी पैनी नजर बनाए हुए हैं। वहीं जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के द्वारा सुरक्षा को लेकर मतदाता से अपील किया है की आज 20 नवंबर 2024 को अपने-अपने मतदान केंद्रों पर जा कर बिना डरे निर्भीक होकर अपना मतदान करें।

## दो महीने से ठप सफाई कार्यों में आ रही तेजी वार्ड 15 में उप नगर आयुक्त ने चलाया अभियान



**जमशेदपुर :** नगर निगम के विभिन्न वार्डों में मंगलवार से सफाई अभियान की शुरूआत हुई है। वार्ड नंबर 15 में पिछले दो दिनों से लगातार नगर निगम की टीम द्वारा विशेष अभियान चलाते हुए व्यापक पैमाने पर साफ-सफाई की गई है। वार्ड 15 के निर्मल नगर बस्ती के लगभग 88 घरों में डस्टबिन का वितरण किया गया है। बता दें कि पिछले करीब छह महीने से उक्त बस्ती में कचरा उठाव नहीं होने से गंदगी का अंबार लग गया था। स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी प्रशासक को लिखित रूप से देते हुए साफ- सफाई की मांग की थी। प्रशासक ने उप नगर आयुक्त पारुल सिंह को मामले पर संज्ञान लेने का निर्देश दिया। इसके बाद पारुल सिंह ने पूरी टीम लगाकर क्षेत्र को गंदगी मुक्त कर दिया है। वहीं हर घर में दो डस्टबिन भी दिया गया जिसमें सूखा और गीला कचरा संग्रहित करने एवं कचरा गाड़ी आने पर उसमें फेंकने की अपील की गई। इस दौरान पारुल सिंह ने महिलाओं के साथ संवाद कर उन्हें जागरूक भी किया। मौके पर सिटी मैनेजर रवि कुमार, एरिया सुपरवाइजर अमन कुमार एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं बस्तीवासियों ने नगर निगम के कार्यों की सराहना की और अपने स्तर से बस्ती को साफ रखने का संकल्प लिया।

## एनआईटी में सुरक्षा और गोपनीयता पर तीसरा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित

**जमशेदपुर:** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) जमशेदपुर के गणित विभाग ने मंगलवार को हाइब्रिड मोड में सुरक्षा और गोपनीयता पर तीसरे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस सम्मेलन में डेटा सुरक्षा, साइबर सुरक्षा और गोपनीयता में अत्याधुनिक शोध और तकनीकी प्रगति पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के निदेशक प्रो. डॉ. गौतम सूत्रधार ने किया, जिन्होंने डिजिटल युग में सुरक्षा और गोपनीयता बनाए रखने की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने प्रतिभागियों को नवीन दृष्टिकोण अपनाने और इस क्षेत्र में उन्नत तकनीकों के विकास में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ. देबाशीष रॉय, आईपीएस, डीजी और आईजीपी, रेलवे, पश्चिम बंगाल पुलिस, मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सम्मेलन का आयोजन डॉ. सुमित कुमार देबनाथ के नेतृत्व में किया गया। जिन्होंने संयोजक और आयोजन सचिव के रूप में कार्य किया, जबकि डॉ. सौरव दास अध्यक्ष के रूप में कार्यरत थे। इस अवसर पर गणित विभाग के प्रमुख डॉ. राज नंदक्योलियार, अन्य प्रतिष्ठित प्रोफेसरों में प्रो. तरनी मंडल, प्रो. रामायण सिंह, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. शक्ति प्रसाद, डॉ. रत्नेश कुमार मिश्रा, डॉ. रजत त्रिपाठी, डॉ. स्नेहाशीष कुंडू, डॉ. हरि शंकर प्रसाद, डॉ। सुभा सरकार, डॉ. समीरन चक्रवर्ती, डॉ. वाई. रामू नायडू भी मौजूद रहे।

# अब केवाईसी न होने पर अकाउंट नहीं होगा फ्रीज, आरबीआई ने लगाई फटकार

## दिशा-निर्देशों का पालन सटीकता और सहानुभूति के साथ किया जाए

नई दिल्ली। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने उन बैंकों को फटकार लगाई है जो केवाईसी न होने पर अकाउंट फ्रीज कर रहे हैं जिनके खाते में सरकार से डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) फंड मिलता है। इसमें सब्सिडी, पेंशन, किसी खास योजना का पैसा आदि शामिल हैं। इसके अलावा आरबीआई ने इन बैंकों को केवाईसी अपडेट में देरी करने के लिए भी दोषी पाया है। इस कारण काफी लोगों के अकाउंट फ्रीज हो गए हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक निजी क्षेत्र के बैंकों के निदेशकों को संबोधित करते हुए आरबीआई के डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जे ने कहा कि बैंकों को तय करना चाहिए कि केवाईसी दिशा-निर्देशों का पालन सटीकता और सहानुभूति दोनों के साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि आरबीआई ने पहले भी बैंकों को निर्देश दिए थे। इनमें कहा गया था कि बैंक केवाईसी के अभाव में उन अकाउंट को फ्रीज नहीं करें जिनमें सरकारी योजनाओं का पैसा ट्रांसफर होता है। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक को ग्राहकों से संबंधित कई समस्याओं के बारे में पता चला है। इनमें ग्राहकों की केवाईसी को समय-समय पर अपडेट करने में बैंक के स्तर पर ज्यादा देरी होना। ग्राहकों की सहायता करने और जरूरी डॉक्यूमेंट्स प्राप्त करने में सक्रिय दृष्टिकोण की कमी होना। कई जरूरी कार्यों को पूरा करने के लिए स्टाफ का पूरा न होना। इस कारण किसी काम के लिए ग्राहक को मना करना। हर काम के लिए ग्राहक को होम ब्रांच भेजना। ग्राहकों की ओर से सभी जरूरी डॉक्यूमेंट देने के बाद भी सिस्टम में जानकारी अपडेट करने में देरी करना शामिल है। स्वामीनाथन ने कहा कि जिस तरह से दिशा-निर्देशों को लागू किया जा रहा है, उसके कारण कई अकाउंट फ्रीज हो रहे हैं। इससे ग्राहकों को उनका पैसा नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि बोर्डों को यह तय करना चाहिए कि बैंकों की सर्विस में किसी भी प्रकार की कमी न रहे। खासकर सीनियर सिटिजंस आदि के लिए।

# पोस्ट ऑफिस की नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट स्कीमः अच्छा निवेश विकल्प

## - ऑनलाइन निवेश की सुविधा भी उपलब्ध

नई दिल्ली।

आजकल निवेश करने वाले लोग बेहद सावधानी से अपनी धनराशि लगाने की प्रक्रिया में जुटे हैं। इस संदेश को ध्यान में रखते हुए, सरकारी पोस्ट ऑफिस द्वारा संचालित नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट स्कीम एक अच्छा निवेश विकल्प प्रस्तुत करती है। यह स्कीम विभिन्न आयु समूहों के लिए रुचिकर ब्याज दर के साथ आता है। एनएससी स्कीम में निवेश करने वालों को मिलने वाला 7.7 फीसदी का ब्याज न केवल उनके पैसे को दोगुना करता है, बल्कि इनकम टैक्स एक्ट के तहत निवेश की रकम पर टैक्स छूट का भी लाभ मिलता है। इस स्कीम का लॉक-इन पीरियड 5 वर्ष का होता है, जो निवेशकों के लिए एक सावधानीपूर्ण समयावधि प्रदान करता है। इस सेविंग्स स्कीम में छोटे बच्चों के नाम से भी अकाउंट ओपन कराने की सुविधा दी गई है, जिससे उनका भविष्य सुरक्षित रहे। निवेशकों को सरकार द्वारा दी गई गारंटी के साथ निवेश करने का मौका मिलता है। इस स्कीम के तहत ऑनलाइन निवेश की सुविधा भी उपलब्ध है, जिससे निवेशकों को किसी भी समय और किसी भी स्थान से आसानी से निवेश करने का अवसर मिलता है। इस प्रकार, नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट स्कीम एक सुरक्षित, लाभकारी और आसान निवेश विकल्प प्रदान करती है जो निवेशकों के लिए एक बेहतर भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है।




# एनसीआर में नया शहर बसाने की योजना, भूमि अधिग्रहण की कवायद तेज

## पहले चरण में 3,165 हेक्टेयर भूमि पर काम शुरू किया जाएगा



नई दिल्ली।

नोएडा प्राधिकरण के एक वेरिष्ठ अधिकारी ने नए नगर न्यू नोएडा के विकास की योजना में गति लाने के लिए कार्य शुरू कर दिया है। इस नगर के लिए भूमि अधिग्रहण को सर्वे करने का काम अब भूमि मालिकों, गांववासियों और ग्राम प्रधानों के साथ किया जा रहा है। न्यू नोएडा का विकास डेडीकेटेड दादरी-नोएडा-गाजियाबाद इन्वेस्टमेंट रीजन (डीएनजीआईआर) के तहत किया जाएगा।

इस परियोजना में गौतम बुद्ध नगर के और बुलंदशहर के कई गांव शामिल होंगे। आर्थिक विकास को ध्यान में रखकर, पहले चरण में 3,165 हेक्टेयर भूमि पर काम शुरू किया जाएगा। राज्य सरकार ने इस परियोजना के मास्टर प्लान 2041 को मंजूरी दी है, जिसमें भूमि के विभिन्न हिस्सों को आवासीय, व्यावसायिक, हरित, सार्वजनिक और अन्य क्षेत्रों के लिए आरक्षित किया गया है। डीएनजीआईआर क्षेत्र को दिल्ली-मुंबई औद्योगिक गलियारे (डीएमआइसी) के एक महत्वपूर्ण निवेश क्षेत्र के रूप में माना जा रहा है। नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक क्षेत्र और नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा से जुड़े इस क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता की सुविधाएं होंगी।

इसके साथ ही न्यू नोएडा को पश्चिमी डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर से जोड़ा जाएगा। न्यू नोएडा का विकास एक उच्चतम स्तरीय परियोजना है जो मुख्य शहरों के साथ संविदान किया गया है। भूमि अधिग्रहण की तैयारियाँ तेजी से जारी हैं और यह नगर एक नया मील का पत्थर बनने की दिशा में अग्रसर है।

# ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी का शेयर 55 फीसदी तक गिरा

## - निवेशकों को 38,000 करोड़ रुपए का नुकसान



नई दिल्ली।

हाल ही में लिस्टेड कंपनी ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी ने अपने निवेशकों को बड़ी चोट पहुंचाई है। इस कंपनी का शेयर करीब 55 फीसदी तक गिर चुका है, जिससे निवेशकों के लगभग 38,000 करोड़ रुपए का नुकसान हो गया है। मंगलवार को यह शेयर 70 रुपए पर बंद हुआ, जबकि 20 अगस्त को यह उच्चतम स्तर पर था। ओला इलेक्ट्रिक के ग्राहकों की खराब सेवा और उत्पाद गुणवत्ता का आरोप शेयरों में गिरावट का मुख्य कारण बन रहा है। कई ग्राहकों ने गाड़ी में तकनीकी समस्याओं की शिकायत की है, जैसे कि ब्रेक शू की खराबी और बैटरी व सॉफ्टवेयर की समस्याएं। इससे कंपनी के शेयरों में व्यापक गिरावट देखने को मिल रही है। इसके अतिरिक्त ओला इलेक्ट्रिक के खराब वित्तीय नतीजे भी शेयर में गिरावट का बड़ा कारण है। कंपनी की दूसरी तिमाही में 495 करोड़ रुपए का घाटा हुआ, जो कंपनी की बढ़ती संख्याओं को दर्शाता है। ओला के फाउंडर भाविश अग्रवाल की कॉमेडियन कुणाल कामरा के साथ सोशल मीडिया पर हुई बहस के बाद, कंपनी की भड़की किरकिरी का सामना करना पड़ा। कुणाल कामरा ने कंपनी के उत्पादों में पाई जा रही समस्याओं को सामने रखकर कंपनी पर हमला किया, जिससे कंपनी की साख और धक्का लगा। ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के शेयरों में गिरावट और वित्तीय संकष्टों के बढ़ते दबाव के बीच कंपनी का भविष्य अभी अनिश्चित बना हुआ है। निवेशकों और ग्राहकों की उम्मीदें कंपनी पर बड़ी चुनौतियों का सामना कर रहा है।

# टाटा मोटर्स ने सऊदी अरब में लॉन्च किया पहला ऑटोमेटेड मैनुअल ट्रांसमिशन


दम्माम।

टाटा मोटर्स ने सऊदी अरब में अपना पहला ऑटोमेटेड मैनुअल ट्रांसमिशन (एएमटी) ट्रक, टाटा प्राइमा 4440.एस एएमटी लॉन्च करने का ऐलान किया है। टाटा मोटर्स ने दम्माम में हैवी इक्विपमेंट एंड ट्रक्स (एचईएटी) शो में अपने पांच हाई-परफॉरमेंस प्रोडक्ट प्रदर्शित किए जिन्हें देश की जरूरत के अनुरूप डिजाइन किया गया है और जो अलग-अलग तरह के एप्लीकेशन को पूरा करते हैं।

टाटा मोटर्स के एचईएटी शो पवेलियन के दौरान टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल्स के हेड ने कहा कि सऊदी अरब टाटा मोटर्स के लिए एक खास और अहम क्षेत्र है। सऊदी अरब तेजी से बदलाव के दौर में है, इसलिए हम अपने एडवांस सॉल्यूशन के साथ इसकी उभरती गतिशीलता जरुरतों को सपोर्ट करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि लेटेस्ट टेक्नोलॉजी, विश्वसनीयता और ग्राहक लाभप्रदता पर मजबूत फोकस के साथ, हमें सऊदी अरब में अपना पहला ऑटोमेटेड मैनुअल ट्रांसमिशन ट्रक लॉन्च करने पर गर्व है।

टाटा मोटर्स के ट्रकों की रेंज व्यापक सेवाओं से पूरी की जाती है, जो इसके ऑफिशियल डिस्ट्रीब्यूटर मोहम्मद यूसुफ नागी मोटर्स कंपनी के साथ साझेदारी में प्रदान की जाती है। प्राइमा 4440.एस एएमटी कैरियर, हेवी इक्विप्मेंट ट्रांसपोर्टेशन के लिए उपयुक्त है। कंपनी के मुताबिक फ्यूल सेविंग और ड्यूरेबल ऑटोमेटेड ट्रांसमिशन के साथ यह ट्रक बहुत से स्मार्ट फीचर्स जैसे लोड-बेस्ड स्पीड कंट्रोल सिस्टम, सिस्टम डाउन प्रोटेक्शन सिस्टम और बेहतर फ्यूल एफिशिएंसी के लिए ऑटो स्टार्ट-स्टॉप सिस्टम से लैस है। इसमें यूरो-वी कम्प्लाइंट 8.9-लीटर कमिंस इंजन है जो 400 बीएचपी और 1,700 एनएम का टॉर्क पैदा करता है ताकि यह तय हो सके कि सबसे भारी लोड, सबसे कठिन इलाकों और सबसे खड़ी ढलानों को संभालने के लिए पर्याप्त हो।

बयान में कहा गया कि न्यूमेटिकली सस्पेंडेड सीट और टिल्ट-एंड-टेलीस्कोपिक स्टीयरिंग व्हील वाला आधुनिक केबिन, ड्राइवर के आराम और सुविधा को बढ़ाता है, जिससे उत्पादकता में बढ़ोतरी होती है। टाटा मोटर्स 40 से ज्यादा देशों में एक वाइड कमर्शियल व्हीकल पोर्टफोलियो प्रदान करता है, जिसमें 1 टन से लेकर 60 टन तक के कार्गो वाहन और 9-सीटर से लेकर 71-सीटर मास मोबिलिटी सॉल्यूशन शामिल हैं। टाटा मोटर्स की एडवांस आरएंडडी क्षमताओं द्वारा समर्थित, इन वाहनों को स्थानीय बाजार की जरुरतों के अनुरूप मजबूती से इसका निर्माण किया गया है।







## यूपीआई मंच पर तकनीकी अस्वीकारण की दर में 0.8 प्रतिशत की कमीः एनपीसीआई

### कम राशि वाले लेनदेन को यूपीआई लाइट में स्थानांतरित करने पर विचार

**मुंबई।** नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के एक वेरिष्ठ अधिकारी ने हाल ही में यहां एक बड़ा ऐलान किया। उन्होंने बताया कि यूपीआई मंच पर तकनीकी अस्वीकरण की दर अब घटकर 0.8 प्रतिशत तक रह गई है। उन्होंने हाल ही में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि तकनीकी अस्वीकरण की दर 2016 में 8-10 प्रतिशत से घटकर अब 0.7-0.8 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने अद्वितीय उपयोगकर्ताओं की संख्या को भी 40 करोड़ बताया। इसके साथ ही एनपीसीआई विचार कर रहा है कि कम राशि वाले लेनदेन को यूपीआई लाइट में स्थानांतरित करके सर्वर पर दबाव कम किया जा सके। इस बढ़ते उपयोगकर्ता संख्या और तकनीकी सुधार के साथ, यूपीआई मंच की प्रभावीता में सकारात्मक बदलाव देखने की संभावना है।

## ट्रम्प प्रशासन का दबाव कम करने भारत से संबंध सुधारने की कोशिश कर रहा चीनः अघी

### - चीन के साथ व्यापारिक रिश्तों में शुल्कों में कमी करने का सुझाव दिया गया था

**वाशिंगटन।** भारत और अमेरिका के बीच सामरिक और राजनितिक एकीकरण की महत्वपूर्ण घटना हुई है जो अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों के बाद हुई है। यूएसआईएसपीएफ के अध्यक्ष मुकेश अघी ने कहा कि अमेरिका में राष्ट्रपति चुनावों के नतीजे के बाद अमेरिका चीन के दबाव को कम करने के लिए भारत के साथ समर्थन की ओर ध्यान देने के लिए कोशिश कर रहा है। अमेरिका में हाल ही में पुनरावृत्ति संपन्न हुई और जो उम्मीदवार राष्ट्रपति पद के लिए चुना गया है, उन्होंने चीन के साथ व्यापारिक रिश्तों में शुल्कों में कमी करने का सुझाव दिया था। अघी ने कहा कि ट्रम्प की जीत ने भारत-चीन संबंधों पर भी सकारात्मक प्रभाव डाला है। इस संबंध में अमेरिकी कांग्रेस की एक समिति ने भी चीन के साथ अधिक सख्ती बनाने की सिफारिश की है। चीन के साथ सामान्य व्यापारिक रिश्तों को समाप्त करने की मांग की गई है। इससे पहले भारत ने पिछले महीने चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा के मामले में समझौता किया और सैन्य गतिरोध को समाप्त करने का आह्वान किया था। इस नए परिवर्तन के साथ अमेरिका-चीन संबंधों की समीक्षा और जलवायु में परिवर्तन की संभावना है जिससे व्यापार युद्ध के आसार हैं। यह एक महत्वपूर्ण समय है जहां भारत और अमेरिका के बीच रक्षा और सामरिक सहयोग की जरूरत है।

## गोदरेज ने कोलकाता में 53 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया

### परियोजना की अनुमानित राजस्व क्षमता करीब 500 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड एक भारतीय रियल एस्टेट कंपनी ने अपनी नवीनतम परियोजना के लिए कोलकाता में 53 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया है। यह भूमि कोलकाता के जोका में स्थित है और इस परियोजना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनेगी। कंपनी ने इस समाचार को शेयर बाजार में जारी हुए एक वक्तव्य के माध्यम से जानकारी दी कि इस परियोजना में 13 लाख वर्ग फुट बिक्री योग्य क्षेत्र का विकास किया जा सकता है। मुख्य रूप से आवासीय प्लॉट के विकास को ध्यान में रखते हुए इस परियोजना की अनुमानित राजस्व क्षमता करीब 500 करोड़ रुपये है। कंपनी के एक अधिकारी ने बताया कि यह भूमि हमारी उपस्थिति को गहरा करने के लिए महत्वपूर्ण है। हमारा लक्ष्य एक उत्कृष्ट प्लॉट विकास परियोजना के निर्माण में समर्पित है। यह अधिग्रहण कंपनी के विकास के कल्पना को मजबूती देगा और क्षेत्र में उनकी उपस्थिति को मजबूत करेगा।

## सोने की कीमतों में तेजी का रुझानद्व रिपोर्ट

### - दिसंबर 2025 तक एक औंस सोने की कीमत पहुंच सकती है 3,000 डॉलर तक



नई दिल्ली। भारत में शादी का सीजन चल रहा है, और सोने-चांदी के बाजार में रौनक देखी जा रही है। 18 और 19 नवंबर को सुनहरे वस्त्रों के बीच सोने की कीमतों में गिरावट देखी गई थी, लेकिन अब एक रिपोर्ट ने लोगों के ध्यान को आकर्षित किया है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि सोने की कीमतों में बड़ी तेजी आने की संभावना है। इसके अनुसार केंद्रीय बैंकों की सोने में बढ़ी हुई खरीदारी और अमेरिकी ब्याज दरों में कटौती के कारण सोने की कीमतें रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच सकती हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक दिसंबर 2025 तक एक औंस सोने की कीमत 3,000 डॉलर तक पहुंच सकती है। रिपोर्ट के मुता बिक ट्रम्प प्रशासन और बढ़ती व्यापारिक टेंशन के कारण भी सोने की कीमतों में इजाफा हो सकता है। अमेरिकी वित्तीय स्थिति को लेकर बढ़ती चिंताएं भी सोने की कीमतों को समर्थन दे सकती हैं। भारत में भी सोने की कीमतों में बदलाव देखा गया है। नोएडा में 19 नवंबर को 22 कैरेट सोने की कीमत 7,095 रुपए प्रति ग्राम थी, जो 20 नवंबर को बढ़कर 7,165 रुपए हो गई है। 24 कैरेट सोने की कीमत भी 7,450 रुपए से बढ़कर 7,523 रुपए प्रति ग्राम हो गई है। इस रिपोर्ट ने सोने खरीदने वालों को सोचने पर मजबूर कर दिया है, जिसके चलते उलझन और चिंताएं उभर रही हैं।

# मारुति ब्रेजा ने की 16,565 यूनिट्स की बिक्री, ब्रेजा और फ्रोंक्स का दबदबा

नई दिल्ली।

बीते महीने अक्टूबर 2024 के आंकड़ों के अनुसार, देश में सब-कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट में मारुति सुजुकी का दबदबा रहा। मारुति ब्रेजा ने 16,565 यूनिट्स की बिक्री के साथ पहला स्थान हासिल किया। यह आंकड़ा पिछले साल के 16,050 यूनिट्स से 3.21प्रतिशत अधिक है। वहीं, मारुति फ्रोंक्स ने 44.57प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ 16,419 यूनिट्स बेचीं। अन्य प्रमुख मॉडल्स के प्रदर्शन की बात करें तो टाटा पंच- 15,740 यूनिट्स (2.76प्रतिशत वृद्धि), टाटा नेक्सन- 14,759 यूनिट्स (12.6प्रतिशत गिरावट), हुंडई वेन्यू- 10,901 यूनिट्स (5.87प्रतिशत गिरावट), किआ सोनेट- 9,699 यूनिट्स (49.38प्रतिशत वृद्धि) और महिंद्रा एक्सयूवी 300- 4,865 यूनिट्स (96.55प्रतिशत वृद्धि)। हुंडई एक्सटर और निसान मैग्नाइट ने क्रमशः 7,127 और 3,119 यूनिट्स की बिक्री की, जबकि टोयोटा टैसर ने 3,092 यूनिट्स बेचीं। हालांकि, मारुति जिम्नी और रेनो काइगर की बिक्री में गिरावट दर्ज की गई। एसयूवी सेगमेंट का बाजार में हिस्सा अब 50 प्रतिशत से ऊपर हो गया है। फ्रोंक्स और ब्रेजा जैसी गाड़ियों के साथ मारुति ने इस सेगमेंट में अपनी मजबूती दिखाई है। बेहतर फीचर्स और किफायती कीमत के चलते ये मॉडल्स बाजार में लगातार लोकप्रिय हो रहे हैं। बेहतर स्पेस और ग्राउंड क्लीयरेंस के चलते ग्राहक इन्हें हैचबैक गाड़ियों पर प्राथमिकता दे रहे हैं। मारुति सुजुकी के मॉडल्स ने अपनी विश्वसनीयता और परफॉर्मेंस से ग्राहकों को आकर्षित किया है।



# बिटकॉइन ने बनाया नया रिकॉर्ड, 94 हजार डॉलर के पार पहुंची कीमत

## - बिटकॉइन का बाजार मूल्य 1.82 ट्रिलियन डॉलर पर

वाशिंगटन।

आधुनिक वित्तीय दुनिया में क्रिप्टोकरेंसी के क्षेत्र में बिटकॉइन ने एक बार फिर से अपनी ताकत दिखाते हुए नई ऊंचाई को छू लिया है। बिटकॉइन की कीमत 94,000 डॉलर के पार पहुंच गई है, जो एक रिकॉर्ड है। इस बड़ी बढ़त के पीछे बितकॉइन के प्रमुख समर्थक पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और टेस्ला के मालिक एलन मस्क का समर्थन माना जा रहा है। कंपनी क्वाइन डेस्क के आंकड़ों के मुताबिक बिटकॉइन की कीमत ने 94,038.97 डॉलर के स्तर तक पहुंच कर रिकॉर्ड बनाया। पिछले हफ्ते में बिटकॉइन में 2 फीसदी की वृद्धि देखने को मिली, जबकि पिछले महीने में इसने 33 फीसदी से अधिक का रिटर्न दिया। वर्तमान में बिटकॉइन का बाजार मूल्य 1.82 ट्रिलियन डॉलर पर पहुंच गया है। इसके साथ ही एलन मस्क की पसंदीदा क्रिप्टोकरेंसी डॉगकॉइन की भी कीमत में बढ़ोतरी देखने को मिली है। वर्तमान में डॉगकॉइन की कीमत 0.38 डॉलर हो गई है, जो पिछले हफ्ते में 1.30 फीसदी तक बढ़ गई है। ट्रंप की जीत के बाद डॉगीकॉइन ने निवेशकों को 175 फीसदी का रिटर्न दिया है, जबकि पिछले एक साल में इसने 400 फीसदी से ज्यादा की कमाई दी है। ग्लोबल क्रिप्टोकरेंसी मार्केट ने भी नई ऊंचाई छू ली है और अब यह 3 ट्रिलियन डॉलर से ऊपर पहुंच चुका है। हालांकि पिछले 24 घंटे में गिरावट आई है, लेकिन कुल मार्केट कैप में 5 नवंबर के बाद से 800 बिलियन डॉलर से ज्यादा का इजाफा हुआ है।



## एसएलसीएम ने बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ की साझेदारी

### - कंपनी 19 भारतीय राज्यों में 17,000 से अधिक गोदामों का संचालन करती है

**नई दिल्ली।** कृषि वित्त पोषण में सुधार के लिए सोहन लाल कमोडिटी मैनेजमेंट (एसएलसीएम) ने बक ऑफ बड़ौदा के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। इस साझेदारी के माध्यम से किसानों को अपनी फसलों के बदले ऋण प्राप्त करने में मदद मिलेगी। कंपनी के अनुसार एसएलसीएम ने वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में प्रबंधन अधीन परिसंपत्तियां 73 प्रतिशत बढ़कर 11,952 करोड़ रुपये हो गई है। इससे पहले यह 6,911 करोड़ रुपये थी। इस साझेदारी से कंपनी की एग्री रीच प्रौद्योगिकी से डिफॉल्ट जोखिम को कम करने और कृषि परिवेश के लिए वित्तीय पहुंच में सुधार होगा। एसएलसीएम क्षेत्र में भारत और म्यांमा में 20 से अधिक वित्तीय संस्थानों के साथ साझेदारी कर रही है। कंपनी 19 भारतीय राज्यों में 17,000 से अधिक गोदामों और 36 कोल्ड स्टोरेज सुविधाओं का संचालन करती है और विभिन्न वस्तुओं का प्रबंधन करती है। कृषि सेक्टर में नए और विशेषज्ञ सेवाएं किसानों को बढ़ी हुई आवश्यकताओं का सामना करने में मदद कर सकती हैं। इस साझेदारी के माध्यम से एसएलसीएम के सामर्थ्य का उपयोग करके किसानों को अधिक विकल्प देने का काम भी किया जा सकता है।

# मुंगेर: 700 लोगों से 15 करोड़ की ठगी

## 4800 वीडियो देखने पर 15 हजार की सैलरी, सिक्योरिटी मनी को डबल करने का दिया झांसा



**मुंगेर** । निवेश के नाम पर ठगी करने का मामला सामने आया है। जॉलीवुड म्यूजिक इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी 700 लोगों के 15 करोड़ लेकर फरार हो गई है। मामला जमालपुर थाना क्षेत्र के दौलतपुर का है। मंगलवार को 30 से अधिक लोग ठगी मामले की शिकायत दर्ज कराने जमालपुर थाना पहुंचे। शिकायत करने वाले लोगों ने बताया कि 'कंपनी के चेयरमैन नया टोला फुलका निवासी इंद्रदेव तांति के बेटे जितेंद्र कुमार राजीव ने निवेश के नाम पर ठगी की है। पीड़ितों ने बताया कि 'डिजिटल जॉब और रकम दोगुनी करने का झांसा देकर धोखाधड़ी की गई है। कंपनी 2 स्लैब के तहत पैसा लेती थी। पहला स्लैब 1 लाख 32 हजार 500 रुपए का था और दूसरा 2 लाख 56 हजार 500 रुपए का।' पहले स्लैब में हर महीने1700 वीडियो देखने पर 7500 रुपए जबकि, दूसरे स्लैब में हर महीने 4800 वीडियो देखने पर कंपनी की तरफ से 15 हजार की सैलरी दी जाती थी। कंपनी की तरफ से बताया गया था कि जो पैसे जमा किए गए हैं वो सिक्योरिटी मनी है। जो डबल करके दिया जाएगा। पीड़ित अरविंद साह ने बताया कि 'कंपनी में 650 से 700 लोगों ने निवेश किया था। मैंने भी पिछले 6 महीने पहले 2 लाख 56 हजार 500 रुपए वाले स्लैब में निवेश किया था। कंपनी की तरफ से बताया गया था कि तीन मिनट के 4800 वीडियो देखने होंगे। यह टारगेट एक महीने में पूरा करना होता था। ऐसा करने पर कंपनी की ओर से 15 हजार रुपए मिलते थे। इसके अलावा जो रुपए दिए थे, उसे डबल करने की बात कही गई थी। अरविंद साह ने बताया कि ' मैं और मेरे भाई ने अगस्त में 6 आईडी खुलवाई थी। मेरे भाई ने बंधन बैंक से लोन लेकर 4 और मैंने 2 आईडी खुलवाई थी। सभी के नाम पर सैलरी आती थी। पिछले तीन महीनों से पैसे नहीं मिल रहे थे। इसके बाद मीटिंग बुलाई गई। मीटिंग में कंपनी के लोगों ने कहा कि जल्द ही पैसे मिल जाएंगे। इसके बाद अचानक कंपनी के सभी लोगों का फोन बंद हो गया।' पीड़ित संजीव कुमार ने बताया कि 'जमीन बेचकर पूरे परिवार के लिए सात आईडी खुलवाई थी। कंपनी के चेयरमैन ने कुछ लोगों को ज्यादा निवेशक लाने पर बाइक और कार तक गिफ्ट की थी। इस झांसे में आकर मैंने भी निवेश किया था।' कंपनी के झांसे में आकर निवेश करने वालों ने बताया कि 'कंपनी के चेयरमैन जीतेन्द्र कुमार राजीव ने अपने नाम से एचडीएफसी और बंधन बैंक में खाता खोल रखा था। दोनों बैंक में निवेशकों से पैसे लेकर जमा करते था। सदर डीएसपी राजेश कुमार ने बताया कि 'जमालपुर थाना क्षेत्र के दौलतपुर स्थित केएस काम्प्लेक्स में जॉलीवुड म्यूजिक इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड नाम की कंपनी चल रही थी। इसमें 2 लाख से अधिक वाले स्लैब में 4800 गाना सुनने पर 15 हजार रुपए मिलते थे और एक लाख वाले स्लैब में 7 हजार 500 रुपए मिलते थे। इस लोभ में कंपनी से बहुत सारे लोग जुड़ते चले गए।' डीएसपी ने बताया कि 'अब तक की जांच में 150 से अधिक लोगों का नाम सामने आया है। 650 से 700 लोगों की ओर से निवेश की बात आ रही है। कंपनी ने कितने रुपए की ठगी की है। इसकी जांच की जा रही है। कंपनी से जुड़े सॉफ्टवेयर इंजीनियर धीरज कुमार को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा कंपनी के चेयरमैन जितेंद्र कुमार राजीव, चेयरमैन का पीए संजीव कुमार, चेयरमैन का भाई और चालक प्रिय रंजन कुमार उर्फ छोटू फरार है। उनकी गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है।'

## कामाख्या से दिल्ली जा रही ब्रह्मपुत्र मेल की स्प्रिंग टूटी



**भागलपुर** । 15658 अप ब्रह्मपुत्र मेल की स्प्रिंग टूट गई। ट्रेन दुर्घटनाग्रस्त होने से बाल-बाल बची। ट्रेन असम के कामाख्या से दिल्ली जा रही थी। सुबह 9.26 बजे अप ब्रह्मपुत्र मेल अपने तय समय से करीब एक घंटे देरी से भागलपुर स्टेशन से गुजर रही थी। ड्यूटी पर तैनात तकनीशियन की नजर ट्रेन के कोच के नीचे टूटी स्प्रिंग पर पड़ी। इसकी सूचना तुरंत तकनीशियन ने स्थानीय से लेकर मालदा मंडल के अधिकारियों, लोको पायलट और गार्ड को दी। जिसके बाद गाड़ी की रफ्तार 120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार 95 कर दी गई। भागलपुर से इस ट्रेन में तकनीशियन को भेजा गया। भागलपुर से किऊल के बीच जिन स्टेशनों पर ट्रेन का ठहराव है, वहां उतरकर तकनीशियन स्प्रिंग की स्थिति को देखते रहे कि कहीं टूटी स्प्रिंग की दरार बढ़ी तो नहीं है रेलवे के अधिकारियों के अनुसार, किऊल के बाद दानापुर मंडल के तकनीशियन को दानापुर तक भेजा गया। दानापुर पहुंचने के बाद स्प्रिंग को ठीक किया जाना है। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षित ट्रेन संचालन के लिए जंक्शन के दोनों छोर पर रोलिंग प्वाइंट पर दो-दो तकनीशियन की ड्यूटी लगाई जाती है। वहां से जितनी भी ट्रेनें गुजरती हैं तकनीशियन उन ट्रेनों पर नजर रखते हैं। इसी दौरान ब्रह्मपुत्र मेल गुजर रही थी। तकनीशियन की नजर कोच के नीचे टूटे स्प्रिंग पर पड़ी और तुरंत इसकी जानकारी अधिकारियों को दी गई।

## फारबिसगंज के लॉज में छापेमारी, 3 बदमाश अरेस्ट

### अररिया में ऑटोमेटिक पिस्टल-दो मैगजीन जब्त, 3 मोबाइल भी हुआ बरामद



**अररिया** । फारबिसगंज पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के आलम टोला रोड में अली टोला के समीप अवस्थित एक लॉज में छापेमारी की। वहां से तीन युवकों को एक ऑटोमेटिक पिस्टल, दो मैगजीन व चार जिंदा कारतूस और तीन मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार तीनों युवकों से आदर्श थाना फारबिसगंज के परिसर में एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा व थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह ने गहन पूछताछ की। पूछताछ के बाद एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा ने मंगलवार को देर शाम 5 बजे के करीब प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों को जानकारी दी। लॉज से पिस्टल,मैग्जीन व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार तीनों युवकों का नाम मो राशिद, मो इम्तियाज व मो सलमान है।

एसडीपीओ ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि एसपी से प्राप्त आदेश के आलोक में अवैध हथियार व मादक पदार्थ के विरुद्ध उनके नेतृत्व में अनुमंडल क्षेत्र में विशेष समकालीन अभियान चालाया गया था। थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह को गुप्त सूचना मिली कि पुलिस ने शहर के आलम टोला रोड अली टोला के समीप एक लॉज में भारी मात्रा में अवैध हथियार की खरीद बिक्री की जा रही है। एसडीपीओ ने बताया कि सूचना के आधार पर विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी दल ने लॉज में छापेमारी कर तीनों युवकों को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया। एसडीपीओ ने बताया कि अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार तीनों युवकों ने पूछताछ के क्रम में पिस्टल के खरीदे जाने से ले कर फारबिसगंज में अभी तक बेचे जाने तक मे कई अहम खुलासा किया है।

साक्ष्य संकलन कर एसपी के निर्देश पर एक विशेष टीम टीम गिरफ्तारी व बरामदगी के लिए छापेमारी की जा रही है। एसडीपीओ ने बताया कि हथियार तस्कर गिरोह का कनेक्शन फारबिसगंज थाना क्षेत्र के अलावा अन्य थाना क्षेत्र के साथ साथ सीमावर्ती जिला से भी है।

## भागलपुर ट्रैफिक डीएसपी समेत 6 पर केस दर्ज

### घर में घुसकर बुजुर्ग से की मारपीट, बहू के नाम मकान लिखने का बना रहे थे दबाव



**पटना** । कदमकुआं थाने में भागलपुर ट्रैफिक डीएसपी आशीष कुमार समेत 4 लोगों के खिलाफ ऋक्रक दर्ज की गई है। डीएसपी पर बुजुर्ग के साथ मारपीट और मकान लिखने का दबाव बनाने का आरोप लगा है। यह केस कोर्ट के आदेश पर 18 नवंबर को दर्ज किया गया है। पीड़ित विजय कुमार(69) ने बताया कि 9 सितंबर 2024 की शाम करीब 5 बजे अपने बीमार बेटे के साथ बैठे थे। इसी दौरान मेरी बड़ी बहू साधना सिंह अपने रिश्तेदार भागलपुर ट्रैफिक डीएसपी आशीष कुमार, कुंदन सिंह, अनीता सिंह और रौनक सिंह के साथ जबरदस्ती घर में घुस गए। सभी लोगों ने मेरे और मेरी पत्नी के साथ मारपीट की। इसके बाद पिस्टल के बल पर 1000 रुपए के सादा स्टांप पेपर पर मुझसे साइन करा लिया। घर में हो रही आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर जुट गए। इसके बाद सभी फरार हो गए। विजय कुमार ने आगे कहा कि 'घटना की जानकारी कदमकुआं थाने को दी। लेकिन, कोई कार्रवाई नहीं की गई। मामला भी दर्ज नहीं किया गया। घटना के दूसरे दिन यानी 10 सितंबर को दोपहर 12 बजे अनीता कुमारी, अंशु कुमारी, कुंदन कुमार, रौनक कुमार, अभय प्रताप सिंह और कदमकुआं थाने के तीन पुलिसकर्मी मेरे घर पर पहुंचे। एक पुलिसकर्मी के बैच पर अमित कुमार लिखा था। सभी ने धमकाते हुए कहा कि अगर साधना कुमारी को तुम लोगों ने अपना घर नहीं लिखा तो बर्बाद कर देंगे।' थाने की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई तो पीड़ित विजय कुमार ने कोर्ट में कार्रवाई को लेकर प्रार्थना पत्र दायर की। कोर्ट ने 12 नवंबर को पटना एसएसपी को ऋक्रक दर्ज करने का आदेश दिया। कदमकुआं थानेदार राजीव कुमार के मुताबिक, 18 नवंबर को एफआईआर दर्ज किया गया है। आरोपियों के खिलाफ धारा 126(2), 115(2), 308(2), 74, 76, 303(2), 3(5) लगाया गया है। प्राथमिकी में भागलपुर के ट्रैफिक डीएसपी आशीष कुमार, साधना कुमारी (बड़ी बहू), अनीता सिंह (बहू की मां), रौनक प्रताप सिंह, अंशू देवी, अभय प्रताप सिंह का नाम है। इसके अलावे 5 अज्ञात लोग शामिल है। थानेदार राजीव कुमार ने कहा कि 'पुलिस निष्पक्ष होकर पूरे मामले की जांच कर रही है। जांच में दोषी पाए जाने पर पुलिसकर्मी के खिलाफ विभागीय और कानूनी कार्रवाई की जाएगी।' डीएसपी आशीष कुमार ने अपना पक्ष रखते हुए कहा है कि 'हां मैं कदमकुआं गया था। मेरी भतीजी के पति और पीड़ित विजय कुमार के बेटे बीमार है। मैं पटना छुट्टी ले कर गया था। इसी दौरान भतीजी के बीमार पति को देखने गया था। मेरी किसी तरह की लड़ाई उनसे नहीं हुई है। ये सभी आरोप गलत है।

## अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी को फोन पर मिली धमकी




**सीवान।** नगर परिषद में कार्यरत सहायक लोक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी उज्जवल तिवारी को मोबाइल पर फोन कर धमकी दी गई है। इसकी सूचना उज्ज्वल तिवारी ने नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को दी है। उन्होंने धमकी मिलने के बाद सुरक्षा मुहैया कराने की भी मांग की है। पदाधिकारी ने आवेदन दिया है। उन्होंने अपने आवेदन में कहा है कि सुबह में कार्यालय काम में उपयोग किए जाने वाले मोबाइल पर एक नंबर से कॉल आया। उसके बाद कॉल करने वाला अपने आप को वार्ड पार्षद जावेद बताया। साथ ही धमकी वाले लहजे में कहा कि कार्यपालक पदाधिकारी का मोबाइल बंद क्यों है, उनसे कैसे बात होगी। परेशानी पूछने पर कहा गया कि एक जेसीबी और चार मजदूर की आवश्यकता है। पदाधिकारी के अनुसार उन्हें देख लेने की भी धमकी दी गई है। पहले कॉल के दौरान ही उन्होंने अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया गया, जिसे मैं काफी डरा और सहमा हुआ हूं। इसी मामले में उन्होंने आवेदन देकर सुरक्षा की गुहार लगाई है। कार्यपालक अभियंता अरविंद कुमार सिंह से इस धमकी व घटना के बारे में बात किया गया तो उन्होंने कुछ भी ठीक-ठाक जवाब नहीं दिया।


## संक्षिप्त डायरी

### भागलपुर में शिक्षकों ने निकाला कैंडल मार्च




**भागलपुर।** नियोजित शिक्षकों पर सरकार के दमनकारी नीति को लेकर बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ पटना के आह्वान पर जिला माध्यमिक शिक्षक संघ के बैनर तले मंगलवार को शिक्षकों ने मशाल जुलूस सह कैंडल मार्च निकाला। शिक्षक संघ भवन से खलीफाबाग चौक होते हुए स्टेशन चौक पहुंच कर मार्च समाप्त हुआ। मौके पर संघ के अध्यक्ष राजकुमार प्रसून व जिला सचिव डॉ. रवि शंकर ने कहा कि बिहार सरकार की तरफ से नियोजित शिक्षकों पर लगातार दमनकारी कार्य किए जा रहे है। शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद स्थानांतरण और पदस्थापना के लिए 10 अनुमंडल का चयन करने को कहा गया है। यह कहां से उचित है. जबकि सक्षमता परीक्षा नियमावली में इसकी चर्चा नहीं है। दूसरी तरफ सरकार ने 20 नवंबर यानी बुधवार से शिक्षकों को औपबंधिक नियुक्ति पत्र वितरित करने का आदेश दिया है। ऐसे में माध्यमिक शिक्षक संघ भागलपुर जिला के सभी नियोजित शिक्षकों को किसी भी परिस्थिति में नियुक्ति पत्र लेने से मना करता है। इसके लिए संघ के सभी पदाधिकारी सदस्यों और नियोजित प्रभारी प्रधानाध्यापकों से अपील की गई कि सामूहिक रूप से इस नियुक्ति पत्र वितरण का बहिष्कार करें। शिक्षक नेता ने कहा कि नियुक्ति पत्र में नियोजित शिक्षकों के 16-17 वर्षों तक सेवा देने के बावजूद पूर्व सेवा समाप्त करते हुए नए सिरे से विशिष्ट शिक्षक के रूप में योगदान करने को कहा गया है। यह नियुक्ति पत्र शिक्षकों के लिए कहीं से उचित नहीं है। अधिकांश शिक्षकों का सेवाकाल 10 वर्षों का रह गया है। ऐसे में उन शिक्षकों को यूपीएस, ओपीएस मिलने की कोई संभावना नहीं रह जाती है। मौके पर अखिलेश कुमार नीरज झा, डॉ अभय, डॉ संजीव, नसीम आलम, चंदन शंकर, शिवरथ, नवीन कुमार, प्रीतम कुमार, कुमार कृष्ण, संजू कुमारी, अनामिका कुमारी, हेमकांत, इमरान आदि मौजूद थे।

### दो बाइक की टक्कर में 2 की मौत



**गया** । वजीरगंज-फतेहपुर सड़क पर कंचनपुर गांव के पास मंगलवार देर शाम को सड़क हादसे में दो लोगों की जान चली गई, जबकि 2 गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में शामिल दोनों बाइक तेज रफ्तार में थीं, जिससे आमने-सामने की टक्कर में एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। टनकुप्पा प्रखंड के बरडीहा के रहने वाले कमलेश मांझी (35) हादसे के दौरान सड़क पर गिर गए। सिर में गंभीर चोट और अत्यधिक खून के अधिक बहाव के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार 3 अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को फतेहपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को बेहतर इलाज के लिए गया रेफर किया गया। रास्ते में फतेहपुर थाना क्षेत्र के एकमा गांव निवासी धीरज कुमार (28) ने दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही फतेहपुर थाना प्रभारी प्रशांत कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। दुर्घटनाग्रस्त दोनों बाइकों को जब्त कर लिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि एक बाइक एकमा गांव से फतेहपुर की ओर जा रही थी, जबकि दूसरी बाइक पर सवार कमलेश मांझी वजीरगंज की ओर जा रहा था। दोनों बाइकों की रफ्तार तेज होने के कारण टक्कर हुई। घटना में दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए हैं।

### जांच एजेंसी ने एसवीयू व डीजीपी से की सिफारिश

**पटना।** ईडी ने सदिश से राजद के पूर्व विधायक अरुण यादव और उनकी विधायक पी किरण देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की सिफारिश विशेष निगरानी इकाई (एसवीयू) व डीजीपी से की है। केंद्रीय एजेंसी ने पीएमएलए का हवाला देते हुए इनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की सिफारिश की है। मुकदमा दर्ज होने के बाद मामले की जांच तेजी से शुरू होगी। अब दोनों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति और पद का दुरुपयोग समेत अन्य आपराधिक गतिविधि से संबंधित मामले में एफआईआर दर्ज होगी। एक माह पहले राजद के पूर्व विधायक अरुण यादव के 19 करोड़ 32 लाख की 46 अचल संपत्तियों को ईडी ने जब्त किया था।

## दो बदमाशों ने युवक पर किया जानलेवा हमला



**नवादा।** नगर थाना क्षेत्र के मिर्जापुर में एक युवक पर जानलेवा हमला किया गया। उसके गर्दन और कमर पर वार किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल की पहचान मिर्जापुर के जागेश्वर यादव के बेटे रौशन कुमार उर्फ बिल्ला के रूप में की गई है। बताया जाता है कि वह अपने दोस्त के साथ मिर्जापुर के कृष्ण गार्डन के मैदान में बैठा था। अचानक दो की संख्या में आए बदमाशों ने सबसे पहले सीधे गर्दन पर वार कर दिया। इसके बाद कमर पर भी मिला किया गया। जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों ने हल्ला किया तो दोनों हमलावर वहां से भाग गए। इसके बाद जख्मी युवक को सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जख्मी बिल्ला एक महीना पहले ही जेल से बाहर आया है। पूर्व में हथियार व डकैती के मामले में पुलिस ने नगर थाना पकड़ कर जेल भेजा था। फिलहाल इस मामले की पुलिस पूरी तरह जांच कर रही है। जख्मी ने बताया है कि मिर्जापुर मोहल्ले के अर्जुन चौधरी का बेटा गुड्डू चौधरी और सुनील चौधरी ने मेरे शरीर पर वार किया गया है और मेरी हत्या करने की कोशिश दोनों ने की है। बताया जाता है कि जुआ खेलने को लेकर विवाद हुआ था और विवाद में युवक की शरीर पर वार्ड किया गया है। जहां गर्दन और कमर पर पसली से वार किया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही नगर थाना प्रभारी अविनाश कुमार और निरंजन सिंह पहुंचकर पूरे मामला की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी अविनाश कुमार ने कहा है कि आवेदन के आधार पर मामला की जांच करते हुए कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## रिटायर महिला प्रोफेसर से 3.6 करोड़ की ठगी

### तीन दिन तक हाउस अरेस्ट किया, पुलिस वारंट लेकर पहुंचा अपराधी, छठ में रेस्ट भी दिया



**पटना** । कदमकुआं की रहने वाली रिटायर महिला प्रोफेसर ज्योति वर्मा (78) से साइबर अपराधियों ने 2 सप्ताह में 3.6 करोड़ रुपए ठग लिए। अपराधियों ने छठ के समय महिला को रेस्ट भी दिया, छठ के बाद अपराधियों ने फिर से ठगी शुरू कर दी। अंत में महिला ने हारकर अपने बेटे को इसकी जानकारी दी, जिसके बाद साइबर थाने में मामला दर्ज कराया गया। साइबर क्रिमिनल सीबीआई अधिकारी बनकर महिला का अरेस्ट वारंट लेकर घर भी पहुंचा। महिला को तीन दिन तक हाउस अरेस्ट भी किया। महिला की निगरानी करने के लिए एक साइबर अपराधी तीन दिन सीबीआई का अधिकारी बन घर में आता-जाता रहा। शुरू में महिला खुद बैंक जाकर अपराधियों के बताए खाना नंबर पर RTGS कराती थी। लास्ट में जब महिला के बैंक अकाउंट में पैसे खत्म हो गए, तब महिला ने सारी बातें अपने बेटे को बताई। दरअसल, पटना में रोड नं 5, संत ज्योसफ हाई स्कूल के बगल में रहने वाली ज्योति वर्मा ने इस घटना की जानकारी देते हुए बताया कि मुझे 5 नवंबर को दोपहर 12-01 बजे के बीच मेरे नंबर पर एक कॉल आया। सामने वाले ने कहा कि आपने ऋक से क्रेडिट कार्ड के लिए अप्लाई किया था और उसमें से 1.15 लाख रुपए खर्च भी कर दिया गया है। महिला ने कहा कि मैंने क्रेडिट कार्ड के लिए अप्लाई किया ही नहीं है। तभी मुझे किसी बड़े अफसर से बात करने के लिए जोडा गया। नकली ऊक अधिकारी ने मुझे कहा कि ज्योति वर्मा के नाम से एक केनरा बैंक, हैदराबाद में अकाउंट है। नरेश गोयल से संबंधित मनी लॉडरिंग से जुड़ा है और इसलिए आप सस्पेक्ट हैं। उसके बाद मेरे घर पर एक आदमी पुलिस वारंट लेकर पहुंचा। मैंने उस अधिकारी से कहा कि मैं सिनियर सिटीजन हूं, सामने वाले ने कहा कि बहुत सिरियस केस है। इस केस के बारे में किसी को नहीं बताइएगा, वरना पूरे परिवार को जान का खतरा है। अब आपको अपना सारा पैसा सुप्रीम कोर्ट को भेजना होगा, जिसकी निगरानी में रिर्जव बैंक ऑफ इंडिया आपके पैसों की जांच करेगा कि आपके पास ब्लैक मनी तो नहीं है। अगर आपके पास ब्लैक मनी या मनी लॉन्ड्रिंग का पैसा नहीं होगा तो आपको डरने की कोई जरूरत नहीं है। आपको अपना सारा पैसा सुप्रीम कोर्ट भेजना होगा, इसके लिए अपराधी सुप्रीम कोर्ट के लेटर हेड पर यह बातें लिखी हुई भी लेकर आया। मैं डर गई, जिसके बाद छठ के पहले एक बार मैंने बैंक जाकर उनके बताए खाते पर पैसा भेजा। अपराधियों ने मुझे छठ के दौरान रेस्ट भी दिया। छठ खत्म होते ही अपराधियों का फोन आने लगा। मैं कई बार बैंक जाकर उनके बताए खाते में पैसा भेजती रही।

मैंने कुल 13 बार में 2.95 करोड़ रुपए भेजा। मैंने और पैसा नहीं होने की बात कहीं, तब अपराधियों ने मुझे हाउस अरेस्ट कर लिया। मुझे कहीं आने-जाने की मनाही थी। यहां तक कि मेरे घर एक नकली सीबीआई ऑफिसर बनकर एक आनंद नाम का व्यक्ति मेरी निगरानी करता था। वह दिन भर में कई बार मेरे घर आता और पैसा भेजने का दबाव बनाकर चला जाता। महिला प्रोफेसर ने बताया कि अपराधियों ने मुझसे कहा कि आपका पैसा ब्लैक मनी नहीं है। आपको आपका पैसा मिल जाएगा। इसके लिए आपको 7.5 लाख रुपए और भेजना पड़ेगा। एक दिन में आपका सारा पैसा आपके खाते में सुप्रीम कोर्ट भेज देगी। मैंने फिर 7.5 लाख रुपए उनको भेज दिया। मेरा पैसा मुझे वापस नहीं मिला। मेरे खाते से सभी पैसे भी खत्म हो गए। इधर, अपराधियों का फोन आना भी बंद हो गया, जिसके बाद मैंने अपने बेटे को इसकी जानकारी दी। तब साइबर थाने में मामला दर्ज कराया गया है। साइबर थानाध्यक्ष राघवेंद्र मणि त्रिपाठी ने बताया कि ज्योति वर्मा को हाउस अरेस्ट कर उनसे 3.6 करोड़ रुपए की ठगी की गई है। पुलिस ने पीड़िता द्वारा दिए गए मोबाइल नंबर और अकाउंटस की जानकारी ली है। छानबीन की जा रही है। फिलहाल महिला अपने बेटे के पास दिल्ली चली गई है।

# प्रकृति की गोद में बसा है चांगलांग

अरुणाचल प्रदेश का चांगलांग प्राकृतिक सौंदर्य, विविधतापूर्ण संस्कृति, अनूठी परंपराओं और सुरम्य पहाड़ियों के लिए जाना जाता है। सुंदर घाटियों के बीच और ऊंचे पहाड़ों से घिरे चांगलांग की ऊंचाई 200 मीटर से 4500 मीटर है। चांगलांग मानव जाति के लिए प्रकृति के किसी उपहार से कम नहीं है। चांगलांग की लंबी पर्वत श्रृंखलाओं की गोद में पर्यटक ताजगी और सुकून महसूस करते हैं।





### चांगलांग आने का सही समय

चांगलांग में पूरे साल सुखद जलवायु रहती है। हालांकि, नवंबर से फरवरी के सर्दियों के महीने में यहां का 12 डिग्री सेल्सियस से 28 डिग्री सेल्सियस तक रहता है।

## चांगलांग के दर्शनीय स्थल

### द्वितीय विश्व युद्ध में शहीद हुए सैनिकों की कब्र



प्राचीन प्राकृतिक सौंदर्य और जीवंत संस्कृति से समृद्ध चंगलांग ऐतिहासिक युद्धों का गवाह रह चुका है। द्वितीय विश्व युद्ध में मारे गए सैनिकों के लिए यहां कब्रिस्तान बना है, जिसे जयरामपुर कब्रिस्तान के रूप में भी जाना जाता है। निराशजनक यादों और भयावहता का एक रूप चांगलांग के मैदान में दफन है जहां द्वितीय विश्व युद्ध में शहीद हुए सैनिकों की कब्र हैं। यहां दफन शहीद भारत, चीन, अमेरिका और ब्रिटेन जैसे कई देशों के हैं। यह स्थान न केवल अतीत में लिए गए मानव के गलत एवं घातक निर्णयों का साक्षी है, बल्कि आपको उस समय असहायता और नुकसान का भी सामना करवाता है।

### नामदफा नेशनल पार्क और टाइगर रिजर्व

इसे वर्ष 1983 में सरकार द्वारा एक प्रसिद्ध टाइगर रिजर्व घोषित किया गया। भारत के चांगलांग में स्थित नामदफा नेशनल पार्क एक आश्चर्यजनक पार्क है, जो बड़े पैमाने पर 1985.25 वर्ग किलोमीटर भूमि के क्षेत्र में फैला हुआ है। पराक्रमी हिमालयी पर्वतमाला के करीब स्थित यह पार्क 200 मीटर से 4500 मीटर के बीच विभिन्न ऊंचाइयों पर फैला हुआ है। वनस्पतियों और जीव-जंतुओं के अद्भुत आकर्षण के साथ इस पार्क में बाघ, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, हाथी और हिमालयी काले भालू जैसे वन्यजीवों के कुछ बेहतरीन किस्में मौजूद हैं। पर्यटकों को इस पार्क में रहने वाले जानवर बहुत आकर्षित करते हैं।

### मियाओ

नोआ-देहिंग नदी के तट पर एक छोटा सा कस्बा है मियाओ। यह चांगलांग की सबसे सुरम्य बस्तियों में से एक है। यह स्थान कुछ तिब्बती शरणार्थियों का भी घर है, जो आश्चर्यजनक डिजाइन और बेहतरीन ऊनी कालीनों का उत्पादन करते हैं। चांगलांग में स्थित मियाओ आपको अपने मंत्रमुग्ध करने वाले नजारों से विस्मित कर देगा है।

### लेक ऑफ नो रिटर्न

लेक ऑफ नो रिटर्न का न केवल नाम अनूठा है, बल्कि इसके पीछे एक दिलचस्प कहानी भी है। इतिहास के अनुसार झील द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान दुश्मनों द्वारा मारे गए हवाई जहाजों की आसान लैंडिंग में सहायता करती थी। इसी काम के लिए झील का उपयोग करने के दौरान कई एयरक्राफ्ट लैंडिंग करते समय इसी जगह पर मारे गए और इसलिए इस झील का ये नाम पड़ा।

### चांगलांग कैसे पहुंचें?

**हवाई मार्ग द्वारा:** चांगलांग का निकटतम हवाई अड्डा असम के डिब्रूगढ़ में स्थित मोहनबाड़ी है, जो शहर से लगभग 182 किमी की दूरी पर है। हवाई अड्डे से चांगलांग के लिए नियमित कैब सेवाएं उपलब्ध हैं।

**रेल मार्ग द्वारा:** चांगलांग का निकटतम रेलवे स्टेशन असम के तिनसुकिया में स्थित है, जो शहर से लगभग 141 किमी की दूरी पर स्थित है और देश के अन्य हिस्सों से अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है।

**सड़क मार्ग द्वारा:** चांगलांग बस स्टेशन देश के सभी प्रमुख हिस्सों से रोडवेज के माध्यम से जुड़ा हुआ है।

## अरुणाचल प्रदेश के प्रमुख पर्यटन और दर्शनीय स्थल



अगर आप अरुणाचल प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों की यात्रा करने की योजना बना रहे हैं तो आप निम्न पर्यटन स्थलों को अपनी यात्रा की सूची में शामिल कर सकते हैं।

### प्रमुख के पर्यटन स्थल तवांग

तवांग अरुणाचल प्रदेश का एक प्रमुख पर्यटन स्थल है, जो अपनी खूबसूरती से पर्यटकों को बेहद आकर्षित करता है। लगभग 3048 मीटर की ऊंचाई पर स्थित तवांग महत्वपूर्ण और सुंदर मठों के लिए जाना जाता है और दलाई लामा के जन्म स्थान के रूप में प्रसिद्ध है। तवांग एक ऐसी जगह है, जो आध्यात्मिकता की खुशबू में लिपटी अपनी प्राकृतिक सुंदरता से आपको रोमांचित करेगी। सुंदर आर्किड अभयारण्य और टिपी ऑर्किड अभयारण्य तवांग में घूमने की अच्छी जगहों में शामिल हैं। यात्रा के दौरान इस क्षेत्र के अनूठे व्यंजनों का लुत्फ उठाना न भूलें।

### प्रमुख दर्शनीय स्थल ईटानगर

अरुणाचल प्रदेश की राजधानी इटानगर एक प्राकृतिक स्वर्ग है, जो हिमालय के पर उत्तरी छोर पर स्थित है। हाल ही में इटानगर को सरकार द्वारा पर्यटकों के लिए खोला गया है। शहर की विरासत और आदिवासी संस्कृति, जो दशकों और सदियों पुरानी है वो आज भी यहां बरकरार है। 15 वीं शताब्दी का इटा-किला, पौराणिक गंगा झील, जिसे ग्यार सिनि और बुद्ध विहार के नाम से जाना जाता है, दलाई लामा द्वारा संरक्षित यह महत्वपूर्ण आकर्षण हैं। यहां का मौसम पर्यटकों को आकर्षित करता है। यूपिया शहर राज्य का प्रमुख आकर्षण है। आप दोनों शहरों को एक साथ कवर कर सकते हैं। आप अरुणाचल प्रदेश की यात्रा करने जा रहे हैं तो आपको इटानगर को यात्रा सूची में जरूर शामिल करना चहिए।

### घूमने लायक जगह जीरो

जीरो अरुणाचल प्रदेश में एक विचित्र पुराना शहर है, जो अपा तानी जनजाति का घर है और अपनी देवदार की पहाड़ियों और चावल के खेतों के लिए प्रसिद्ध है। जीरो में जलवायु हल्की होती है, जिससे पूरे वर्ष यात्रा करना आरामदायक होता है।

### देखने लायक जगह बोमडिला

बोमडिला अरुणाचल प्रदेश का एक सुंदर शहर है। बोमडिला कई स्थानों जैसे मंदिरों और वन्यजीव अभयारण्यों से भरपूर है। यहां पर बौद्ध और हिंदू दोनों मंदिर यहां पाए जाते है। इसके अलावा यहां पर्यटक सेब के बगीचे और ईगल नेस्ट वाइल्डलाइफ अभयारण्य की सैर भी कर सकते हैं।

### आकर्षण स्थल भालुकपोंग


भालुकपोंग अरुणाचल प्रदेश का प्रमुख पर्यटन स्थल है, जो प्रकृति प्रेमी का स्वर्ग होने के अलावा कई वन्यजीवों को एक्सप्लोर करने का मौका देता है। भालुकपोंग वातावरण से कई गतिविधियों की मेजबानी करता है। यहां जगल में बहने वाली कामेंग नदी शहर को और आकर्षक बनाती है। भालुकपोंग में आप पैदल यात्रा, ट्रेकिंग, कैंपिंग और फिशिंग का मजा ले सकते हैं। पखुई खेल अभयारण्य में बाघों, हाथी। बार्किंग डियर के साथ पक्षियों को देख सकते हैं।

### दर्शनीय स्थल रोइंग

रोइंग यहां का प्रमुख पर्यटन स्थल है, जो बर्फ से ढकीं पहाड़ियों, गहरी घाटियों, अशांत नदियों, झरने, शांत झीलों, पुरातात्विक स्थल, शांति स्थलों से भरा है। जो भी पर्यटक यहां आता है, वो कभी निराश होकर नहीं जाता। रोइंग में प्रकृति प्रेमियों के लिए कई झीलें और घाटियां हैं, जो इसे स्वर्ग बनाती हैं। भीष्मनगर किला और नेहरू उद्योग इसके ऐतिहासिक महत्व को बताते हैं।

### पर्यटन स्थल खोंसा

समुद्र तल से 1,215 मीटर औसत ऊंचाई पर, खोंसा एक सुंदर सा हिल स्टेशन है, जो प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है। खोंसा अरुणाचल प्रदेश में तिरप जिले का मुख्यालय है और यह हिमालय पर्वतमाला से घिरे तिरप घाटी में स्थित है। खोंसा के मुख्य आकर्षण धाराएं, गहरी घाटियां, घने जंगल और बर्फ से ढकी पहाड़ियां हैं, जो पर्यटकों को यहां आने के लिए मजबूर करती हैं। पूर्व में म्यांमार की सीमा के साथ खोंसा एक सैन्य क्षेत्र है।



## अरुणाचल प्रदेश का खूबसूरत कमलंग वन्यजीव अभयारण्य

अगर आप प्रकृति के करीब जाकर कुछ अलग अनुभव करना चाहते हैं, तो आप अरुणाचल प्रदेश की यात्रा का प्लान बना सकते हैं। अरुणाचल प्रदेश, भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में से एक है, जो पूर्व में भूटान, उत्तर और पूर्वोत्तर में चीन, दक्षिणपूर्व में म्यांमार और दक्षिण में असम और नागालैंड राज्यों से घिरा हुआ है। पर्यटन के लिहाज से यह राज्य काफी खास माना जाता है, जहां दूर-दूर से सैलानी अपने मनोरंजन और रोमांच को दोगना करने के लिए आते हैं। एक शानदार अवकाश के लिए आप यहां का प्लान अपने परिवार या दोस्तों के साथ बना सकते हैं। इस राज्य का इतिहास कई हजार साल पुराना है, जिसका उल्लेख हिंदू धर्म के महाकाव्यों में भी मिलता है। यहां चारों तरफ फैले पहाड़ और हरियाली को देखकर पर्यटक काफी रोमांचित हो उठते हैं। यहां स्थित बौद्ध मठ विश्व भर में प्रसिद्ध हैं, आत्मिक और मानसिक शांति के लिए यहां दुनिया भर से नामचीन लोगों का भी आगमन होता है। अरुणाचल प्रदेश में पक्षियों की 500 से अधिक प्रजातियां पाई जाती हैं, जिनमें से कई अत्यधिक लुप्तप्राय हैं। अरुणाचल प्रदेश निर्मल पहाड़ों से भरा हुआ है जो सर्दियों के दौरान पर्यटकों की यात्रा को यादगार बनाते हैं और लुहावने दृश्य प्रस्तुत करते हैं। पहाड़ी आकर्षण से अलग यहां के वन्यजीव अभयारण्य सैलानियों को काफी ज्यादा प्रभावित करते हैं। इस आलेख में जानिए अरुणाचल प्रदेश के खूबसूरत कमलंग वन्यजीव अभयारण्य के बारे में, यह अभयारण्य आपको किस प्रकार आनंदित कर सकता है।

### कमलंग वन्यजीव अभयारण्य

कमलंग वाइल्ड लाइफसेंचुरी, अरुणाचल प्रदेश का एक खूबसूरत वन्यजीव अभयारण्य है, जो राज्य के लोहित जिले में स्थित है। इस अभयारण्य को 1989 में स्थापित किया गया था। चूंकि यह आरक्षित वन क्षेत्र यहां की कमलंग नदी के आसपास विकसित है, इसलिए इसका नाम नदी के नाम पर रखा गया था। यह सेंचुरी न सिर्फ वनस्पति और जंगली जीवों को सुरक्षित आश्रय प्रदान करती है, बल्कि मिसमी, दिगारु, मिजो जैसी कई जनजातियां भी इसी अभयारण्य के आसपास रहती हैं।




इन जनजातियों को मानना है कि ये महाभारत के रुकमो नामक राजा के वंशज हैं। हालांकि इस बात में कितनी सच्चाई है, इस बात का कोई सटीक प्रमाण नहीं मिलता। उष्णकटिबंधीय और उप उष्णकटिबंधीय जलवायु क्षेत्रों में स्थित यह अभयारण्य भारत की चार बड़ी बिल्ली प्रजातियों (बाघ, तेंदुआ, स्नो लेपर्ड और क्लाउडेड लेपर्ड) का निवास स्थान भी है। कमलंग वन्यजीव अभयारण्य लोहित जिले के दक्षिण-पूर्व भाग में स्थित है और 783 वर्ग किमी के क्षेत्र में फैला है। यहां कई खूबसूरत जलाशय भी मौजूद हैं, जिनमें ग्लो झील और परशुराम कुंड काफी लोकप्रिय हैं। ये जलाशय काफी ऊंचाई पर स्थित है, जहां पहुंचने के लिए आपको ट्रेकिंग का सहारा लेना होगा। परशुराम कुंड के दर्शन करने के लिए काफी संख्या में श्रद्धालुओं का भी आगमन होता है। आगे जानिए इस अभयारण्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां।

### आने का सही समय

कमलंग वाइल्ड लाइफ सेंचुरी का भ्रमण आप किसी भी समय कर सकते हैं, यहां का मौसम सालभर शानदार बना रहता है, लेकिन यहां आने का आदर्श समय अक्टूबर से लेकर अप्रैल के मध्य का बताया जाता है, क्योंकि इस दौरान यह अभयारण्य हरियाली से भरा रहता है। इस दौरान आप यहां अपने आनंद को दोगना कर सकते हैं।

## अरुणाचल प्रदेश के जलप्रपात



पूर्वोत्तर भारत का अरुणाचल प्रदेश हमेशा से ही देश के अनन्वेषित (अनिक्स्प्लॉर्ड) स्थलों में रहा है। इसके पीछे का कारण यातायात और कनेक्टिविटी की कमी है, लेकिन इसके बावजूद इस पर्वतीय राज्य की प्राकृतिक खूबसूरती को नकारा नहीं जा सकता है। अरुणाचल प्रदेश पर्यटन के लिहाज से एक समृद्ध भूखंड है, यहां घूमने-फिरने और देखने के लिए कई शानदार स्थल मौजूद है। जायकेदार व्यंजनों से लेकर आप यहां शानदार बायोडायवर्सिटी स्पॉर्ट्स का भी आनंद उठा सकते हैं।

एक ट्रैवलर की यात्रा को यादगार बनाने के लिए यहां बहुत कुछ उपलब्ध है। यहां के जलप्रपात भी सैलानियों को काफी ज्यादा प्रभावित करते है। इस लेख में जानिए अरुणाचल प्रदेश के चुनिंदा सबसे खास जलप्रपातों के बारे में, जिन्हें आप अपनी पूर्वोत्तर की यात्रा डायरी का हिस्सा बना सकते हैं।

### नूरानंग जलप्रपात

अरुणाचल प्रदेश के जलप्रपातों की सैर आप यहां से सबसे प्रसिद्ध नूरानंग फॉल से कर सकते है। यह झरना राज्य का लोकप्रिय पर्यटन स्थल गिना जाता है। 100 मीटर की अपनी ऊंचाई के साथ यह निस्संदेह पूर्वोत्तर भारत में सबसे खूबसूरत झरनों में से एक है। इस जलप्रपात को बोंग-बोंग फॉल्स के नाम से भी जाना जाता है। नूरानंग जलप्रपात बोमडिला और तवांग को जोड़ने वाली सड़क के पास जंग से कुछ किमी की दूरी पर स्थित है। जलप्रपात के आधार पर एक छोटा विद्युत संयंत्र भी लगाया गया है। तवांग नदी से जुड़ा यह जलप्रपात चट्टानी पहाड़ियों की ढलान से नीचे गिरता है। जिसकी आवाज बहुत दूर से भी सुनी जा सकती है। इस झरने का नाम एक नूरा नाम की एक मोन्पा लड़की पर पड़ा है, जिसने 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान एक भारतीय सैनिक की मदद की थी। इसके अलावा इसके दृश्यों को बॉलीवुड की फिल्मों में भी दर्शाया गया है, अगर आपको फिल्म कोयला याद है, तो उसमें एक गीत की पृष्ठभूमि के लिए इस जलप्रपात का चयन किया गया था। यह एक खास झरना है, आपको यहां जरूर आना चाहिए।

### बिरसा मुंडा झरना

नूरानंग जलप्रपात के अलावा भी आप अरुणाचल प्रदेश के अन्य जलप्रपातों की सैर का प्लान बना सकते हैं। आप यहां के बिरसा मुंडा झरने की सैर कर सकते हैं। यह जलप्रपात राज्य के मेचुका जाने वाले रास्ते के दौरान पड़ता है। हालांकि यह एक अज्ञात झरना, जिसके विषय में अधिकांश ट्रैवलर नहीं जानते हैं। यहां तक आप स्थानीय निवासियों की मदद से पहुंच सकते हैं। प्राकृतिक खूबसूरती के मध्य बसा यह झरना आत्मिक और मानसिक शांति का अनुभव कराता है। खासकर प्रकृति प्रेमियों और फोटोग्राफी के शौकीनों के लिए यह एक आदर्श जगह है। अगर आप अज्ञात स्थलों की सैर के साथ रोमांच का शौक रखते हैं, तो यहां जरूर आएं। बिरसा मंडा जलप्रपात की खूबसूरत आपको सच में वशीभूत कर लेगी।

### बाप तेंग कांग

अगर आप अपने पर्यटन क्षेत्र का विस्तार करना चाहते हैं तो अरुणाचल प्रदेश के तवांग से 82 किमी दूर स्थित बाप तेंग कांग जलप्रपात की सैर कर सकते हैं। 100 फीट की ऊंचाई वाला यह झरना यहां के सबसे ज्यादा देखे जाने वाले पर्यटन स्थलों में से एक है, जहां सैलानी जाना पसंद करते हैं। यह झरना प्रकृति प्रेमियों को अपने अद्भुत दृश्यों के साथ आकर्षित करता है। यह जलप्रपात बीटीके वॉटरफॉल के नाम से भी प्रसिद्ध है। यहां साफ पानी आपको नहाने के लिए जरूर मजबूर करेगा। एक शानदार अनुभव के लिए आप इस स्थल को अपनी यात्रा डायरी का हिस्सा बना सकते हैं।

### सिर्की जलप्रपात

बिरसा मुंडा जलप्रपात की तरह है, सिर्की जलप्रपात एक अज्ञात झरना है, जहां ज्यादातर ट्रैवलर पहुंच ही नहीं पाते। यह जलप्रपात राज्य के पासीघाट में स्थित है। यह एक खास स्थल है, जहां आप प्राकृतिक नजारों का लुत्फ उठाने के साथ-साथ ट्रेकिंग, हाइकिंग, पिकनिक जैसी रोमांचक गतिविधियों का भी आनंद उठा सकते हैं। इसके अलावा एडवेंचर के शौकीन यमबंग और सिर्की से पासीघाट तक राफ्टिंग का रोमांचक अनुभव भी ले सकते हैं। अपनी अरुणाचल प्रदेश की यात्रा को यादगार बनाने के लिए आप यहां जरूर आएं।

### जलप्रपातों की अलावा : गंगा झील

जलप्रपातों के अलावा आप यहां जलीय आकर्षणों में राज्य की गंगा झील की सैर का प्लान भी बना सकते हैं। यह एक प्रसिद्ध झील है, जो राजधानी इटानगर से कुछ किमी दूर स्थित है। इस झील को इसके आसपास का प्राकृतिक माहौल खास बनाने का काम करता है। यहां की पहाड़ियां इस झील को जीवंत रूप प्रदान करती है। पर्यटन को ध्यान में रखते हुए यहां बोटिंग सुविधा उपलब्ध है। एक शानदार अनुभव के लिए आप यहां जा सकते हैं।

# महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी2024 : भारतीय महिला हॉकी टीम ने दोहराया इतिहास, चीन को 1-0 से हराकर फिर बनी एशियन चैंपियन


**राजगीर (एजेंसी)।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने इतिहास को दोहराया है। दरअसल, महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में चीन को 1-0 से हराकर भारत ने फिर से चैंपियन बन गया है। चीन के खिलाफ भारतीय खिलाड़ियों ने कमाल का प्रदर्शन किया और गेंद को ज्यादातर समय अपने नियंत्रण में रखा और दूसरी तरफ चीन के खिलाड़ी मैच में एक भी गोल करने में नाकामयाब रहे। भारत ने तीसरी बार एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता है और साउथ कोरिया की बराबरी कर ली है। बता दें कि, साउथ कोरिया ने भी 3 बारACT चैंपियंस ट्रॉफी का टाइटल तीन बार जीता था।

हरेंद्र सिंह के हेड कोच रहते हुए भारतीय महिला टीम ने अपना पहला खिताब जीता। वहीं भारत की तरफ से एकमात्र गोल दीपिका ने किया है। सलीमा टेटे के अगुवाई में भारतीय महिला टीम ने एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में दबदबा कायम रखा और पूरे टूर्नामेंट में एक भी मुकाबला नहीं हारा। सेमीफाइनल में भारत ने जापान को 2-0 से मात दी थी। ये तीसरी बार है जब भारत एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब अपने नाम करने में कामयाब हुआ है। इससे पहले भारत ने 2016, 2023 में ये खिताब अपने नाम किया था।

वहीं मुकाबले की बात करें तो, पहला हाफ में दोनों टीमों की तरफ से कोई गोल नहीं हुआ। हां लेकिन दूसरे हाफ के पहले ही मिनट में भारत को मिले पेनाल्टी कॉर्नर पर दीपिका ने गोल करके खचाखच भरे बिहार खेल यूनिवर्सिटी स्टेडियम में मौजूद दर्शकों में उत्साह का संचार कर दिया। दूसरे हाफ में पहले ही मिनट में लालरेम्सियामी ने पेनल्टी कॉर्नर दिलाया। इस पर पहला शॉट चूक गया लेकिन गेंद सर्कल के भीतर ही थी और नवनीत की स्टिक से डिफ्लैक्ट होकर दीपिका के पास पहुंची जिसने शानदार फ्लिक से उसे गोल के भीतर डाला। भारत के पास तीसरे क्वार्टर में ही बढ़त दोगुनी करने का सुनहरा मौका था लेकिन 42वें मिनट में मिले पेनाल्टी स्ट्रोक पर दीपिका का शॉट चीन की गोलकीपर ने दाहिनी ओर डाइव लगाकर बचा लिया।



## विराट की पोस्ट से परेशान हुए प्रशंसक



**पर्थ (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली की एक पोस्ट से उनके प्रशंसक चिंता में पड़ गये हैं। इसका कारण ये है कि पिछले कुछ समय में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। वहीं अब विराट ने अपने कपड़ों के ब्रांड रॉगन की 10वीं वर्षगांठ पर सभी को हैरान करते हुए लिखा, पीछे मुड़कर देखें तो हम हमेशा थोड़े अलग रहे हैं। हम कभी भी किसी भी बॉक्स में फिट नहीं हुए। दो बेमेल, जो बस एक-दूसरे से जुड़ गए। हम पिछले कुछ सालों में बदल गए हैं पर हमेशा अपने तरीके से काम किया है। कुछ लोग हमें पागल कहते थे; दूसरे इसे समझ नहीं पाए। उन्होंने आगे लिखा, लेकिन ईमानदारी से? हमें परवाह नहीं थी। हम यह पता लगाने में व्यस्त थे कि हम कौन हैं। 10 साल के उतार-चढ़ाव और यहां तक कि महामारी भी हमें हिला नहीं सकी। अगर कुछ भी हो, तो इसने हमें याद दिलाया अलग होना हमारी ताकत है।।

वहीं बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट से पहले पूर्व रिकी पोंटिंग ने कोहली की प्रशंसा की, उन्हें खेल का एक पूर्ण सुपरस्टार बताया, जो अपने खेलने के तरीके के प्रति बेहद भावुक हैं जिसके कारण उन्हें ऑस्ट्रेलिया में बहुत सम्मान मिला है। उन्होंने कहा, कोहली एक स्टार हैं। वह एक सुपरस्टार हैं, इतने लंबे समय से खेल के सुपरस्टार हैं। वह जिस तरह से खेलते हैं, उसके प्रति भावुक हैं। वह अपनी टीम के प्रति भावुक हैं। वह जीतना चाहते हैं और वह अपने दिल की बात कहते हैं। यही वह चीज है जो सुपरस्टार खिलाड़ी दुनिया भर में पैदा करते हैं और बनाते हैं।

## ऑस्ट्रेलिया से कमजोर नजर आ रहा भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण

**-कमिंस से भी कम हैं भारतीय गेंदबाजों के कुल विकेट**

**पर्थ (एजेंसी)।** भारतीय टीम के इस बार ऑस्ट्रेलिया दौरे में गेंदबाजी आक्रामण को लेकर सवाल उठ रहे हैं। कहा जा रहा है कि मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के अलावा बाकि गेंदबाज नये हैं और टीम में अनुभव की कमी है। ऐसे हालातों में वे ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड के सामने वे कहीं नहीं टिकते। भारतीय दल में शामिल सभी छह तेज गेंदबाजों के टेस्ट विकेट मिलाकर भी पैट कमिंस से कम हैं। कमिंस के विकेट 269 हैं जबकि भारतीय गेंदबाजों के कुल विकेट भी 265 है। इससे दोनो के बीच का अंतर पता चलता है। अपनी धरती पर ऑस्ट्रेलियाई टीम के गेंदबाज उछाल भरी पिचों पर और भी घातक हो जाते हैं। की वहीं पिच जब ऑप्टस स्टेडियम की हो तो यह तय है कि ये उसकी तेजी के कारण हावी रहेंगे हालांकि हालात भारतीय तेज गेंदबाजों के लिए भी वही होंगे पर अनुभवी की कमी उनके आड़े आ जाएगी। इसके अलावा हाल में न्यूजीलैंड के खिलाफ भातरीय गेंदबाज असफल रहे थे और उन्हें इससे भी उबरना होगा। नियमित कप्तान रोहित शर्मा के पहले टेस्ट से बाहर होने के कारण बुमराह को गेंदबाजी के साथ ही कप्तानी की भी जिम्मेदारी संभालनी होगी। उन्हें खुद सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के साथ ही अन्य गेंदबाजों से भी अनका सबसे अच्छा प्रदर्शन निकलवाना होगा। तेज गति और उछाल वाली पिच पर गेंदबाजों के लिए सही लेंथ का चुनाव सबसे अहम होता है। बुमराह के अलावा मोहम्मद सिराज ही केवल ऑस्ट्रेलिया की हालातों को कुछ जानते हैं। बुमराह कमान संभालेंगे तो सिराज को दूसरे छोर से अपना बेहतरीन प्रदर्शन करना होगा। सिराज का हालिया प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। ऐसे में अन्य गेंदबाजों का भी अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का प्रयास करना होगा। भारतीय टीम के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने हालांकि गेंदबाजी को ठीक बताया है। उन्होंने कहा, गेंदबाजों ने अभ्यास में जिस तरह से प्रदर्शन किया उससे मैं बहुत खुश हूं। उन्होंने हालातों को बहुत अच्छी तरह से समझा। मुझे लगता है कि हम 22 तारीख के लिए सही दिशा में आगे बढ़ रहे है।मोर्कल ने पिछले कुछ समय से खराब लय में चल रहे सिराज का बचाव करते हुए कहा, वह शानदार गेंदबाज और मजबूत मानसिकता वाला इंसान हैं। गेंदबाजी में उनका रवैया आक्रामक रहता है और वह भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण में शीर्ष पर हैं। मैं इस दौरे पर उनके प्रदर्शन को देखने का इंतजार कर रहा हूं। सिराज ने 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया के अपने पहले दौरे पर तीन मैचों में 29.53 औसत से 13 विकेट लिए थे।

## हार्दिक टी20 अंतरराष्ट्रीय सूची में फिर शीर्ष पर, तिलक वर्मा ने लगाई 69 स्थान की लंबी छलांग

**दुबई (एजेंसी)।** भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या बुधवार को एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टी20 ऑलराउंडर की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए जबकि उभरते हुए स्टार खिलाड़ी और टीम के उनके साथी तिलक वर्मा भी 69 स्थान की लंबी छलांग के साथ बल्लेबाजी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर हैं।

हार्दिक ने हाल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत की टी20 श्रृंखला के दौरान गेंद और बल्ले दोनों से शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड के लियाम लिविंगस्टोन और नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी को पीछे छोड़ा। हार्दिक ने चार मैच की श्रृंखला के दूसरे मैच में नाबाद 39 रन की पारी खेली जबकि चौथे और अंतिम मुकाबले में आठ रन देकर एक विकेट चटकाया जिससे भारत को 3-1 से श्रृंखला जीतने में मदद मिली।



हार्दिक दूसरी बार टी20 अंतरराष्ट्रीय ऑलराउंडर की सूची में नंबर एक बने हैं। वह इस साल आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के बाद पहली बार शीर्ष पर पहुंचे थे। पांड्या आईसीसी रैंकिंग में छलांग लगाने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी नहीं हैं। श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे वर्मा ने दो शतक की मदद से 280 रन बनाकर बल्लेबाजी रैंकिंग में 69 स्थान की लंबी छलांग लगाई है। वर्मा टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर चल रहे ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड और इंग्लैंड के फिल सॉल्ट के बाद तीसरे स्थान पर हैं। वह भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले बल्लेबाज हैं।


भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव बल्लेबाजी रैंकिंग में एक स्थान के नुकसान से चौथे पायदान पर हैं। भारत के संजू सैमसन भी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला में दो शतक की बदौलत बल्लेबाजों की रैंकिंग में 17 स्थान के फायदे से 22वें स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के एडम जम्पा और नाथन एलिस को टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों की रैंकिंग में सबसे अधिक फायदा हुआ है। भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ प्रभावी प्रदर्शन की बदौलत तीन स्थान आगे बढ़कर करियर के सर्वश्रेष्ठ नौवें स्थान पर हैं।

## बुमराह का सामना करना बेहद कठिन : हेड

पर्थ । ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटरों का मानना है कि भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह बॉडर-गावस्कर सीरीज में अहम भूमिका निभा सकतो है। ऑस्ट्रेलिया के आक्रामक बल्लेबाज ट्रेविस हेड भी उनको लेकर कितने परेशान है उसका अंदाजा हेड के सोशल मीडिया में आये इस बयान से लगाया जा सकता है जिसमें उन्होंने कहा कि बुमराह का सामना करना बेहद कठिन रहेगा। वहीं पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली ने कहा कि वह कब आकर अपनी गेंदबाजी से मैच बदल दें कहा नहीं जा सकता। बुमराह शुक्रवार से यहां शुरू हो रहे पहले टेस्ट में भारत की कप्तानी करेंगे क्योंकि नियमित कप्तान रोहित शर्मा इस मैच से बाहर हैं। आस्ट्रेलिया के कई वर्तमान और पूर्व क्रिकेटरों का मानना है कि जीत के लिए बुमराह को रोकना जरुरी होगा। बुमराह को लेकर ये डर वेवजह नहीं है। बुमराह ने पिछले दो टेस्ट दौरों पर आस्ट्रेलिया के खिलाफ 32 विकेट लिए थे। हेड ने कहा, 'उसका सामना करना बेहद कठिन है। आपको लगता है कि आप एक कदम आगे हैं लेकिन हमेशा वह आपसे एक कदम आगे निकलता है। खेल के किसी भी प्रारूप में वह सबसे अलग है। वह एक्स फैक्टर है और हर मैच में छाप छोड़ने वालों में से है। बड़े मैचों में आपको बड़े खिलाड़ी चाहिये और वह सबसे बड़ा है। वह बल्लेबाजों की परेशानी का कारण बनने वाला है। बुमराह का गेंदबाजी एक्शन भी पारंपरिक नहीं है जिससे भी उन्हें समझना कठिन होता है। वहीं सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने कहा, 'जब मैने पहली बार बुमराह का सामना किया तो मुझे लगा कि अरे यह अचानक कहां से आ गया।


## कोएत्जी, एडवर्ड्स और सुफियान को आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन पर लगी फटकार

दुबई - नीदरलैंड के कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स, ओमान के गेंदबाज सुफियान महमूद और दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाज गेराल्ड कोएत्जी को सप्ताहांत में अपने मैचों में आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया गया है। एडवर्ड्स को खिलाड़ियों और सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के दो अनुच्छेदों का उल्लंघन करते पाया गया। अनुच्छेद 2.8 जो 'अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति दिखाने' से संबंधित है और अनुच्छेद 2.2 जो 'अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या कपड़े, ग्राउंड उपकरण या फिक्स्चर और फिटिंग के दुरुपयोग' ' से संबंधित है। ओमान और नीदरलैंड के बीच तीसरे टी-20 के दौरान उनके आउट होने के बाद दोनों उल्लंघन हुए। पहली घटना उस समय हुई जब एड्वर्ड्स ने पगबाधा आउट दिए जाने पर अंपायर को अपना बल्ला दिखाया। वहीं दूसरी घटना में उन्होंने अपनी टीम के ड्रेसिंग रूम की ओर लौटते समय अपना बल्ला और दस्ताने मैदान पर फेंक दिए। प्रतिबंधों के अनुसार उन पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और दो डिमेरिट अंक प्राप्त किए गए हैं। उसी मैच में महमूद पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और उनके अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया, क्योंकि उन्हें खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 का उल्लंघन करते पाया गया। यह घटना उस समय हुई जब गेंदबाज (महमूद) ने बल्लेबाज तेजा निदामनुरु को आउट किया और उन्हें वापस उनकी टीम के ड्रेसिंग रूम की ओर इशारा करके विदा किया। एडवर्ड्स और महमूद दोनों ने अपने-अपने अपराध स्वीकार किए और आईसीसी इंटरनेशनल पैनल ऑफ मैच रेफरी के नियामुर राशिद राहुल द्वारा प्रस्तावित प्रतिबंधों को स्वीकार किया और इस तरह औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं रही। दक्षिण अफ्रीका और भारत के बीच चौथे टी-20 में गेराल्ड कोएत्जी को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 का उल्लंघन करते हुए पाया गया। कोएत्जी को इसके लिए फटकार लगाई गई और उनके अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया।



## कैरी ने इन बदलावों से हासिल किया फार्म

पर्थ । ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर एलेक्स कैरी भारत के खिलाफ 22 नवंबर से शुरु होने वाली बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी से पहले शानदार लय में आ गये हैं। कैरी ने हाल ही में घरेलू टूर्नामेंट शेफील्ड शील्ड में काफी रन बनाये हैं। कैरी के अनुसार अपनी बल्लेबाजी में किए गए सामान्य तकनीकी बदलाव से ही वह अच्छा फार्म हासिल कर पाये हैं। कैरी ने शेफील्ड शील्ड सत्र में 90.4 की औसत से 452 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक शामिल हैं। सत्र की शुरुआत में कैरी की बल्लेबाजी में बदलाव इन कारणों से आये हैं। पहला कारण यह है कि वह प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से लंबे समय से दूर हैं जिससे वह तरोताजा हुए है। दूसरा कारण तकनीकी बदलाव है जो उन्होंने गेंदबाज के गेंद छोड़ने पर बल्ले को थोड़ा ऊपर रखकर किया, जिससे उन्हें अपने स्ट्रोकप्ले को ताकत और सटीकता के साथ हिट करने के लिए अधिक समय मिला। कैरी ने ऑस्ट्रेलिया के पहले टीम प्रशिक्षण सत्र के बाद कहा, यह केवल मामूली है, लेकिन इस समय ऐसा लगता है कि मैं अच्छी स्थिति में हूं और गेंद पर काफी अच्छी तरह से प्रतिक्रिया कर रहा हूं। आप खेलते हैं और खेलते हैं और, आपको वास्तव में बहुत अधिक चीजों पर काम करने का मौका नहीं मिलता है। उन्होंने कहा, कुछ समय के लिए मैच नहीं होने के कारण मैंने अपने हाथों से थोड़ा सा खेल किया और कुछ ऐसा पाया जो अच्छा लगा और उसी के साथ आगे बढ़ा। मैंने अपने हाथों को थोड़ा ऊपर उठाया, बल्ले को आसमान की ओर उठाया और वहां से, बस प्रतिक्रिया करने की कोशिश की। यह तुरंत ही काफी अच्छा लगा, इसलिए मुझे बहुत अधिक खोज करने की आवश्यकता नहीं पड़ी। अब उनका लक्ष्य टेस्ट सीरीज में अपने फार्म को बनाये रखना है।



## नडाल ने टेनिस को अलविदा कहा , डेविस कप का अपना अंतिम मैच हारे

**मलागा (एजेंसी)।** स्पेन के टेनिस स्टार रफल नडाल ने खेल से संन्यास ले लिया है। यहां हुए डेविस कप क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड्स के हाथों स्पेन की हार के साथ ही नडाल का करियर समाप्त हो गया। अपने इस अंतिम टूर्नामेंट में नडाल को बॉटिक वैन डे जैस्चुल्प ने 6-4, 6-4 से हराया। डेविस कप के साथ ही टेनिस से विदा होते हुए 38 साल के नडाल भावुक हो ये और उन्होंने हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन करते हुए कहा कि मैं खुशकिस्मत था जो अपने शौक को करियर बना सका और इतनी सफलता हासिल कर सका। 22 ग्रैंड स्लैम जीतने वाले इस खिलाड़ी ने कहा कि डेविस कप में वह अपना पहला मैच हार गए थे और अब अपना अंतिम मैच भी हार गये। इस तरह उन्होंने एक सर्किल को पूरा कर लिया है। नडाल का नाम विश्व के महाने टेनिस खिलाड़ियों में शामिल है । पूर्व नंबर एक खिलाड़ी रहे नडाल सर्बिया के नोवाक जोकोविच के बाद दूसरे सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम जीतने वाले खिलाड़ी हैं। जोकोविच के नाम 24 खिताब हैं जबकि नडाल के नाम 22 खिताब हैं। फ्रेंच ओपन के सबसे सफल खिलाड़ी होने की वजह से उन्हें लाल बजरी का बादशाह भी कहा जाता है। 22 ग्रैंड स्लैम में से 14 खिताब उन्होंने फ्रेंच ओपन के रुप में जीते हैं। इसके अलावा 4 बार स ओपन और 2-2 बार विबंलडन और ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब अपने नाम किए। नडाल ने अपने करियर में 1080 एकल खिताब जीते हैं। इसके सात ही वह 209 हफ्तों तक लगातार वर्ल्ड नंबर 1 रहे। उनके नाम 92 एकल खिताब भी हैं।

इसके अलावा उन्होंने 2008 ओलंपिक में टेनिस के एकल में स्वर्ण पदक भी जीता था हालांकि इस बार वह फाइनल में जोकोविच से हार गये थे। उनके शानदार करियर के सम्मान में सेंटर कोर्ट पर एक समारोह का भी आयोजन किया गया था। उनके करियर की झलकियां दिखाता वीडियो जब चलाया गया तो नडाल की आंखें भर आई। समारोह के बाद नडाल ने अपने साथी खिलाड़ियों को गले लगाया और दोनों हाथों से उनका अभिवादन किया। नडाल की विदायी को लेकर स्विटजरलैंड के रोजर फेडरर और अमेरिका की सेरेना विलियम्स सहित कई दिग्गज टेनिस खिलाड़ियों ने भी उन्हें अपना संदेश देते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।



## यशस्वी पर्थ में सफल रहा तो आगे परेशानी नहीं आयेगी : शास्त्री

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच रहे रवि शास्त्री ने युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह ऑस्ट्रेलिया दौरे में और बेहतर बल्लेबाज के तौर पर उभरेगा। शास्त्री ने कहा कि अगर यशस्वी पर्थ में होने वाले पहले टेस्ट में अच्छा स्कोर करते हैं तो उन्हें अन्य मैचों में भी परेशानी नहीं आयेगी। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि ऑस्ट्रेलिया से वापसी पर वह एक बेहतर बल्लेबाज के तौर पर उभरेगा। उसकी तकनीकी और रवैया बेहद सकारात्मक रहता है। इसी कारण वह इंग्लैंड के खिलाफ सफल रहा था। वह सहजता से खेलता है जिससे गेंदबाज उसपर दबाव नहीं बना पाते। वह हालात के अनुरूप ढल जाता है। पर्थ की पिच में काफी उछाल है इसलिए यहां खेलना आसान नहीं है ऐसे में यहां सफल रहना सबसे काफ अहम होगा। इसके लिए आपको इसके लिए तैयार रहना होगा। लेकिन यहां सफल रहने पर वह आगे अच्छा ही खेलेगा। उसे ऐसी पिचें पसंद भी है और खुलकर रन बना सकता है।



यशस्वी ने इंग्लैंड के खिलाफ इस साल की शुरुआत में टेस्ट सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया था। शास्त्री ने कहा, 'वह काफी चुनौतियों का सामना करके आया है इसलिए रनों की भूख और जुनून उसकी आंखों में दिखता है। वह खेल में डूब जाना चाहता है। शास्त्री जानते हैं कि ऑस्ट्रेलिया को उसकी धरती पर हराना आसान नहीं है। उन्होंने कहा, 'यह काफी कठिन होगा। मैं तीन बार कोच के तौर पर यहां आया हूं और मुझे पता है कि आपको सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होता है। ऑस्ट्रेलिया पर दबाव बनाने के लिए शुरू से ही अच्छा खेलना होगा। मेजबानों को जरा भी अवसर नहीं दिया जा सकता। यही एक तरीका है। और कोई तरीका नहीं है।

उन्होंने कहा, 'आपको शुरू ही से समझना होगा कि मीडिया ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ ही होगा पर आप अच्छा खेलते हैं तो मीडिया आपका भी साथ देगा। वहीं विराट कोहली के खराब फॉर्म को लेकर शास्त्री ने कहा, 'मुझे लगता है कि टेस्ट श्रृंखला की शुरूआत से ही कोहली फिर से रन बनाएगा। उसे बनाना ही है और मैं उसे फिर से उसी तरह खेलते देखना चाहता हूं। ऑस्ट्रेलिया में उसने हमेशा अच्छा प्रदर्शन किया है।

## भारतीय टीम का आना बीसीसीआई नहीं सरकार पर निर्भर : शोएब अख्तर

लाहौर । पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने चैम्पयंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम के पाक दौरे से इंकार करने को लेकर कहा कि ये क्रिकेट बोर्ड नहीं बल्कि सरकार पर निर्भर है। अख्तर ने कहा, यह वास्तव में सरकारों पर निर्भर है। इसका बीसीसीआई से कोई लेना-देना नहीं है। दौरे का फैसला सरकार ही कर सकती है। इस मामले में वे ही फैसला करेंगे। इसलिए हमें उम्मीद नहीं खोनी चाहिए। हमें समाधान की उम्मीद करनी चाहिए। हम सभी जानते हैं कि आईसीसी को 95-98 प्रतिशत प्रायोजन लाभ भारत से मिलता है। भारतीय टीम के नहीं आने से पाकिस्तान आईसीसी प्रायोजन करार से मिलने वाले 100 मिलियन डॉलर खो देगा जबकि मेजबान देश कमाएगा। इसलिए अच्छा ये होगा कि भारत पाकिस्तान में आकर खेले। लेकिन यह वास्तव में सरकार पर निर्भर करता है। इसका बीसीसीआइ से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा, विराट कोहली पाकिस्तान में बेहद लोकप्रिय हैं। पूरा पाकिस्तान विराट को खेलते देखना चाहता है। कल्पना कीजिए कि वह पाकिस्तान में शतक बनाता है। यह अच्छा होगा, वह यहां शतक नहीं बनाता और जल्दी आउट हो जाता है। यह उसके लिए एक पूर्ण चक्र होगा। उन्होंने आगे कहा, पाक पर यह ठप्पा लगा है कि वह विश्व कप या चैंपियंस ट्रॉफी जैसे बड़े टूर्नामेंट की मेजबानी नहीं कर सकता। अगर यह चैंपियंस ट्रॉफी सफल होती है, तो यह बड़े आयोजनों के लिए एक कदम होगा। इसलिए मुझे भारतीय टीम के आने की उम्मीद है।



## आईपीएल नीलामी में ऋषभ को मिल सकती है सबसे अधिक रकम : उथप्पा

नई दिल्ली । पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा ने कहा है आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को आईपीएल नीलामी में सबसे अधिक 25-28 करोड़ रुपये मिल सकते हैं। दिल्ली कैपिटल्स द्वारा रिटेन न किए जाने के बाद ऋषभ पर सऊदी अरब के जेद्दा में 24 और 25 नवंबर को होने वाली नीलामी में सभी टीमों की निगाहें रहेंगी। नीलामी में उनके होने से, पंजाब किंग्स, लखनऊ सुपर जायंट्स, चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु जैसी टीमों उन पर भारी बोली लगा सकती हैं। उथप्पा ने कहा, मुझे लगता है कि ऋषभ पंत को 25-28 करोड़ के आसपास में खरीदा जाएगा। उन्हें निश्चित रूप से बड़ी रकम मिलेगी और वे इस नीलामी में सबसे अधिक भुगतान पाने वाले खिलाड़ी बनेंगे। पंत को इतनी कीमत पर खरीदना देखना दिलचस्प होगा, क्योंकि मुझे लगता है कि पंजाब किंग्स उन्हें खरीदना चाहेगी और आरसीबी भी उन्हें नेतृत्व की भूमिका और विकेटकीपर-बल्लेबाज के तौर पर खरीदना चाहेगी। वहीं भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने भी इसी तरह की राय जाहिर की। मुझे लगता है कि ऋषभ आईपीएल के इतिहास में सबसे महंगे खिलाड़ी बनने जा रहे हैं। अगर पंत और पंजाब किंग्स के बीच अच्छा तालमेल है, तो वे उन्हें खरीदने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे, नहीं तो आरसीबी ऋषभ के लिए सबसे संभावित जगह बन जाएगी। लेकिन मेरा मानना ??है कि अन्य टीमें भी पंत के लिए बोली लगाएंगी। इस मेगा नीलामी में भारतीय खिलाड़ी सबसे ज्यादा बिकने वाले हैं।उथप्पा को यह भी लगता है कि डीसी श्रेयस अय्यर को वापस खरीदने के लिए कड़ी मेहनत करेगी, जो 2015 से 2021 तक फ्रेंचाइजी के साथ थे।



## इस मैदान पर अर्शदीप सिंह का करियर फलेगा-फूलेगा : रॉबिन उथप्पा का दावा

**मुंबई (महाराष्ट्र) (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा ने कहा कि वह चाहेंगे कि लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मेगा नीलामी के दौरान तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के लिए कड़ी मेहनत करे। बाएं हाथ के युवा तेज गेंदबाज को जेद्दा में 24 और 25 नवंबर को होने वाली आईपीएल मेगा नीलामी से पहले पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) ने रिलीज कर दिया था। अर्शदीप ने 60 टी20 में भारत का प्रतिनिधित्व किया है और पहले ही 18.10 की औसत से 95 विकेट ले चुके हैं, जिससे वह टी20 में भारत के लिए सबसे सफल तेज गेंदबाज बन गए और 2022 में डेब्यू करने के बावजूद अब तक के दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। इस साल भारत की टी20 विश्व कप विजेता टीम का महत्वपूर्ण हिस्सा और टूर्नामेंट में 8 मैचों में 12.47 की औसत से 17 विकेट लेकर संयुक्त रूप से सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे।

### अर्शदीप का आईपीएल रिकॉर्ड

2019 से अपने आईपीएल डेब्यू के साल से अर्शदीप ने 65 मैचों में पंजाब किंग्स का प्रतिनिधित्व किया है, जिसमें उन्होंने 27.00 की औसत से 76 विकेट लिए हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5/32 का रहा है। इस साल सीजन में उनका अब तक का सबसे मजबूत प्रदर्शन रहा। उन्होंने 14 मैचों में 26.58 की औसत से 19 विकेट लिए।

### लखनऊ का मैदान बढ़िया होगा

रॉबिन ने कहा कि वह चाहेंगे कि एलएसजी ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस पर अपने 'राइट-टू-मैच' का इस्तेमाल करे और अर्शदीप के लिए जाए। उन्होंने कहा कि बाएं हाथ के बल्लेबाज को इकाना स्टेडियम में गेंदबाजी करना पसंद आएगा। उन्होंने कहा कि मैं आरटीएम के रूप में स्टोनिस को चुनूंगा। मैं वास्तव में अर्शदीप के लिए कड़ी मेहनत करूंगा क्योंकि यह एक ऐसा स्थान है जिसमें उसे गेंदबाजी करने में भी मजा आएगा। यह एक बड़ा स्थान है, इसलिए तेज गेंदबाज इन स्थानों को पसंद करते हैं। यह बड़ा मैदान है। पिच पर उछाल भी होती है। वह वैसे भी सामान्य परिस्थितियों में फलता-फूलता है। मुझे लगता है कि वह यहां खूब फलेगा-फूलेगा।



# यूक्रेन ने रूस में मचाई तबाही, 1690 सैनिकों को मार गिराने का दावा

एजेंसी

**कीव :** यूक्रेन ने रूस के खिलाफ अपने अब तक के सबसे बड़े आक्रमण में बड़ा सामरिक नुकसान पहुंचाने का आज दावा किया। रूस ने यूक्रेन के हमले की पुष्टि तो की पर नुकसान पर चुप्पी साध ली। यूक्रेन के सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ की रिपोर्ट में दावा किया गया कि यूक्रेन की सेना ने 19 से 20 नवंबर तक रूस के 1,690 सैनिकों को मार गिराया। इस बीच अमेरिकी ने कीव में अपने दूतावास को बंद करने का आदेश दिया है। सरकारी न्यूज एजेंसी आरबीसी यूक्रेन ने सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ की रिपोर्ट को आज साझा किया। इसमें दावा किया गया कि इसके



अतिरिक्त 91 ड्रोन, सैन्य इकाइयों के 100 वाहनों और ईंधन टैंकों को नष्ट कर दिया गया। कल शाम से आज सूरज निकलने तक मोर्चे पर दोनों देशों की सेनाओं के बीच 130 बार संघर्ष हुआ। यूक्रेन के सशस्त्र बलों ने कुर्स्क क्षेत्र में दुश्मन के 20 से अधिक प्रयासों को विफल कर दिया। यूक्रेन ने रूस के खिलाफ हमले में प्रयोग के लिए अमेरिका से मिली लंबी दूरी की मिसाइलें (एटीएसीएमएस) दागकर राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन की चिंता बढ़ा दी। पुतिन ने आनन-फानन में परमाणु हथियारों का प्रयोग करने की चेतावनी देकर देश की संप्रभुता की रक्षा करने का संकल्प दोहराया है। यूक्रेन ने माना है कि संयुक्त राज्य अमेरिका उसकी सामरिक मदद नहीं करता तो रूस को ऐसा सबक सिखाना मुश्किल था। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने फॉक्स न्यूज से कहा कि अब अगर अमेरिका सैन्य सहायता कम करने का निर्णय लेता है तो यूक्रेन इस लड़ाई में हार जाएगा। यूक्रेन की घरेलू सैन्य साजो सामान के उत्पादन की क्षमता खतरे का मुकाबला करने के लिए अपर्याप्त है। संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने 17 नवंबर को यूक्रेन को युद्ध में एटीएसीएमएस मिसाइलों के साथ रूसी क्षेत्र पर हमला करने के लिए अपनी स्वीकृति दी थी। बाइडेन के फैसले के बाद ब्रिटेन और फ्रांस ने भी रूस के खिलाफ स्टॉर्म शैडो और एससीएएलपी मिसाइलों के सशर्त इस्तेमाल की इजाजत दी है। इनका इस्तेमाल केवल कुर्स्क क्षेत्र में लक्ष्यों के खिलाफ किया जा सकता है। तास के अनुसार, पेंटागन की उप प्रेस सचिव सबरीना सिंह ने दैनिक ब्रीफिंग में रूस के ब्रांस्क क्षेत्र पर एटीएसीएमएस मिसाइलों के साथ यूक्रेन के हमले पर टिप्पणी करने से परहेज किया। उन्होंने कहा, "मुझे इस पर कोई टिप्पणी नहीं करनी।" सबरीना ने एटीएसीएमएस मिसाइलों का उपयोग करने की अमेरिकी अनुमति पर टिप्पणी करने के अनुरोध को भी अस्वीकार कर दिया।

## एक नजर

### भारत के प्रधानमंत्री मोदी पहुंचे गुयाना




**जॉर्जटाउन (गुयाना) :** भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीनों देशों के दौरे के आखिरी चरण में कुछ देर पहले गुयाना पहुंच गए। वो यहां ब्राजील का दौरा पूरा कर पहुंचे। उन्होंने अपने विदेश दौरे की शुरूआत नाइजीरिया से की थी। प्रधानमंत्री मोदी ने गुयाना पहुंचने की खुशी सचित्र एक्स हैंडल पर साझा की। उन्होंने लिखा "कुछ समय पहले गुयाना में उतरा। हवाई अड्डे पर मेरा स्वागत करने के लिए पहुंचे राष्ट्रपति डॉ. इरफान अली, प्रधानमंत्री मार्क एंथोनी फिलिप्स, वरिष्ठ मंत्रियों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों का आभार। मुझे विश्वास है कि इस यात्रा से हमारे देशों के बीच मित्रता और गहरी होगी। प्रधानमंत्री मोदी आज और कल गुयाना की राजकीय यात्रा पर रहेंगे। वो 56 साल में गुयाना की यात्रा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। उनसे पहले इंदिरा गांधी ने 1968 में गुयाना का दौरा किया था। अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी गुयाना की संसद की विशेष बैठक को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी कैरिकॉम-इंडिया शिखर सम्मेलन में भी शामिल होंगे। प्रधानमंत्री मोदी को गुयाना में कैरेबियाई देश डोमिनिका अपने सर्वोच्च सम्मान 'डोमिनिका अवॉर्ड ऑफ ऑनर' से भी सम्मानित करेगा।


### हिमालय भारत का है और हमेशा ही रहेगा : इंद्रेश कुमार

**दरंग (असम) :** भारत-तिब्बत सहयोग मंच के संस्थापक और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश कुमार ने बुधवार को कहा कि हिमालय भारत का है और हमेशा ही रहेगा। तिब्बत चीन से स्वतंत्र होना चाहिए और कैलाश-मानसरोवर को चीन की आक्रामकता से छुटकारा मिलना चाहिए। इंद्रेश कुमार गुवाहाटी के श्रीमंत शंकरदेव कलाक्षेत्र से अरुणाचल प्रदेश के तवांग तक निकाली गयी यात्रा के सिपाझार स्थित नारिकली शिवमंदिर पहुंचने पर आयोजित स्वागत समारोह को संबोधित कर रहे थे। तीर्थयात्रियों का स्वागत स्थानीय परंपरा के अनुसार असमिया और बिहू नृत्य प्रस्तुत कर किया गया और स्थानीय व्यजंन भी परोसे गए। स्वागत समारोह में मंच के असम प्रांत के उपाध्यक्ष राणा वशिष्ठ, सिपाझार के विधायक डॉ. परमानंद राजवंशी समेत कई गण्यमान्य मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि पिछले डेढ़ वर्ष से भारत-तिब्बत सहयोग मंच तिब्बत को भारत के साथ एकीकृत करने के लिए यह जागरुकता कार्यक्रम चला रहा है।

### दिल्ली सरकार के दफ्तरों में वर्क फ्रॉम होम का निर्णय

**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में लगातार दूषित हो रही हवा ने लोगों का जीना हराम कर दिया है। इससे दिल्ली सरकार के हाथ-पांव फूले हुए हैं। तमाम तरह के प्रतिबंध लागू हैं। अब दिल्ली सरकार ने सरकारी दफ्तरों में वर्क फ्रॉम होम का निर्णय लिया है। दिल्ली के पर्यावरणमंत्री गोपाल राय ने एक्स पर आज लिखा, " प्रदूषण कम करने के लिए दिल्ली सरकार ने सरकारी दफ्तरों में वर्क फ्रॉम होम का लिया निर्णय। 50 प्रतिशत कर्मचारी करेंगे घर से काम। इसके इम्पलिमेंटेशन के लिए सचिवालय में आज दोपहर 1 बजे अधिकारियों के साथ होगी बैठक।" इससे पहले गोपाल राय ने मंगलवार को केंद्रीय पर्यावरणमंत्री भूपेंद्र यादव को चिट्ठी लिखी थी। राय ने कहा था कि एक्सपर्ट से चर्चा के बाद यह बात सामने आई है कि अब वह समय आ गया है कि यदि हमें इस स्माग की चादर को तोड़ना है तो हमें कृत्रिम वर्षा करवानी पड़ेगी।

## दिल्ली की हवा में मामूली सुधार, एक्यूआई 422 दर्ज



एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली की हवा में कल के मुकाबले बुधवार को मामूली सुधार हुआ है। हालांकि दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक अब भी गंभीर श्रेणी में बना हुआ है। बुधवार को दिल्ली का औसत एक्यूआई 422 दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक वजीरपुर में 464, मुंडका में 462, द्वारका में 400 एक्यूआई दर्ज किया गया । चांदनी चौक में 388, लोधी रोड में 375 के आसपास एक्यूआई दर्ज किया गया। उल्लेखनीय है कि एक्यूआई 0 से 50 के बीच 'अच्छा' माना जाता है। वहीं, 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम' और 201 से 300 के बीच 'खराब' माना जाता है। अगर एक्यूआई 301 से 400 के बीच है तो इसे 'बेहद खराब' की श्रेणी में माना जाता है। वहीं 401 से 500 के बीच एक्यूआई को 'गंभीर' माना जाता है।

## महाराष्ट्र के धुले जिले में पुलिस ने 10 हजार किलो चांदी की ईंटें जब्त की

एजेंसी

**मुंबई :** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने कड़ी चौकसी और वाहनों की जांच के दौरान को बुधवार को एक वाहन से 10 हजार किलोग्राम चांदी की ईंटें जब्त की हैं। इसकी कीमत 94 करोड़ रुपये से अधिक बताई गयी है। धुले की थाने की पुलिस इसकी गहन जांच में जुट गई है। राज्य के धुले जिला के पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शिरपुर तालुका के थारनेर गांव में आज धुले की एक पुलिस टीम वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान एक कंटेनर वाहन से 10 हजार किलोग्राम चांदी की ईंटे जब्त कीं। इसकी कीमत 94 करोड़ रुपये अधिक बतायी जा रही है। पुलिस के




अनुसार धुले पुलिस स्टेशन की टीम को शहर में बड़े पैमाने में चांदी आने की गोपनीय जानकारी मिली थी। इसके आधार पर पुलिस नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहन की जांच कर रही थी। इसी जांच के बाद उस वाहन में चांदी की ईंटें मिलीं, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। इस बाबत नासिक के विशेष पुलिस महानिरीक्षक दत्तात्रेय कराले ने बताया कि पुलिस ने शिरपुर में एक बड़े कंटेनर से 94.68 करोड़ रुपये मूल्य की 10 हजार किलोग्राम की चांदी की ईंटें (सिल्लियां) बरामद की गई हैं। पुलिस की टीम बरामद हुई चांदी किस लिए लाई गई थी, इसकी जांच में जुट गई है। गौरतलब है कि आज पूरे महाराष्ट्र में राज्य की 288 विधानसभा सीटों के लिए मतदान हो रहा है।

## दो नाबालिग बहनों की इंस्टाग्राम से शुरू हुई कहानी सुसाइड पे हुई खत्म


एजेंसी

**उदयपुर :** दो नाबालिग लड़कियों के लिए इंस्टाग्राम बना मौत का ग्रास । दो नाबालिग बहनों द्वारा सुसाइड करने का मामला सामने आया। दरअसल, इस दुखद घटना के पीछे 800 किलोमीटर दूर यूपी के हापुड़ में बैठा 19 साल का युवक शहबाज बताया जा रहा है । बताया जा रहा है कि उत्तर प्रदेश के हापुड़ में रहने वाले 19 वर्षीय शहबाज ने इंस्टाग्राम पर दो नाबालिग बहनों से दोस्ती कर उन्हें अपनी हवस का शिकार बनाने की कोशिश की। हालांकि इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और कोर्ट ने आरोपी को 22 नवंबर तक पुलिस रिमांड पर लिया गया है। बता दें कि आरोपी शहबाज हापुड़ जिले के हाफिजपुर का रहने वाला है और एक कारपेंटर का काम करता है। वह आठवीं




कक्षा तक पढ़ा हुआ है। शहबाज अपने मजदूर पिता तहसीन की नौ संतानों में सबसे छोटा था। इस पूरे मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए बताया कि आरोपी ने दोनों लड़कियों से इंस्टाग्राम पर दोस्ती की और फिर धीरे-धीरे उनका शारीरिक शोषण करना शुरू कर दिया। उसने दोनों किशोरियों को ब्लैकमेल करना शुरू किया और उसके पास कुछ निजी तस्वीरें थीं, जिनका डर दिखाकर उसने उनसे पैसे भी ऐंठना शुरू कर दिया । जिसके बाद आरोपी के ब्लैकमेल करने और आरोपी के उत्पीड़न से तंग आकर दोनों किशोरियों ने आत्महत्या कर ली। हालांकि पुलिस द्वारा पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह दोनों बहनों से अब तक कई हजार रुपए भी ऐंठ चुका था। शहबाज जो कि 800 किमी दूर बैठकर इस अपराध को अंजाम दे रहा था । इस घटना के माध्यम से यह भी सिद्ध होता है कि सोशल मीडिया के जरिए अपराधियों के लिए अपना शिकार बनाना कितना आसान हो गया है।

## पीओके में अशांति के बादल पांच दिसंबर से बंद का एलान



एजेंसी

**मुजफ्फराबाद :** पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में राष्ट्रपति अध्यादेश का विरोध तेज हो गया है। अध्यादेश के खिलाफ शुरू आंदोलन के दौरान रावलकोट और मीरपुर में हुई गिरफ्तारियों से पीओके में अशांति के बादल मंडराने लगे हैं। संयुक्त पीपुल्स एक्शन कमेटी ने पांच दिसंबर से पीओके में एक बार फिर बंद (हड़ताल) का आह्वान किया है। एआरवाई न्यूज चैनल के अनुसार संयुक्त पीपुल्स एक्शन कमेटी ने कहा कि राष्ट्रपति अध्यादेश को समाप्त कर चार्टर को लागू किया जाए। इस अध्यादेश में हर तरह के विरोध प्रदर्शन के लिए प्रशासन की अनुमति लेना अनिवार्य कर दिया गया है। पीओके के लोगों ने इससे पहले सस्ती बिजली और आटे की मांग को लेकर मई में चक्काजाम हड़ताल की थी। इस दौरान रावलकोट, मीरपुर और क्षेत्र के अन्य इलाकों में सभी व्यापार केंद्र, कार्यालय और शैक्षणिक संस्थान बंद रहे।

## विश्व सी.ओ.पी.डी दिवस पर जन जागरूकता रैली निकालकर ब्रेथ ईजी ने किया लोगों को जागरूक

एजेंसी

**नई दिल्ली :** ब्रेथ ईजी चेस्ट अस्सी वाराणसी द्वारा विश्व सी.ओ.पी.डी दिवस (20 नवम्बर 2024) के उपलक्ष में प्रातः 8 बजे एक जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस जन जागरूकता रैली की शुरूआत डॉ एस. के पाठक (वरिष्ठ टी.बी, श्वांस एवं फेफड़ा रोग विशेषज्ञ) व श्रीमती सुनीता पाठक (निदेशिका, ब्रेथ ईजी) ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया कब्रेथ ईजी अस्सी, वाराणसी से शुरू की गयी स्वास्थ्य जन जागरूकता रैली, लंका-दुगाकुंड - सोनारपुरा मार्ग से होते हुए अस्सी घाट पे समाप्त हुई। इस




रैली में शहर के 200 से भी ज्यादा युवा, सम्मनित नागरिक व ब्रेथ ईजी चेस्ट फाउंडेशन फॉर ह्यूमैनिटी के सदस्य ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। रैली के तदोपरांत डॉ. एस.के पाठक के नेतृत्व में एक पेशेंट एजुकेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसमे डॉ पाठक ने बताया कि झ आज वायु प्रदूषण दुनिया की एक बड़ी समस्या में से एक है। कई बीमारियों का कारण वायु प्रदूषण है। दमा, सीओपीडी, एलर्जी और फेफड़े की अन्य बीमारियों का मुख्य कारण वायु प्रदूषण ही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन) के अनुसार विश्व के 15 सबसे प्रदूषित शहरों में 14 शहर भारत के हैं, जिसमे नयी दिल्ली तो हैं ही साथ में अपना बनारस, कानपुर और गाजियाबाद के बाद तीसरे सबसे ज्यादा प्रदूषित शहरों की लिस्ट में है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार प्रतिवर्ष लगभग एक करोड़ 20 लाख मौतें पर्यावरण प्रदूषण के कारण हुई हैं। रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में हर 10 व्यक्तियों में से 9 व्यक्ति प्रदूषित हवा में सांस लेते हैं। लगभग 42 लाख लोग वायु प्रदूषण की वजह से मौत के शिकार हुए और 38 लाख लोगों की मौत कुकिंग और प्रदूषित ईंधन के कारण हुई। भारत में वायु प्रदूषण के कारण हर साल लगभग 12 लाख मौतें होती हैं। यदि व्यापक रोकथाम न हुई तो यह आंकड़ा सन 2050 तक 36 लाख मौतों को पार कर जाएगा। डॉ पाठक ने मरीजों को आगे बताया कि इस बीमारी में ब्रोन्कीअल ट्यूब में सूजन आने के कारण फेफड़ों में बलगम की समस्या शुरू हो जाती है, मरीज को हमेशा खांसी रहती है व सांस लेने में परेशानी होती है या सांस छोटी आती है। इसके लक्षण अस्थमा से मिलने के कारण कई बार लोग सीओपीडी को अस्थमा समझ बैठते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### राजस्थान में फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' टैक्स फ्री



**जयपुर :** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने फिल्म द साबरमती रिपोर्ट को प्रदेश में टैक्स फ्री करने की घोषणा की है। बुधवार को उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट यह जानकारी दी।मुख्यमंत्री शर्मा ने लिखा, यह फिल्म इतिहास के उस भयावह काल-खंड को यथार्थ रूप में दर्शाती है, जिसे कुछ स्वार्थी तत्वों ने अपने निहित स्वार्थों की पूर्ति के लिए विकृत करने का कुत्सित प्रयास किया। हमारी सरकार ने द साबरमती रिपोर्ट फिल्म को राजस्थान में कर-मुक्त (टैक्स फ्री) करने का सार्थक निर्णय किया है। उन्होंने आगे लिखा, ह्ययह फिल्म न केवल तत्कालीन व्यवस्था की वास्तविकता को प्रभावशाली रूप से उजागर करती है, बल्कि उस समय प्रचारित किए गए भ्रामक एवं मिथ्या नैरेटिव का भी खंडन करती है। इस दुर्भाग्यपूर्ण एवं हृदयविदारक घटना को फिल्म में अत्यंत संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत किया गया है। यह फिल्म इसलिए भी अवश्य देखी जानी चाहिए क्योंकि अतीत का गहन एवं विवेचनात्मक अध्ययन ही हमें वर्तमान को समझने और भविष्य के लिए मार्गदर्शन प्रदान कर सकता है। उल्लेखनीय है कि फिल्म द साबरमती रिपोर्ट में गुजरात की एक सच्ची घटना (गोधरा कांड) पर आधारित है। बताया जा रहा है कि इस फिल्म में सच को सामने लाने की कोशिश की गई है। यह घटना 27 फरवरी 2002 की सुबह गोधरा रेलवे स्टेशन के पास साबरमती एक्सप्रेस में घटित हुआ थी। इस फिल्म के माध्यम से न केवल इतिहास बल्कि उस वक्त के सामाजिक और राजनीतिक संदर्भ को भी दिखाया गया है। इस फिल्म में विक्रांत मैसी, राशि खन्ना और रिद्धि डोगरा लीड रोल में हैं। फिल्म का निर्देशन धीरज सरना ने किया है। शोभा कपूर, एकता कपूर, अमूल वी. मोहन, और अंशुल मोहन ने प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म 15 नवंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है।

### ऑडियो टेप पर महाविकास आघाड़ी व कांग्रेस को स्पष्टीकरण देना चाहिए : भाजपा

**नई दिल्ली :** महाराष्ट्र में आज 288 विधानसभा सीटों के लिए मतदान हो रही है। इस बीच भाजपा ने आरोप लगा या है कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में विपक्ष बिटकॉइन घोटाले के पैसे का इस्तेमाल कर रहा है। भाजपा ने कहा कि सुप्रिया सुले और नाना पटोले के ऑडियो टेप पर महा विकास आघाड़ी और कांग्रेस को स्पष्टीकरण देना चाहिए। भाजपा मुख्यालय में बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता में पार्टी प्रवक्ता और सांसद संबित पात्रा ने कहा कि सुप्रिया सुले के ऐसे 4 ऑडियो सामने आए हैं। आज सुप्रिया सुले कह रही हैं कि ये आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जनरेट किया गया है। वे इस टेप की आवाज को अपनी नहीं मान रही, जबकि उनके अपने भाई कह रहे हैं कि यह उनकी ही आवाज है। उन्होंने कहा कि ऑडियो टेप में साफ तौर पर सुन सकते हैं कि सुप्रिया सुले क्या निर्देश दे रही हैं और सिर्फ सुप्रिया सुले ही नहीं, नाना पटोले को भी सुन सकते हैं कि वह किस तरह कमिश्नर अमिताभ गुप्ता को निर्देश दे रहे हैं। संबित पात्रा ने कहा कि जिस तरह से कथित तौर पर ये चीजें हो रही हैं और इसमें करोड़ों रुपये शामिल हैं, हम चाहते हैं कि राहुल गांधी इस पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करें और अपनी तरफ से स्पष्टीकरण भी दें कि क्या उन्होंने निर्देश नहीं दिए थे नाना पटोले को? सुप्रिया सुले को? ये 235 करोड़ रुपये का लेन-देन दुबई से हो रहा है, इसके पीछे की हकीकत क्या है? कांग्रेस को लोगों जवाब देना चाहिए। इससे पहले मंगलवार रात भाजपा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की, जिसमें पार्टी प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने डीलर, अमिताभ गुप्ता, सुप्रिया सुले, नाना पटोले की बातचीत का ऑडियो शेयर किया। उन्होंने पूछा- डीलर जिनकी बात कर रहा है, वे बड़े लोग कौन हैं? उल्लेखनीय है कि पुणे के पूर्व आईपीएस अधिकारी रवींद्र नाथ पाटिल ने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में बिटकॉइन घोटाले का पैसा इस्तेमाल हो रहा है।

### भारत के थल सेनाध्यक्ष का आज से पांच दिवसीय नेपाल भ्रमण

**काठमांडू :** भारत के थल सेनाध्यक्ष उपेन्द्र द्विवेदी बुधवार को नेपाल पहुंच रहे हैं। वह नेपाली सेना के मानद महारथी का पद प्राप्त करने के लिए नेपाल आने वाले हैं। नेपाली सेना के मुताबिक 21 नवंबर को राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल द्वारा उन्हें मानद महारथी का दर्जा देने का कार्यक्रम है। नेपाल और भारत में एक-दूसरे के सेना प्रमुखों को मानद महारथी सम्मान से सम्मानित करने की परंपरा है। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए भारतीय सेना प्रमुख भी नेपाल आने वाले हैं। वह 24 नवंबर तक नेपाल में रहेंगे। अपने पांच दिवसीय नेपाल भ्रमण के दौरान वह राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल, प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली, रक्षा मंत्री मनवीर राई और नेपाली सेना प्रमुख अशोक राज सिगदेल के साथ औपचारिक बैठक करेंगे। आज दोपहर सेना के विशेष विमान से उनके नेपाल पहुंचने पर काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय विमानस्थल पर अतिविशिष्ट कक्ष में नेपाली सेना के उपप्रमुख द्वारा उनका स्वागत किया जाएगा। विमानस्थल से सीधे वह सैनिक मंच टुंडीखेल जाएंगे और वीर स्मारक पर श्रद्धा-सुमन अर्पित करेंगे। औपचारिक और शिष्टाचार मुलाकातों के अलावा नेपाल सेना के प्रधान सेनापति के साथ द्विपक्षीय सहयोग पर बैठक में शामिल होंगे। इसके अलावा कमांड एंड स्टाफ कॉलेज के छात्रों के साथ बातचीत और वेस्ट कमांड मुख्यालय का दौरा करने का भी उनका कार्यक्रम है। नेपाल और भारत के बीच सन 1950 से ही एक-दूसरे के सेना प्रमुख को अपने देश के सेना प्रमुख की मानद उपाधि देने की परंपरा है।

### बदलते मौसम में भी श्रीराम सुपर 5, एसआर 5 और 303 गेहूं बीज से मिल रहे किसानों को बेहतर परिणाम

**पटना :** बिहार में गेहूं की खेती में श्रीराम फार्म सॉल्यूशंस द्वारा विकसित श्रीराम सुपर 5 एसआर 05 और 'श्रीराम सुपर 303' गेहूं बीजों ने उल्लेखनीय परिवर्तन लाया है। इन उन्नत किस्मों ने किसानों के बीच उच्च उपज, रोग प्रतिरोधकता और विभिन्न जलवायु परिस्थितियों में अनुकूलता के लिए ख्याति प्राप्त की है। श्रीराम फार्म सॉल्यूशंस के विश्वविख्यात गेहूं वैज्ञानिकों द्वारा तैयार की गई गेहूं की किस्में, श्रीराम सुपर 5 एसआर 05 और श्रीराम सुपर 303, इनकी अनुकूलन क्षमता और बेहतरीन उत्पादकता के चलते किसानों में बहुत लोकप्रिय हैं। सबसे खास बात यह है कि बदलती प्रकृति से उभरी नई-नई चुनौतियों में भी इन किस्मों का परिणाम श्रेष्ठ है। अधिक तापमान और बीमारियों के प्रति सहनशीलता, कल्लों की संख्या अधिक, बड़े-सुनहरे दाने, उपयुक्त फसल की ऊंचाई और गिरने की समस्या कम होने के कारण ये बिहार, उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा में गेहूं के किसानों की पहली पसंद बन रहे हैं। बिहार के कुछ क्षेत्र में धान की फसल कटने पर गेहूं की देर से बुवाई होती है, इस कारण इस क्षेत्र के किसानों की प्रति एकड़ गेहूं की उपज देश के अन्य प्रांतों की अपेक्षा बहुत कम है। श्रीराम सुपर 303 गेहूं की किस्म कम अवधि में भरपूर उत्पादन देने के साथ बीमारियों के प्रति भी सहनशील है। आवदेश पासवान, कटिहार से एक किसान का कहना है कि श्रीराम सुपर 5 एसआर 05 में कई विशेषताएं देखने को मिली, जैसे अधिक कल्लों की संख्या (12-14 कल्ले प्रति पौधा), वजनदार लंबी बालियां, 75-80 दाने प्रति बाली और अधिक उपज क्षमता। पौधे की उपयुक्त ऊंचाई 88-90 से.मी. होने की वजह से इसमें गिरने की शिकायत नहीं आती। इस साल मार्च महीने में अचानक अधिक तापमान होने के बावजूद श्रीराम सुपर 5 एसआर 05 की अधिक उत्पादकता और बेहतर गुणवत्ता वाली फसल को देखकर वे बेहद प्रसन्न हैं और इस वर्ष भी श्रीराम सुपर 5 एसआर 05 गेहूं बीज की ही बुवाई करेंगे।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 9386895799, 9507466535, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902